खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

लखनऊ, शनिवार 14 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 100 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 25 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश : योगी

पेज 2



जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सबसे बड़ा उलटफेर किया

खेल टाइम्स




नई प्रजातियों की खोज समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक नई उपलब्धि

सम्पादकीय



बांग्लादेश में दो दशक बाद बीएनपी की बड़ी जीत

पेज 12

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में स्थिर गति से होगा सुधार!

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान को शुक्रवार सुबह बधाई देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पड़ोसी नेता के साथ संबंध विकसित करने के लिए व्यक्तिगत तौर पर प्रयास कर सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार के साथ भारत की असहजता जगजाहिर रही है। संबंध तब और निचले स्तर पर पहुंच गए थे जब यह संदेह जताया गया था कि वर्तमान शासन ने बांग्लादेश में भारतीय मिशनों के बाहर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए थे, जिनमें हमले की घटनाएं भी शामिल थीं। हालांकि, विश्लेषकों को तुरंत बहुत अधिक आत्मीयता बढ़ने की उम्मीद नहीं है, बल्कि वे एक नपे-तुले और व्यवस्थित दृष्टिकोण की आशा करते हैं।

**पड़ोसी नेता के साथ संबंध विकसित करने को व्यक्तिगत तौर पर प्रयास कर सकते हैं पीएम मोदी**



वहीं श्री रहमान द्वारा भारत के साथ संबंधों को सुधारने में बहुत तेजी दिखाने की भी संभावना कम है। बांग्लादेश की घरेलू राजनीति में भारत-विरोधी भावना लंबे समय से एक शक्तिशाली राजनीतिक हथियार रही है। भारत के साथ बहुत अधिक उत्सुकता दिखाने की किसी भी धारणा से उनके राजनीतिक विरोधियों को हथियार मिल सकता है, जो नई सरकार को राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता करने वाली सरकार के रूप में चित्रित करने की कोशिश करेंगे। नतीजतन, दो सबसे संवेदनशील द्विपक्षीय मुद्दों, व्यापार और नदी जल बंटवारे, पर स्थिर प्रगति होने की उम्मीद है। बांग्लादेश ने लगातार बाजार तक व्यापक पहुंच और लंबे समय से लंबित जल-बंटवारा समझौतों के समाधान की मांग की है। भारत अपनी ओर से सुरक्षा सहयोग और क्षेत्रीय रणनीतिक तालमेल के बारे में चिंतित रहता है। एक प्रमुख बांग्लादेशी बुद्धिजीवी और संपादक जफर शोभन का तर्क है कि आने वाली बीएनपी सरकार के सामने विदेश नीति के पुनर्गठन के अलावा भी कई चुनौतियां हैं। वह कहते हैं कि भारत के साथ संबंध निश्चित रूप से उनमें से एक है, लेकिन यह कई बड़ी परीक्षाओं में से केवल एक है। दूसरी बड़ी चुनौती अवामी लीग के राजनीतिक भविष्य को संभालना होगा। बीएनपी ने लंबे समय से अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पर प्रतिबंधों की मांग की है।

## मोदी ने तारिक रहमान से की बात, जीत पर दी बधाई

**कहा: बांग्लादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों में भारत साथ**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के प्रमुख तारिक रहमान से बात कर उन्हें बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के लोगों की शांति और प्रगति के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए श्री रहमान को बांग्लादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके प्रयासों के लिए समर्थन और शुभकामनाएं दीं। बाद में श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तारिक रहमान से बातचीत कर अत्यंत प्रसन्नता हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश के हाल के चुनावों में मिली उल्लेखनीय विजय पर बधाई दी। मैंने बांग्लादेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं और समर्थन व्यक्त किया। गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों वाले दो निकट पड़ोसी देशों के रूप में, भारत दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता दोहराता है।

## उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** देश में फरवरी के दूसरे हफ्ते में मैदानी राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पारा 30 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर चुका है। इन राज्यों में कई जिलों में तेज गर्मी पड़ रही है और सुबह-शाम सर्दी हो रही है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में पारा 31 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं मध्य प्रदेश के 15 शहरों में तापमान ने 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दक्षिण भारत के कर्नाटक में शुक्रवार को गर्मी का अलर्ट था। हिमालय के राज्यों में उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। गुरुवार को सबसे कम तापमान मुनस्यारी में माइनस 26 डिग्री रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी, संयुक्त निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोर्स कोऑर्डिनेटर पदों की चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सुनील कुमार बिसेन को निलंबित कर दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या लापरवाही प्रमाणित होने पर उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। निलंबन अवधि में वे निदेशालय से संबद्ध रहेंगे तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करेंगे। चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी की एक गोपनीय शिकायत विभागीय मंत्री असीम अरुण को प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर जांच कराई गई। जांच के दौरान संयुक्त निदेशक की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इतना ही नही जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों का मूल अभिलेखों से समुचित सत्यापन नहीं किया गया।

### महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर घिरे दयानिधि मारन

**मुजफ्फरपुर।** उत्तर भारत की महिलाओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के सांसद दयानिधि मारन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए 23 फरवरी 2026 को व्यक्तिगत रूप से (सदेह) उपस्थित होने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, हाल में दिए एक बयान में दयानिधि मारन ने कथित तौर पर उत्तर भारत की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आरोप है कि उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की महिलाएं केवल घर का काम और बच्चों को जन्म देने तक सीमित हैं, जबकि तमिलनाडु की महिलाएं अधिक शिक्षित, कामकाजी और सर्वगुण संपन्न हैं। इस बयान के बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में नाराजगी देखी गई।

### सरकार की 25 लाख टन गेहूं व चीनी निर्यात को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को 25 लाख टन गेहूं के निर्यात के साथ-साथ 5 लाख टन गेहूं उत्पादों और चीनी के निर्यात की अनुमति दी। यह कदम पर्याप्त स्टॉक की स्थिति को देखते हुए उठाया गया है। यह फैसला घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को पर्याप्त लाभ दिलाने के लिए लिया गया है। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और कीमतों के आकलन के बाद यह निर्णय लिया गया है। अभी निजी संस्थाओं के पास 2025-26 के दौरान गेहूं का स्टॉक लगभग 75 लाख टन है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है, जो देश में पर्याप्त आपूर्ति स्थिति का संकेत देता है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में कुल गेहूं की उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्यात अनुमतियों से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट गंभीर

## जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा की जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि अब मणिपुर या गुवाहाटी हाईकोर्ट इन मामलों की निगरानी करें। साथ ही, सरकार को पीड़ितों के पुनर्वास के लिए बनी कमेटी की सिफारिशें जल्द लागू करने का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मणिपुर में 2023 में हुई जातीय हिंसा के मामलों पर सुनवाई की। कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया कि वह जातीय हिंसा से जुड़ी 11 एफआईआर की जांच पर दो हफ्ते के अंदर स्टेटस रिपोर्ट पेश करे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बजाय मणिपुर हाई कोर्ट या गुवाहाटी हाईकोर्ट को इन मामलों के ट्रायल और जांच की निगरानी करनी चाहिए। बेंच के अनुसार, मणिपुर हाईकोर्ट में अब नए चीफ जस्टिस -शेष पृष्ठ दो पर

**कहा: मणिपुर या गुवाहाटी हाईकोर्ट इन मामलों की निगरानी करें**



### हिमाचल में पंचायत चुनाव की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को पंचायत और नगर पालिका चुनावों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को स्वीकार कर लिया और चुनाव कराने की समय सीमा बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया 31 मई, 2026 तक या उससे पहले पूरी करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि आरक्षण सूची को 31 मार्च, 2026 तक अंतिम रूप देकर लागू कर दिया जाए। महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) अनूप रतन ने बताया कि शीर्ष न्यायालय ने एसएलपी स्वीकार कर ली है और राज्य में पंचायत चुनाव की समय सीमा बढ़ा दी है। इससे पहले उच्च न्यायालय ने राज्य को 28 फरवरी तक आरक्षण सूची जारी करने और 30 अप्रैल, 2026 से पहले चुनाव कराने का निर्देश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर की थी।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किसानों के हक में, राहुल उन्हें भड़का रहे: गोयल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले: अमेरिका के साथ समझौते से देश के किसानों को फायदा होगा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को पूरी तरह देश के किसानों के हित में बताते हुए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर इस समझौते को लेकर किसानों को गुमराह करने और उन्हें आपस में भिड़ाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

श्री गोयल ने कहा है कि अमेरिका के साथ समझौते से देश के किसानों को फायदा होगा, खेती के सामान का ज्यादा निर्यात होगा और उनके उत्पादों मांग बढ़ेगी, जिससे कीमतें बढ़ेंगी और किसानों की खुशहाली होगी। उन्होंने किसानों को समझौते को लेकर आश्वस्त किया है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा किसानों के साथ हमदर्दी रखते हैं तथा समझौते में देश के किसानों के हित को सबसे ऊपर रखा गया है। श्री गोयल ने शुक्रवार तड़के जारी एक बयान में कहा कि राहुल गांधी जी को मिथ्याचार की आदत है। उन्हें भारत मां या हमारे किसानों और युवाओं की भलाई की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने जारी एक वीडियो में, झूठ बोलने और बेबुनियाद आरोप लगाने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

### लोकसभा में हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगे

**संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित, भाजपा ने कहा: सत्ता पाने को देश का बंटवारा चाहते थे राहुल**

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है। पहला- 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। इधर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाए कि वे सत्ता पाने के लिए देश के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे थे।

# साउथ ब्लॉक ब्रिटिश हुकूमत का प्रतीक: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गुलामी की मानसिकता से निकलना जरूरी, पीएमओ की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए बोले पीएम**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ से कर्तव्य भवन 1 और 2 का उद्घाटन किया। साथ ही डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आजादी के बाद साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक में कई अहम फैसले हुए और नीतियां बनीं लेकिन ये इमारतें ब्रिटिश शासन की हुकूमत की प्रतीक थीं। इनका मकसद भारत को सदियों तक गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखना था। इनसे निकलना जरूरी था। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब कोलकाता शहर देश की राजधानी हुआ करता था। 1905 के बंगाल विभाजन के दौर में कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रबल केंद्र बन चुका था। इसलिए 1911 में अंग्रेजों ने भारत की राजधानी को दिल्ली शिफ्ट किया। उसी के बाद अंग्रेजी हुकूमतों की जरूरतों और उसकी सोच को ध्यान में रखकर नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतें बनी। मोदी ने कहा कि भवन ब्रिटेन के महाराज के सोच को गुलाम भारत की जमीन पर उतारने का माध्यम था। रायसीना हिल्स को इसलिए चुना गया ताकि ये इमारते अन्य इमारतों से ऊंची रहे। सौभाग्य से सेवा तीर्थ की इमारतें जमीन से जुड़ी हैं, पहाड़ पर नहीं हैं। पीएम ने एक्स पर लिखा- सेवा तीर्थ कर्तव्य, करुणा और भारत सर्वोपरि के सिद्धांत का प्रतीक है।




नई दिल्ली: सेवा तीर्थ नागरिक देवो भव भवन का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी।

### कंगना रनौत प्रकरण: अंतिम बहस अब छह मार्च को

**आगरा।** आगरा की विशेष एमपी-एमएलए अदालत में भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत से जुड़े प्रकरण में अंतिम बहस की अगली तारीख छह मार्च तय की है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने फाइनल बहस के लिए यह तिथि निर्धारित की। अंतिम बहस के उपरांत अदालत यह निर्णय देगी कि कंगना रनौत के खिलाफ वाद चलाया जाएगा या नहीं। अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा द्वारा 11 सितम्बर 2024 को स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट में वाद दायर किया गया था।

# भारतीय पासपोर्ट मजबूत, रैंकिंग में पांच पायदान की उछाल

**56 देशों में वीजा फ्री एंट्री, पाकिस्तान की पोजिशन फलस्तीन और नॉर्थ-कोरिया से भी नीचे**




**नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी 2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है।

साल की शुरुआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है। इससे पहले 2025 में यह 85वें स्थान पर था, जिससे कुल मिलाकर 10 स्थानों की छलांग लगी है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया भर के लगभग 200 देशों के पासपोर्ट को रैंक करता है। यह रैंकिंग इस बात पर आधारित होती है कि उस देश के पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना वीजा के या वीजा ऑन अराइवल के साथ जा सकते हैं। भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है। यह रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के ट्रैवल आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाती है। इस इंडेक्स में पाकिस्तानी पासपोर्ट 97वें नंबर है। उसकी पोजिशन फलस्तीन (91), नार्थ कोरिया (94) और सोमालिया (96) से भी नीचे हैं। नई रैंकिंग में सुधार का मतलब है कि भारतीय नागरिकों के लिए विदेश यात्रा पहले से आसान हुई है। छुट्टियों, कारोबार और सांस्कृतिक यात्राओं के लिए अब ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। एशिया, कैरेबियन, अफ्रीका और ओशिनिया के कई देश भारतीयों को आसान वीजा सुविधा दे रहे हैं। भारत की रैंकिंग पिछले दस साल में लगातार ऊपर-नीचे होती रही है। साल 2006 में भारत 71वें पायदान पर था, जो उसकी अब तक की सबसे अच्छा पोजिशन थी। इसके बाद रैंकिंग गिरती गई और पिछले साल तो 85वें स्थान पर पहुंच गई थी। 2026 की शुरुआत में भारत 80वें पायदान पर आया और अब 75वें स्थान पर पहुंच गया है। मजबूत पासपोर्ट का मतलब है कि उस देश के लोग ज्यादा देशों में बिना पहले से वीजा लिए जा सकते हैं। ऐसे पासपोर्ट पर वीजा-फ्री, वीजा-ऑन-अराइवल -शेष पृष्ठ दो पर

# राहुल गांधी किसान संगठनों के नेताओं से मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बोले: किसान हितों से समझौता नहीं**
**भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ आंदोलन पर हुई बात**

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की।

इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई। किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी में मुख्तार अंसारी के शूटर और अधिवक्ता की हत्या

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को ज्ञात बदमाशों ने मुख्तार अंसारी के शूटर और अधिवक्ता सुएब उर्फ बॉबी की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली नगर अंतर्गत असैनी मोड पर अधिवक्ता सुएब उर्फ बॉबी लखनऊ से बाराबंकी की ओर अपनी कार से आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार असैनी मोड़ ब्रिज के पास पहुंची, पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिग शुरू कर दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय और अपर पुलिस अधीक्षक विकास त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पफॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि एडीजी जोन लखनऊ भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

### काशी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में शुक्रवार को जिला न्यायालय (कचहरी) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हुई, जिसके बाद परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस उपायुक्त (वरुणा जोन) प्रमोद कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। कचहरी परिसर को तत्काल खाली कराया जा रहा है तथा सभी वकीलों को घर लौटने की अपील की जा रही है। पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार ने बताया कि जिला जज संजीव शुक्ला को ई मेल के माध्यम से खबर दी गई है। बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वायड के साथ कई थानों के फोर्स के साथ परिसर को खाली कराया गया।

### विधानसभा में योगी बोले-उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश

# अब न कर्फ्यू है, न दंगा, यूपी में अब सब चंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 2017 से पहले राज्य में सत्ता के संरक्षण में गुंडे व माफिया पनप रहे थे, हमारी सरकार ने पहले ही दिन से जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अब न कर्फ्यू है, न दंगा है, अब यूपी में सब चंगा है।

सीएम योगी ने दावा किया कि पिछले 9 सालों में कानून-व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है, अपराधियों पर बुलडोजर चला, माफिया का सफाया हुआ और यूपी अब सुरक्षित राज्य बन गया है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग दंगा-कर्फ्यू की बात करते हैं, वे पुरानी यादें ताजा कर रहे हैं। आज यूपी के हर जिले में एक साइबर थाने हैं, हर थाने में साइबर डेस्क है, आज हजारों करोड़ रुपए ठगों से वापस दिलाने में सहयोग किया है। आज सेफ सिटी की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने पीएसी का पुर्नगठन किया है, तीन महिला पीएसी का गठन किया है, आगे हम तीन और करेंगे, पीएसी वाहिनियों से ही दंगाई डरते हैं।

वहीं उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र (वित्तीय वर्ष 2026-27) में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए कानून-व्यवस्था, विकास, महिला सुरक्षा और प्रदेश की बदली छवि पर विस्तार से सरकार का पक्ष रखा।

उन्होंने दोहराया कि यह कर्फ्यू से कानून तक, समस्या से समाधान तक और अव्यवस्था से सुशासन तक की यात्रा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई परिभाषा के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 2017 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उस समय सत्ता के संरक्षण में गुंडे और माफिया पनप रहे थे। अपराधी, अपराधी होता है। हमारी सरकार ने पहले दिन 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई थी और आज भी उसी पर कायम है। योगी ने कहा कि पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था, कर्फ्यू और दंगे आम बात थे तथा पर्व-त्योहार आशंका के पर्याय बन गए थे। पहले पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है। उन्होंने दावा किया कि 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और आज भय नहीं, आस्था का वातावरण है।

#### महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। 2 लाख से अधिक पुलिस भर्तियों में 20 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है और वर्तमान में प्रदेश में 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता को भी कई गुना बढ़ाया गया है। पफॉरेंसिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पहले प्रदेश में दो-तीन फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब 12 लैब कार्यरत हैं। नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार पिछले आठ वर्षों में 6 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि उन्हें सरकारी योजनाओं से वंचित किया जाएगा। राशन, स्वास्थ्य और अन्य सभी सुविधाएं यथावत मिलती रहेंगी।

## उप्र के बड़े करदाताओं को सरकार से बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 20 फरवरी से प्रदेश में व्यक्तिगत सुनवाई वर्चुअल माध्यम से करेगा राज्य कर विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में करदाताओं को बड़ी सहूलियत देते हुए राज्य कर विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्रदेश के बड़े करदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई वर्चुअल माध्यम से की जाएगी। यह व्यवस्था 20 फरवरी से प्रभावी होगी। इस पहल का उद्देश्य टैक्स प्रणाली को सरल बनाना, तकनीकी का अधिकतम उपयोग करना और 'ईज आफ डूइंग' को बढ़ावा देना है।

शासन स्तर पर मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में यह निर्णय लिया गया है, जिससे न्याय निर्णयन की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और करदाता-हितैषी बन सके। यह व्यवस्था संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट) एवं संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर) स्तर पर लागू होगी। शुक्रवार को प्रमुख सचिव, राज्य कर, कामिनी रतन चौहान ने बताया कि प्रदेश के सभी संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट) एवं संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर) स्तर पर पंजीकृत करदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई सामान्य परिस्थितियों में अनिवार्य रूप से वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की विभिन्न धाराओं के अनुरूप होगी। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकल्प भी उपलब्ध रहेगा।

यदि कोई करदाता या उसका अधिकृत प्रतिनिधि किसी विशेष कारण से वर्चुअल के बजाय भौतिक रूप से उपस्थित होकर सुनवाई कराना चाहता है, तो उसके प्रार्थना पत्र पर विचार कर अधिकारी द्वारा अवसर प्रदान किया जाएगा। आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश डा. नितिन बंसल ने बताया कि कारपोरेट सर्किल का गठन बड़े करदाताओं को बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

## आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा उठा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अभी नियमितीकरण संभव नहीं: योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण और किशोरों को ड्राइविंग लाइसेंस दिए जाने का मामला सदन में उठाया गया।

सरकार ने दोनों ही मामले में सदन में जवाब दिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक संग्राम यादव ने आजमगढ़ राजकीय मेडिकल कॉलेज से जुड़े 100 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाए जाने का मामला उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से कार्यरत संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित क्यों नहीं किया जा रहा है और उन्हें सेवा सुरक्षा क्यों नहीं दी जा रही। जवाब में श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की वर्तमान नीति के तहत आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक पृथक निगम का गठन किया गया है, जिससे वेतन भुगतान और सेवा शर्तों में मनमानी की शिकायतों को रोका जा सके। विपक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कंपनियों के माध्यम से वेतन वितरण में पारदर्शिता की कमी है तथा ईपीएफ की कटौती के बावजूद कई मामलों में राशि कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं हो रही। सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एनकाउंटर व रोजगार पर विपक्ष ने घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर पूछे सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने राज्य सरकार को कई अहम मुद्दों पर घेरते हुए भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, एनकाउंटर नीति और रोजगार जैसे विषयों पर गंभीर सवाल उठाए।

माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सदन में भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई, जबकि आम जनता सबसे अधिक भ्रष्टाचार से ही परेशान है। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के मामले लोकायुक्त के पास लंबित हैं और कई अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ शिकायतें भी दर्ज हैं, लेकिन उनकी स्थिति की कोई स्पष्ट जानकारी सदन को नहीं दी गई। उनका कहना था कि यदि लोकायुक्त की सिफारिशें सदन के पटल पर लाई जातीं, तो सदस्य भी उनकी समीक्षा कर सकते थे। उन्होंने लोकायुक्त के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उनका कार्यकाल कब तक है। लोकायुक्त आठ वर्षों से पद पर हैं, इस विषय पर सरकार को स्पष्टता लानी चाहिए। कानून-व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाल के मामलों में पुलिसकर्मियों का नाम आपराधिक घटनाओं में सामने आना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि डीजीपी कार्यालय प्रभावी ढंग से काम करता नहीं दिख रहा है और राज्य में कार्यवाहक व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि उच्चतम न्यायालय की मंशा के अनुरूप स्थाई डीजीपी की नियुक्ति की जाए, ताकि अधिकारी बिना किसी दबाव के काम कर सकें। एनकाउंटर की घटनाओं पर भी माता प्रसाद पांडेय ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी का भविष्य बर्बाद करने वाली गलत परंपरा शुरू नहीं होनी चाहिए। यदि आज गलत मिसाल कायम की जाएगी तो आने वाली सरकारें उससे भी आगे बढ़ सकती हैं। गैंगस्टर कानून में संशोधन की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के कार्यकाल में यह अधिनियम लाया गया था और तब भी उन्होंने इसका विरोध किया था। उनका कहना था कि केवल गोली से अपराध खत्म नहीं होगा, बल्कि व्यवस्था में भरोसा पैदा करना जरूरी है। साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि संगठित साइबर गिरोह आम लोगों को घर बैठे निशाना बना रहे हैं।

## विधानसभा में सपा सदस्य रागिनी सोनकर के सवाल को लेकर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में भर्तियों में आरक्षण के मुद्दे पर शुक्रवार को जोरदार हंगामा देखने को मिला। समाजवादी पार्टी विधायक रागिनी सोनकर ने राज्य स्तरीय भर्तियों में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी को दिए जा रहे आरक्षण को लेकर सरकार से सवाल पूछा। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब देते हुए बताया कि अप्रैल 2017 से अब तक कुल 47 हजार पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। इनमें 18 हजार सामान्य वर्ग, 2081 (ईडब्ल्यूएस), 9580 अनुसूचित जाति, 447 अनुसूचित जनजाति और 17,295 ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी दी गई है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट रागिनी सोनकर ने पूरक प्रश्न पूछते हुए आरक्षण के अनुपालन को लेकर दोबारा स्पष्टीकरण मांगा। इसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्य भी खड़े होकर हंगामा करने लगे, जिससे सदन का माहौल गरमा गया। स्थिति को संभालते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्तापक्ष के सदस्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, ष्जब हम विपक्ष से बात कर रहे हैं, तो आप लोग हंगामा क्यों कर रहे हैं। सदन हमें चलाना है या आपको। इसके बाद अध्यक्ष ने नाराजगी में अपना हेडफोन टेबल पर रख दिया और सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82626.76
निफ्टी 25471.10



सोना रु. 154000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 250000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स 1,048 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 1,048.16 अंक (1.25 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,626.76 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूटकर 25,471.10 अंक पर बंद हुआ।

प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन टूटे हैं। यह दोनों सूचकांकों का 2 फरवरी के बाद का निचला स्तर है।मझौली और छोटी कंपनियों पर और भी अधिक दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.69 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.79 फीसदी गिर गया। आईटी, एफएमसीजी, धातु, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और रसायन समेत सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।आईटी कंपनियों में सुबह तेज गिरावट थी, लेकिन बाद में उनमें काफी सुधार हुआ। सेंसेक्स में बजाज फाइनेंस (करीब ढाई प्रतिशत) और भारतीय स्टेट बैंक की तेजी को छोड़कर अन्य कंपनियों गिरावट में रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर और इटरनल के शेयर चार प्रतिशत से अधिक गिर गए। टाटा स्टील, टाइटन, टीसीएस, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटे। बीईएल, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, इंफोसिस, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंडिगो में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही।

## सोना और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड कीमतों के बाद पहली बार भारत में सोना डिस्काउंट रेट पर बिक रहा है, लेकिन खरीददार फिर भी दूरी बनाए हुए हैं। करीब एक महीने बाद इस हफ्ते भारतीय बाजार में सोना आधिकारिक कीमत से नीचे यानी डिस्काउंट पर ट्रेड कर रहा है। एक ज्वैलर ने बताया कि मेकिंग चार्ज में छूट देने के बावजूद ज्वैलरी की मांग नहीं सुधरी है। मौजूदा ऊंची कीमतों पर रिटेल खरीदार सहज महसूस नहीं कर रहे। 13 फरवरी शुक्रवार को घरेलू बाजार में सोने का भाव करीब 1,54,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास रहा। हालांकि पिछले हफ्ते कीमत फिसलकर 1,33,687 रुपए प्रति 10 ग्राम तक आ गई थी। यानी रिकॉर्ड हाई से गिरावट आई है, लेकिन कीमत अब भी आम खरीदार की पहुंच से ऊपर मानी जा रही है। रॉकेट की रफ्तार से भागने के बाद अब चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर चांदी फिसलकर करीब ढाई लाख रुपये प्रति किलो के स्तर तक आ गई है। इससे पहले चांदी ने 4.20 लाख रुपये प्रति किलो का ऐतिहासिक उच्च स्तर छुआ था। उस रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद से लगातार मुनाफावसूली और वैश्विक दबाव के कारण कीमतों में गिरावट जारी है। फिलहाल यह 2.30 लाख रुपये से 2.70 लाख रुपये प्रति किलो के दायरे में कारोबार कर रही है। मुंबई के एक निजी बैंक से जुड़े बुलियन डीलर ने बताया कि ज्यादातर ज्वैलर्स और डीलर फिलहाल बैंकों से खरीदारी से बच रहे हैं।

## चावल, गेहूं और खाद्य तेल मजबूत, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं और खाद्य तेलों में भी तेजी रही। चीनी में कमोबेश टिकाव रहा, जबकि दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 23 रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत सात रुपये चढ़कर 2,854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। आटे की कीमत गत दिवस के स्तर पर रही।

दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। उड़द दाल औसतन 34 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 22 रुपये और चना दाल की 16 रुपये बढ़ी। मूंग दाल पांच रुपये चढ़ गई। वहीं मसूर दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा तीन रिंगिट की बढ़त में 4,046 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.52 प्रतिशत टूटकर 57.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल और वनस्पति की औसत कीमत 101 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 75 रुपये और सरसों तेल में 51 रुपये महंगी हुई। मूंगफली तेल में 14 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सोया तेल के भाव लगभग गत दिवस से स्तर पर पड़े रहे। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी में टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7785.08 रुपये, मसूर काली 8104.70 रुपये, मूंग दाल 10132.57 रुपये, उड़द दाल 10628.72 रुपये, तुअर दाल 11085.05 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.84 रुपये और चावल 3859.09 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3317.20 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मणिपुर हिंसा...** आ चुके हैं, इसलिए वे स्थानीय हालात को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं। कोर्ट ने केंद्र और मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि वे जस्टिस गीता मित्तल कमेटी की सिफारिशों को हर हाल में लागू करें। यह कमेटी पीड़ितों के पुनर्वास और उनके कल्याण के लिए बनाई गई थी। इस कमेटी में तीन पूर्व महिला जज शामिल हैं, जो अब तक पीड़ितों की मदद के लिए कई रिपोर्ट सौंप चुकी हैं। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। हजारों लोग बेघर हुए हैं और कई घायल हुए हैं। यह हिंसा तब भड़की थी जब मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित की तरफ से पेश हुई वकील वृंदा ग्रोवर ने एक पीड़ित महिला का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि गैंगरेप की शिकार एक कुकी महिला की पिछले महीने सदमे और बीमारी से मौत हो गई। वकील ने आरोप लगाया कि सीबीआई ने चार्जशीट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और मुख्य आरोपी भी कोर्ट में पेश नहीं हो रहा है। उन्होंने जांच में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इस पर सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मणिपुर में अब हालात पहले से बेहतर और शांतिपूर्ण हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि पीड़ितों को मुफ्त कानूनी मदद मिलनी चाहिए। अगर स्थानीय स्तर पर वकील उपलब्ध नहीं हैं, तो गुवाहाटी बार से वकील भेजे जा सकते हैं। वहीं, वकील कॉलिन गोंसाल्वेस ने शिकायत की कि उन्हें कमेटी की रिपोर्ट नहीं मिल रही है, जिससे पुनर्वास का काम धीमा पड़ा है। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में कुछ संवेदनशील जानकारी हो सकती है, इसलिए उसे सावधानी से साझा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले पर 26 फरवरी को अगली सुनवाई करेगा। कोर्ट ने जस्टिस गीता मित्तल कमेटी का कार्यकाल भी 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है ताकि राहत कार्य जारी रह सके।

**भारतीय पासपोर्ट...** या ई-वीजा की सुविधा मिलती है। वीजा के लिए कम कागजी काम और कम इंतजार करना पड़ता है। विदेश घूमने, पढ़ाई करने या बिजनेस ट्रिप पर जाना आसान हो जाता है। यह दिखाता है कि दूसरे देश उस देश के नागरिकों पर भरोसा करते हैं। 2026 की रैंकिंग में सिंगापुर पहले स्थान पर है। सिंगापुर के पासपोर्ट से 192 देशों में वीजा-फ्री यात्रा की जा सकती है। दूसरे स्थान पर जापान और साउथ कोरिया हैं, जिनके नागरिक 187 देशों में बिना वीजा जा सकते हैं। तीसरे स्थान पर स्वीडन और यूएई हैं, जहां से 186 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। चौथे स्थान पर बेल्जियम, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड्स और नार्वे हैं, जिनके पासपोर्ट से 185 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा संभव है। पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रिया, ग्रीस, माल्टा और पुर्तगाल हैं, जहां से 184 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। छठे से दसवें स्थान तक न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया और अमेरिका शामिल हैं। अमेरिका के पासपोर्ट से 179 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा की जा सकती है।

## मेरे भाषण से संसदीय कामकाज पर टिप्पणी और प्रधानमंत्री की नीतियों की आलोचना हटाई गई : खड़गे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सदन में कहा कि राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा 'बिना किसी औचित्य के' कार्यवाही से हटा दिया गया, जिसमें उन्होंने संसदीय कामकाज पर टिप्पणियां और प्रधानमंत्री की चंद नीतियों की आलोचना की थी। शून्यकाल की समाप्ति के बाद खड़गे ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा में उन्होंने सामाजिक न्याय से लेकर संसदीय तथ्यों पर अपनी बातें रखी थीं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भाषण की समीक्षा करने पर मैंने पाया कि मेरे भाषण का बड़ा हिस्सा बिना किसी औचित्य के हटा दिया गया है। ए वे हिस्से हैं, जिनमें मैंने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में संसदीय कामकाज पर तथ्यों के साथ टिप्पणियां की हैं और प्रधानमंत्री की चंद नीतियों की आलोचना की है, जो नेता प्रतिपक्ष होने के नाते मेरा दायित्व भी है, क्योंकि मुझे लगता है कि वे नीतियां भारतीय जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। पांच दशक से अधिक के संसदीय जीवन में वह हमेशा भाषा की मर्यादा के प्रति सजग और सचेत रहे हैं। राज्यसभा के नियम एवं संचालन प्रक्रिया का नियम 261 केवल विशिष्ट और सीमित परिस्थितियों में ही लागू होता है। उन्होंने कहा कि जो टिप्पणियां हटाई गई हैं, उनमें कुछ भी असंसदीय नहीं है।

## आध्यात्मिकता हमें मूलभूत मूल्य व नैतिक ढांचा प्रदान करती है: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता



■ ओम शांति सेंटर के रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां ब्रह्मा कुमारीज के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया तथा 'सशक्त भारत के लिए कर्मयोग' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया।

राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रपति ने गुरुग्राम स्थित ओम शांति 'रिट्रीट सेंटर' के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया। मुर्मू ने कहा कि संतुलित और समग्र विकास के लिए नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता का भौतिक प्रगति के साथ समन्वय आवश्यक है। आर्थिक प्रगति समृद्धि को बढ़ावा देती है और तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता तथा प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है। ये एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। किन्तु नैतिकता के बिना आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन उत्पन्न कर सकता है। उदाहरण के लिए, अनैतिक आर्थिक प्रगति से धन और संसाधनों का केंद्रीकरण, पर्यावरण को क्षति तथा समाज के कमजोर वर्गों का शोषण हो सकता है। नैतिक मूल्यों के बिना प्रौद्योगिकी का उपयोग मानवता के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आध्यात्मिकता हमें मूलभूत मूल्य और नैतिक ढांचा प्रदान करती है, जो हमें कर्मयोग अर्थात निस्वार्थ सेवा का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करता है। आध्यात्मिकता सत्यनिष्ठा, करुणा, अहिंसा और सेवा जैसे गुणों पर भी बल देती है। ये एक शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आवश्यक सिद्धांत हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग की शिक्षा देता है। यह केवल एक स्थान पर बैठकर आत्मचिंतन करने तक सीमित नहीं है। कर्मयोग इसका एक मूलभूत अंग है। कर्मयोग का अर्थ है अपनी सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उच्च आध्यात्मिक सिद्धांतों का पालन करना। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि ब्रह्मा कुमारीज से जुड़े लाखों लोग नियमित रूप से कर्मयोग का अभ्यास कर सार्थक जीवन जी रहे हैं।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में समता संवर्धन मार्च रोका गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा में लागू करने योग्य और प्रभावी समानता तंत्र को मजबूत करने के लिए दिए गए राष्ट्रीय छात्र आह्वान के समर्थन में, लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने समता संवर्धन मार्च आयोजित किया।



छात्रों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव को एक अलग और कानूनी रूप से कार्रवाई योग्य संस्थागत उल्लंघन के रूप में मान्यता देने की मांग की। उन्होंने पूर्णत: स्वायत्त और प्रशासन से स्वतंत्र समान अवसर एवं भेदभाव निरोधक निकायों की स्थापना की मांग की। साथ ही राज्य स्तर पर एक स्वतंत्र 'उच्च शिक्षा सामाजिक न्याय आयोग' बनाने की मांग की गई, जिसे जांच, निगरानी और बाध्यकारी सिफारिशें देने की शक्ति हो। छात्रों ने सभी शिकायत निवारण तंत्रों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदायों, महिलाओं, जेंडर विविध व्यक्तियों और विकलांग व्यक्तियों की निर्णायक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने समयबद्ध शिकायत प्रक्रिया, विश्व. विद्यालय प्रशासन से बाहर स्वतंत्र अपील व्यवस्था, शिकायतकर्ताओं को प्रताड़ना से कानूनी सुरक्षा, फेलोशिप में देरी और पक्षपातपूर्ण मूल्यांकन के लिए संस्थागत जवाब. देही, हर वर्ष भेदभाव से संबंधित आंकड़ों की सार्वजनिक रिपोर्ट तथा समय-समय पर स्वतंत्र सामाजिक समानता ऑडिट की भी मांग की। छात्रों ने यह भी बताया कि विश्व. विद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकार किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव और उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों में लगभग 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आइसा उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव हर्षवर्धन ने कहा कि जब भेदभाव की शिकायतों में तेज़ वृद्धि हो रही है, तो छात्रों को रोकना इस बात का संकेत है कि स्वतंत्र और लागू करने योग्य समानता तंत्र की कितनी आवश्यकता है। एनएसयूआई उत्तर प्रदेश के महासं. चव शुभम खरवार ने कहा कि संवैधानिक मांग उठाने वाले छात्रों को बल से रोकना उचित नहीं है। संस्थागत जवाबदेही को दबाया नहीं जा सकता। एससीएस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि जाति आधारित भेदभाव एक संरचनात्मक समस्या है। इसे कानूनी मान्यता और बाहरी निगरानी की आवश्यकता है।

बीएएसएफ के वरुण आजाद ने कहा कि छात्र नेताओं को खींचकर ले जाना लोकतांत्रिक असहमति के प्रति असहिष्णुता दर्शाता है।एसएफआई उत्तर प्रदेश के सचिव अब्दुल वहाब ने कहा शांतिपूर्ण विरोध हमारा संवैधानिक अधिकार है। दमन से आंदोलन कमजोर नहीं होगा। युवा के अध्यक्ष अमेन्द्र कुमार ने कहा, यदि संस्थागत समानता तंत्र प्रभावी होते, तो छात्रों को सड़कों पर नहीं आना पड़ता। बल प्रयोग समाधान नहीं है। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र समीर कुमार ने कहा कि हम शांतिपूर्ण मार्च कर रहे थे।

# कांग्रेस ने अनुज यादव को सौंपी विधि विभाग की प्रदेश कमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर संगठन की मजबूती पर जोर देने पर जुटी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की लखनऊ में चल रही मैराथन बैठकों के बीच हाइकोर्ट के अधिवक्ता व इलाहाबाद विश्व. विद्यालय के पूर्व छात्रनेता अनुज यादव को कांग्रेस विधि विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं विधि विभाग के चेयरमैन अली आसिफ ज़मा रिज़वी ने संगठन को सुदृढ़ बनाने की अपेक्षा की है। अनुज यादव हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के




पूर्व उपाध्यक्ष हीरा लाल यादव के पुत्र है और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल राम नरेश यादव के पारिवारिक सदस्य है। अनुज यादव को विधि विभाग का प्रदेश सचिव बनाये जाने पर अधिवक्ताओं व कांग्रेसियों में खुशी की लहर है।

# देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने वाला बजट: डा. नीरज बोरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार के बजट से संबंधित जनसंवाद के उद्देश्य से लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पुरनिया स्थित विधायक कार्यालय पर बजट चौपाल का आयोजन किया गया।



चौपाल में वक्ताओं ने केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार के बजट के प्रमुख प्रावधानों, नई योजनाओं तथा जनकल्याणकारी घोषणाओं की विस्तार से जानकारी दी। विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि प्रस्तुत बजट जनकल्याण की मजबूत आधारशिला है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि बजट का विशाल आकार देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत है और यह भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम सिद्ध होगा। इस दौरान कार्यक्रम में उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, चन्द्रशेखर गुप्ता, रमन निगम, अनुराग मिश्रा, सी.बी. सिंह, पृथ्वी गुप्ता, राघवराम तिवारी, स्वदेश सिंह, अवधेश त्रिपाठी, मान सिंह यादव, सुदर्शन कटियार, सौरभ तिवारी, राजकुमार मौर्या, मुसव्विर अली मंशू, राकेश पाण्डेय, अनूप सिंह, सतीश वर्मा, ख्रपाशंकर मिश्र, अनुराग साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बिजली मिस्त्री की हत्या का खुलासा, पत्नी व चचेरे भाई गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के एकता थाना क्षेत्र में दस फरवरी को बिजली मिस्त्री लवक. ेश की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए उसकी पत्नी और चचेरे भाई सुंदर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभ में इसे आत्महत्या का मामला माना गया था। आरोप है कि मृतक लवकेश की पत्नी के अवैध संबंध उसके चचेरे भाई सुंदर से थे, जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। जांच में सामने आया कि 10 फरवरी की रात पत्नी और सुंदर ने मिलकर लवकेश का तकिए से गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद घटना को आत्महत्या दर्शाने के लिए साड़ी का फंदा बनाकर शव को कमरे में पंखे से लटका दिया।

# डेली फ्रेश फ्रूट्स इंडिया ने लखनऊ में लांच किया पेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** तमिलनाडु स्थित कंपनी डेली फेश फूट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जो दक्षिण भारत में वर्तमान में 700 करोड़ के टर्नओवर के साथ कार्यरत है।

कंपनी के नॉर्थ जोनल हेड संजीव कालिया तथा रीजनल हेड विदेह कांत श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि कंपनी ग्रीन एनर्जी पर विशेष ध्यान देती है। डेली ब्रांड के फल आधारित एवं कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक दक्षिण भारत के सभी राज्यों में एक जाना-पहचाना घरेलू नाम हैं,



जहां यह ब्रांड एक मजबूत मार्केट लीडर के रूप में स्थापित है। कंपनी के पास स्थानीय गतिविधियों एवं प्रमोशनल कार्यक्रमों के लिए मजबूत रणनीतियां हैं। शीघ्र ही डेली उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति स्थापित करेगा और एक भरोसेमंद घरेलू ब्रांड के रूप में उभरेगा। वर्तमान में कंपनी के उत्पाद उत्तर भारत के कई राज्यों में लॉन्च किए जा रहे हैं। इस विस्तार के अंतर्गत आज उत्तर प्रदेश के लखनऊ में दूसरा लॉन्च आयोजित किया गया, जो एस कुमार एंड सन्स, गौरव कुमार, म-186 ट्रांसपोर्ट नगर, पार्किंग नंबर 10 के पीछे, कानपुर रोड, लखनऊ में संपन्न हुआ। कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में कई श्रेणियां शामिल हैं। कार्बोनेटेड ड्रिंक्स: जीरा, कोला, लेमन, ऑरेंज, क्लाउडी लेमन, थंडर फिज़ी, चीयर्स और मारिबा प्लेन सोडा। एनर्जी ड्रिंक्स: अग्नि स्पोर्ट्स तथा अग्नि रेड और ब्लू। नया उत्पाद रेंज (यूनिक)रू ज़िन्था (ब्लैक ग्रेप), मारिबा पनीर (रोज़ फ्लेवर), लेमन सॉल्ट सोडा और इंगी जिंजर। फेश फूट ड्रिंक रेंज: मैंगो, एप्पल, अमरूद और लीची। फेश फूट रेंज (टेट्रा पैक)रू मैंगो, अमरूद, लीची और अनार। फ्लेवरड मिल्क रेंज: चॉकलेट, रोज़ मिल्क, वनीला और पिस्ता बादाम, जो बोतलों में उपलब्ध है। शीघ्र ही कंपनी मारिबा मिनरल वाटर भी लॉन्च करेगी। इस कार्यक्रम में गौरव कुमार, कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

# अनपरा परियोजना को उत्पादकता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुन: मांग की है कि 2एक्स800 मेगावाट क्षमता की अनपरा 'ई' परियोजना तथा 2एक्स800 मेगावाट क्षमता की ओबरा 'डी' परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम को ही आवंटित की जाए।




संघर्ष समिति ने बताया कि आज रायपुर में आयोजित ह्गुणवत्ता और विश्वसनीयता के साथ तापीय उत्पादन का सर्वोत्तम अनुकूलनह्व विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने अनपरा तापीय परियोजना को उत्पादकता में उत्दृष्ट प्रदर्शन हेतु सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया। संघर्ष समिति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारी और अभियंता लगातार सुधार के लिए कार्य कर रहे हैं। उत्पादन, पारेषण और वितरणख्र सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा स्वयं विधानसभा में कह चुके हैं कि व्यवस्था में व्यापक सुधार के परिणामस्वरूप प्रदेश में व्यापक स्तर पर 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।संयुक्त उपक्रम के होने कारण अलग आवासीय परिसर,कोल हैंडलिंग, ऐश हैंडलिंग आदि व्यवस्थाओं पर कई सौ करोड़ अतिरिक्त निवेश करना पड़ेगा, जिससे उत्पादित बिजली की लागत लगभग 50-60 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ने की आशंका है जो प्रदेश हित में नहीं होगा। संघर्ष समिति ने बताया कि 27 जुलाई 2023 को इन परियोजनाओं को संयुक्त उपक्रम के माध्यम से विकसित करने का निर्णय लिया गया था। परियोजनाओं में देरी से उनकी लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा प्रभाव विद्युत उत्पादन लागत पर पड़ेगा। उत्ख्रष्ट प्रदर्शन हेतु और राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिलने पर संघर्ष समिति ने उत्पादन निगम के बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं को बधाई दी है इसी क्रम में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के तहत आज प्रदेश के सभी जनपदों एवं परियोजनाओं पर बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं ने व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

# किसान की हत्या का खुलासा, पड़ोसी महिला व बेटे ने की थी हत्या

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के संडीला कोतवाली क्षेत्र में किसान की सिर कूचकर की गई हत्या के आरोप में पुलिस ने पड़ोस में रहने वाली महिला और उसके पुत्र को गिरफ्तार किया है। आपत्ति. जनक हालत में देखे जाने पर हुए विवाद के बाद यह जघन्य वारदात अंजाम दी गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुबोध गौतम ने शुक्रवार को बताया कि संडीला कोतवाली क्षेत्र के मीतो गांव में 11 फरवरी की सुबह किसान व पशुपालक हुकुम सिंह (52) का शव उसके खेत किनारे बने पशु बाड़े के छप्पर में चारपाई पर पड़ा मिला था। सिर पर भारी वस्तु से कई वार किए गए थे। हत्या के बाद शव को चारपाई पर लिटाकर ऊपर से रजाई ओढ़ा दी गई थी। मृतक के पुत्र रणजीत की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में कोई ठोस सुराग नहीं मिला,

लेकिन स्थानीय पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर शक पड़ोस में रहने वाली महिला जमुना देवी और उसके पुत्र अमन पर गया। कड़ाई से पूछताछ में अमन ने हत्या का खुला. सा करते हुए बताया कि उसकी मां जमुना देवी और हुकुम सिंह के बीच प्रेम संबंध थे। घटना वाले दिन वह अपनी मां को खोजते हुए हुकुम सिंह के छप्पर तक पहुंचा, जहां दोनों एक ही बिस्तर पर आपत्ति. जनक हालत में मिले। विरोध करने पर हुकुम सिंह से कहासुनी हुई और उसने अमन को थप्पड़ मार दिया। इस अपमान से तिलमिलाए अमन ने पास पड़ी ईंट से ताबड़तोड़ वार कर हुकुम सिंह की हत्या कर दी। हत्या के बाद अमन और उसकी मां ने मिलकर शव को चारपाई पर लिटाया और ऊपर से रजाई डालकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अमन की निशानदेही पर खून से सनी ईंट बरामद की है। पुलिस ने आरोपी अमन को हत्या तथा उसकी मां जमुना देवी को हत्या में सहयोग और साक्ष्य मिटाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

# ब्लड सैंपल को लेकर जूनियर डॉक्टरों व तीमारदारों में मारपीट, चार घायल

**प्रयागराज।** प्रयागराज में स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) के हड्डी रोग विभाग में ब्लड सैंपल लेने को लेकर जूनियर डॉक्टरों और मरीज के तीमारदारों के बीच मारपीट हो गई।

घटना में दोनों पक्षों के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र के चिकवन का पूरा निवासी राकेश चौधरी दो दिन पूर्व मारपीट में घायल होने के बाद जिला अस्पताल से एसआरएन रेफर किए गए थे। उन्हें हड्डी रोग विभाग के वार्ड नंबर-2 में भर्ती किया गया था। बताया गया कि गुरुवार देर शाम दो जूनियर डॉक्टर वार्ड में राकेश का ब्लड सैंपल लेने पहुंचे। आरोप है कि मरीज के तीमारदार प्रदीप दिवाकर और रिश्तेदार कमल चौधरी ने सैंपल देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गई। झड़प में दोनों डॉक्टरों के अलावा प्रदीप और कमल को भी गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना पर एसआरएन चौकी पुलिस और अस्पताल प्रशासन मौके पर पहुंचा। चौकी प्रभारी आनंद यादव ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया।

# गोशाईगंज में सपा ने 12 पीड़ितों को दिया 25-25 हजार का चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या के गोशाईगंज विधानसभा क्षेत्र में समा. जवादी पार्टी एक बार फिर पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी नजर आयी।विगत महीने चार पीतिं परिवारों को गोशाईगंज विधानसभा प्रभारी चौ.लौटनराम निषाद द्वारा समाजवादी पार्टी की ओर से 50-50 हजार का चेक वितरित किया गया था।



तारून डाक बंगला परिसर में एक अहम कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के 12 पीड़ित परिवारों को समाजवादी पार्टी की ओर से 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का चेक वितरित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे चौ.लौटनराम निषाद, प्रभारी/प्रत्याशी विधानसभा 276 गोशाईगंज, ने बताया कि पार्टी का उद्देश्य केवल राजनीति नहीं बल्कि जरूरतमंदों के दर्द में सहभागी बनना है। समाजवादी पार्टी की ओर से घुरी टीकर की माधुरी निषाद,सराय मनोधर की समेन्द्र कुमारी निषाद, गौरा गयासपुर के दिव्यांग राजू निषाद, चोंरी-वंदनपुर की गायत्री वर्मा,रसूलपुर की शिव देवी वर्मा, सोनौरा गाऊपुर के शिवकुमार वर्मा, गोकुलपुर के प्रदीप कुमार यादव, मनियारपुर की सरोज यादव, भरहूखाता की सुनीता गौतम, दशलावन-मनऊपुर की सुमिरा कोरी, मनऊपुर-हैदरगंज की क्रांति गौं और कशेरूआ बुजुर्ग के महेश कुमार वनवासी को 25-25 हजार का चेक दिया गया। चेक वितरण कार्यक्रम को बीकापुर के पूर्व प्रत्याशी फिरोज खां गब्बर, रोली यादव, यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव विजयबहादुर वर्मा,समा. जवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जगन्नाथ पाल, प्रेमनारायण यादव, रामसागर वर्मा,रामदेव यादव आदि ने सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में एजाज खां, बैजनाथ यादव पूर्व प्रधान, रामनरेश यादव, सुरेंद्र कुमार बागी, सुनील भारती, रविन्द्र कुमार वर्मा, राजदेव यादव, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा,चंद्रशेखर यादव,सुरजीत यादव,मुलायम सिंह यादव, मायाराम निषाद,मायाराम यादव,गया प्रसाद निषाद,गुढ्ढ प्रजा. पति, परशुराम यादव आदि सहित सैकों सेक्टर, बूथ प्रभारी, बीएलए व सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मस्जिद में शियाओं पर हमला करने वाले इजरायली एजेंट: मौलाना जवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्वखियात बड़े ईमामबाड़े की आसिफ़ी मस्जिद में हुआ ज़ोरदार प्रदर्शन, लगे पाकिस्तान, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे। ज्ञातव्य है पाकिस्तान के इस्लामाबाद में पिछले जुमे हुए दौराने नमाज़ आतंकी हमले को लेकर मौलाना कल्बे जवाद के नेतृत्व में आतंकवाद एवं पाकिस्तान के विरोध में प्रदर्शन हुआ। मौलाना ने कहा कि अफ़सोस है उन मुस्लिम मिली तंज़ीमों पर जो शियों के क़तले आम पर खामोश रहती हैं जबकि कोई अमरीकी या फ्रानसीसी मारा जाता है

तब उनका फतवा आतंकवाद पर आजाता है। मौलाना ने आगे कहा कि इस समय शिया मस्जिदों पर हमला कर शियाओं को मारने का सीधा सीधा मतलब है कि इनकी फंडिंग इज़रायल और अमरीका से हो रही है। मौलाना ने कहा इस हमले से साफ़ ज़ाहिर है कि इनकी सारी तंज़ीमें चाहे जमाते इस्लामी हो या जमीअत उल्माए हिन्द इनसबको पैसा इजरायल और अमरीका से आता है।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय जब ईरान अमरीका और इजरायल से सीधे सीधे लड़ रहा है ऐसे में शिया मस्जिदों पर हमला दर्शाता है कि नाम निहाद मुस्लिम नाम की तंज़ीमें कहां से पैसा पा रही हैं।

## बहराइच में हत्या के आरोप में दंपति गिरफ्तार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले की दरगाह शरीफ थाना पुलिस ने हत्या की एक घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हंसिया और ईंट भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार थाना दरगाह शरीफ में धारा 103(1)/ 238/61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। वादिनी लक्ष्मी ने तहरीर देकर बताया था कि उनके पति बड़कू 10 फरवरी को दोपहर करीब 11 बजे खेत देखने गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। खोजबीन के दौरान 11 फरवरी को उनका शव गेहूं के खेत में मिला। मामले की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई।

# सनातन ध्वज वाहिका सपना ने कांवड़ियों की सेवा कर दिया सेवा परमो धर्म का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में शिवरात्रि के पावन अवसर पर चिनहट फैजाबाद मार्ग स्थित वीमार्ट के पास गुरुवार 12 से रविवार 15 फरवरी तक कांवड़ियों के लिए फलाहारी जलपान एवं खीर की सेवा दी जा रही है। इस क्रम में शुक्रवार को सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने स्वयं कावड़ियों की सेवा करके सेवा परमो धर्मरू का संदेश दिया।

वहां भगवान महादेव का आकर्षक दरबार भी सजाया गया है। इसके साथ ही वहां कांवड़ियों के विश्राम, स्नान और उपचार आदि की भी पर्याप्त सुविधा दी जा रही हैं।



इस क्रम में शिवरात्रि महापर्व के पावन अवसर पर विश्व शान्ति और राष्ट्र उन्नति हेतु आचार्यों द्वारा रविवार को हवन पूजन चिनहट स्थित श्री परमानंद हरि हर मंदिर परिसर में किया जाएगा। उसके उपरांत चित्रकूट में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ मंगलवार 10 मार्च 2026 को होगा। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने बताया कि संतों और देवों की पावन भूमि भारत, दोबारा विश्व गुरु बने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ही सुंदरकांड महा अभियान का संच. ालन किया जा रहा है।

बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था। उत्तराखंड कोटद्वार के प्राचीन सिद्धबली मंदिर, नैमिषारण्य तीर्थ, काशी विश्वनाथ मंदिर, हर की पौड़ी हरिद्वार, रुड़की महादेव मंदिर, प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर और कानपुर के आनंदेश्वर महादेव मंदिर के गंगा जी घाट परिसर में भी भव्य सुंदरकाण्ड का पाठ सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है।

इसके साथ ही बीते साल 11 सितम्बर से अयोध्या जी में प्रभु राम जी की जन्मभूमि परिसर में भी, मासिक सुंदरकांड पाठ का सिल. सिला शुरू हो गया है।

इसके साथ ही स्वदेशी अभियान का संदेश भी उनके माध्यम से वृहद रूप से संचालित किया जा रहा है।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।
नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।
मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद अलर्ट

## लखनऊ, मेरठ समेत कई कोर्ट को मिली है धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या और मेरठ समेत कई जिलों में कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के माध्यम से दी गई, जिसके बाद पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसी कड़ी में एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सीओ नौगावां सादात अवधभान सिंह भदौरिया ने भारी पुलिस बल के साथ इस अभियान का नेतृत्व किया। टीम ने कोर्ट रूम, अधिवक्ताओं के चौंबरों और पूरे न्यायालय परिसर की गहनता से जांच की। इस दौरान परिसर में आने-जाने वाले हर व्यक्ति की तलाशी ली गई। चेकिंग अभियान में डॉग स्क्वायड और मेटल डिटेक्टर का भी उपयोग किया गया। हालांकि, तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस दौरान ड्यूटीरत पुलिस

**एसपी के निर्देश पर चला चैकिंग अभियान**

कर्मियों को सतर्कता, अनुशासन एवं शिष्टाचार व्यवहार के साथ ड्यूटी निवर्हन करने के निर्देश दिए गए। परिसर में आने-जाने वाले अधिवक्ताओं और वादकारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर विशेष बल दिया गया। सीओ नौगावां सादात ने बताया कि कोर्ट परिसर और अधिवक्ताओं के परिसरों की गहनता से जांच की गई है। एसपी के मुताबिक पुलिस न्यायालय परिसर की सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे चेकिंग अभियान जारी रहेंगे।

# बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश

## डीएम ने किया नगर पालिका का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लेखा अनुभाग, निर्माण, जलकर, गृहकर और जन्म-मृत्यु विभाग सहित अधिशासी अधिकारी कार्यालय की पत्रावलियों का गहन अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

लेखा अनुभाग के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सफाई कर्मचारियों की संख्या और उनकी तैनाती की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि संविदा और आउटसोर्सिंग कार्मिकों का वेतन समय पर जारी किया जाये और उनकी पीएफ बुक उन्हें उपलब्ध कराई जाये। सर्विस बुक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों की सर्विस बुक पर फैमिली फोटो अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गृहकर की समीक्षा करते हुए वार्डवार आवासीय और



अनावासीय संपत्तियों के टैक्स वसूली की स्थिति जानी। उन्होंने निर्देश दिये कि गृहकर की मांग बढ़ाई जाये और लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित हो। बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी करें। यदि फिर भी भुगतान न हो तो आर.सी. जारी कर कड़ी कार्रवाई की जाये।

# बुलेरो व प्लॉट न मिलने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

## मारपीट कर घर से निकाला, आठ पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जोया के मोहल्ला मुल्लाना में निहालुद्दीन का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी इरम फात्मा की शादी साल 2024 में मोहल्ला जाटव कॉलोनी के रहने वाले दानिश अली के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले इरम को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मायके से बोलेरो और एक प्लॉट दिलाने का दबाव बनाते थे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। मारपीट कर इरम को घर से निकाल दिया। वह अब अपने मायके में पिता के घर में रहती है। आरोप है कि 11 फरवरी को पति अपने परिजनों के साथ घर में घुस आया और मारपीट की। बाद में तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत डिडौली कोतवाली में की थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया के मामले में दानिश अली, अरशद अली, नाजमीन, समीर, रोहिद अली, नाहिद अली, फैज और फिरोज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# घेर का ताला तोड़कर दस बकरियां चोरी

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** चोरों ने घेर का ताला तोड़कर घेर के अंदर प्रवेश किया और वहां बंधे छह बकरे व चार बकरियां चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी उस समय हुई जब मोहम्मद सैफ भैंसों को चारा डालने के लिए घेर मे पहुंचा। उसने देखा कि गेट का ताला टूटा पड़ा है और बकरी व बकरे गायब हैं।

पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज अनिल त्यागी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर जांच सूरु कर आस्वसन दिया जल्द ही चोरी खुलासा कर दिए जायेगा लोगों में चोरी की घटना से दहशत का माहौल है। लोगों ने रात में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे ऑपरेशन थिएटर सील

## स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से हड़कम्प




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र में बिना पंजीकरण के चल रहे अवैध अस्पतालों और ऑपरेशन थिएटरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार ऑपरेशन थिएटर सील कर दिए। इस कार्रवाई से अवैध रूप से अस्पताल चला रहे संचालकों में हड़कंप मच गया है।

नोडल अधिकारी विशाल त्रिवेदी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान बाईपास मार्ग स्थित लाइफ लाइन हेल्थ केयर सेंटर में दो सर्जरी के मरीज भर्ती मिले। यहां एक महिला की बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था, जबकि दूसरी महिला का ऑपरेशन के जरिए प्रसव कराया गया था। हैरानी की बात यह रही कि यह अस्पताल बिना किसी रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से संचालित हो रहा था। जांच के दौरान कुआं खेड़ा में संचालित दुआ नर्सिंग होम, मंडी धनौरा स्थित कोहिनूर अस्पताल, ग्रीन हॉस्पिटल और लाइफ लाइन हेल्थ केयर सेंटर में बने ऑपरेशन थिएटर भी सील किए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पाया कि इन चारों अस्पतालों का स्वास्थ्य विभाग में कोई पंजीकरण नहीं था और ये पूरी तरह अवैध तरीके से संचालित हो रहे थे। नोडल अधिकारी विशाल त्रिवेदी ने बताया कि सभी अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक न होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से पूरे इलाके में अवैध अस्पताल संचालकों में डर का माहौल है और आम लोगों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक नजर

### पेड़ से टकरायी कार, पति-पत्नी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** थाना क्षेत्र के शिव नगर जोया निवासी जयपाल सिंह के पुत्र संजीव कुमार शुक्रवार को अपनी पत्नी मोनिका के साथ नन्हेड़ा घंसूरपुर से घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही उनकी कार कैलसा-डिडौली रोड स्थित गांव डिडौली के पास पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में जा घुसी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से चौधरपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ईओ ने किया स्वच्छता व पौधारोपण का आह्वान




**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** स्वच्छ वसंत प्रतियोगिता के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गजरौला के अधिशासी अभियंता ललित कुमार आर्य द्वारा एक वीडियो संदेश जारी कर समस्त नगरवासियों से अपील की गई कि वे नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएँ। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता नियमों का पालन करने, कचरा पृथक्करण अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण करने का आग्रह किया। इसी क्रम में ईओ ने नगर के अवन्तिका पार्क परिसर में पौधारोपण करके नागरिकों से अधिकाधिक पौधे रौंपने का आह्वान किया। इस मौके पर मुनेश, यशपाल आदि मौजूद रहे।

### 'एजुकेशन डेवलेपमेंट' थीम पर होगा वार्षिक समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के अल आसिम एजुकेशनल एकेडमी के द्वारा 15 फरवरी को 'एजुकेशन डेवलेपमेंट' थीम पर एक वार्षिक समारोह व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को एकेडमी के संस्थापक अध्यक्ष आसिम साबरी ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में इंडियन काउंसिल फूड एंड एग्रीकल्चर के चेयरमैन डॉ.एमजे खान, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सीएमओ डॉ.शारिक अकील, आईआईटी कानपुर से फिलोसफर एवं साईंटिस्ट डॉ.मनोज श्रीवास्तव, सीकुल एकेडमी की संस्थापक डॉ.रश्मि चंद्रा, चिकित्सक डॉ.आफताब अहमद, डॉ.जाकिर हुसैन फाउंडेशन अलीगढ़ के संस्थापक नदीम रजा सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 फरवरी को सुबह दस बजे से होकर अपरान्ह तीन बजे तक रहेगा। जिसमें 10 बजे से 12 बजे तक विद्यार्थी प्रस्तुति देंगे तो वहीं 12 बजे से 01 बजे तक पावर एजुकेशन एंड एआई पर विचार गोष्ठी आयोजित होगी। दुपहर एक बजे से अपरान्त तीन बजे तक इमपार की टीम द्वारा भारतीय मुस्लिमों की तरक्की के लिए खुला वैचारिक चर्चा की जाएगी। संस्थापक अध्यक्ष आसिम साबरी ने अभिभावकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों से भी आह्वान किया कि वे कार्यक्रम में पहुंचकर शिक्षाविदों के विचारों को सुनें और आत्मसात करें।

### अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** शुक्रवार को हसनपुर तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर पहुंचीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से मुलाकात की और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए एक ज्ञापन सौंप दिया। अधिवक्ताओं ने मुख्य रूप से सुरक्षा, यातायात और कार्यालय स्थानांतरण के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। बार एसोसिएशन ने अवगत कराया कि तहसील परिसर चेतन चौहान मार्ग पर स्थित है। जहाँ यातायात का भारी दबाव रहता है। सड़क पार करने में होने वाली असुविधा को देखते हुए तहसील के दोनों गेटों के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की गई। इस दौरान अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, महासचिव ब्रजकिशोर एडवोकेट, मेघराज सिंह, रविंद्र कुमार, राजीव शर्मा, वीर सिंह त्यागी, मंगल सैन शर्मा, संजय चौहान और ऋषिपाल सिंह चौहान सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# आरएसीएल ने स्थापित किया चैरिटेबल हेल्थ सेंटर

**डीएम ने किया शुभारंभ, स्थानीय लोगों को उपलब्ध होंगी स्वास्थ्य सेवाएं, मैक्स हॉस्पिटल द्वारा होगा संचालन**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आरएसीएल गियरटेक लिमिटेड, गजरौला द्वारा स्थापित चैरिटेबल हेल्थ सेंटर का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने रिबन काटकर किया। डीएम ने आरसीएल द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति की गई इस पहल की सराहना की।




शुक्रवार को हाइवे स्थित आरएसीएल गियरटेक लिमिटेड में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि उद्योग देश की प्रगति का आधार हैं। देश की प्रगति में योगदान के साथ साथ सामाजिक सराकारों के प्रति भी उद्योगों द्वारा किए जाने वाला कार्य सराहनीय है। उन्होंने आरएसीएल द्वारा स्थापित हेल्थ सेंटर की सराहना की। कार्यक्रम में आरएसीएल के निदेशक मंडल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्थापित यह चैरिटेबल हेल्थ सेंटर क्षेत्र का अपनी तरह का पहला स्वास्थ्य केंद्र है, जो स्थानीय नागरिकों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। हेल्थ सेंटर का संचालन मैक्स हॉस्पिटल द्वारा किया जाएगा। सेंटर में जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे जरूरतमंद मरीजों को प्राथमिक एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकेंगी। यह स्वास्थ्य केंद्र शीघ्र ही आम जनता के लिए प्रारंभ किया जाएगा और विशेष रूप से ग्रामीण आबादी को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर एमडी गुरशरण सिंह, जगदीश केशवानी, मालिनी बंसल, नरिंदर पॉल कौर, ब्रिगेडियर एच.पी.एस. बेदी, प्रभ मेहर सिंह, प्रवीर कुमार, राकेश कपूर, अनिल शर्मा एवं एचआर हेड ब्रजेश राय आदि मौजूद रहे।

# गांधी मूर्ति से अतरासी मोड़ तक चौड़ीकरण हो

## सदर विधायक ने सदन में उठायी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोकलेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने गांधी मूर्ति चौराहे से टीपीनगर होते हुए अतरासी चौराहे तक मार्ग का डिवाइडर समेत चौड़ीकरण कराए जाने की मांग की। सदर विधायक महबूब अली ने विधानसभा में यह मामला उठाते कहा कि पिछले काफी समय से गांधी मूर्ति से अतरासी चौराहे तक सारा दिन जाम लगा रहता है। क्योंकि नौगांवा मार्ग, नूरपुर, बिजनौर के लोगों की इसी मार्ग से आवाजाही है। जिस कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस पर सदर विधायक महबूब अली को लोक निर्माण मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही मार्ग पर डिवाइडर व चौड़ीकरण कराया जायेगा।



# अनुशासन की सख्ती से बदली कुर्सी की तस्वीर

## छोटे साहब ने समेटा बोरिया-बिस्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर में इन दिनों एक महकमे की अंदरूनी हलचल चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि समय की पाबंदी और बिना अनुमति अवकाश को लेकर बड़े साहब की सख्ती ने पूरे माहौल को गर्मा दिया। छोटे साहब की लगातार लेटलतीफी से नाराज होकर बड़े साहब ने पहले तो अनुपस्थिति दर्ज कराई और फिर लेट लतीफी के दिनों के मानदेय पर भी रोक की बात कह दी।

यहीं से मामला तूल पकड़ गया। सूत्रों की मानें तो दोनों के बीच तनातनी बढ़ती चली गई और हालात ऐसे बने कि छोटे साहब के लिए कुर्सी असहज हो गई। अनुशासन की इस सख्ती से परेशान होकर छोटे साहब ने खुद ही यहां से विदा लेने का मन बना लिया और अपना बोरिया-बिस्तर समेटने की तैयारी शुरू कर दी। चर्चा है कि छोटे साहब की रवानगी के बाद एक बार फिर उसी कुर्सी पर पुराने साहब की वापसी हो गई है, जिससे महकमे में नई सरगर्मी देखने को मिल रही है। अब महाकमे और आस-पास चाय की दुकानों पर यही चर्चा है कि अनुशासन की मार ने पूरी तस्वीर बदल दी और कुर्सी की राजनीति में एक बार फिर नया मोड़ आ गया।

# ओपीएस स्कूल में सीनियर्स का विदाई समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हसनपुर मार्ग स्थित ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल, गजरौला में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एवं यादगार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सीनियर्स भावुक हो उठे। समारोह में विभिन्न उपाधियाँ प्रदान की गई। पारुल को मिस फेयरवेल तथा रविन को मिस्टर फेयरवेल का

**निदेशक व सचिव ने दी भविष्य के लिए शुभकामनाएं**

खिताब दिया गया। हिमांशु को मिस्टर ओपीएस और फालिहा को मिस ओपीएस चुना गया। सना को मिस टैलेंटेड, जबकि अयान खान को मिस्टर टैलेंटेड एवं मिस्टर डांसर की उपाधि मिली। उजैर खान को मिस्टर हीरो, अयान मेहरबान को मिस्टर हैंडसम, अयान असवाक को मिस्टर स्मार्ट बॉडी बिल्डर घोषित किया गया। आजाम खान को हैप्पी लर्नर, जैद खान को मिस्टर ब्रेव हार्ट, नितिन को प्राइड ऑफ स्कूल, जतिन को मिस्टर स्माइल तथा शान को उनके उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए मिस्टर प्लानर का सम्मान प्रदान किया गया। निदेशक डॉ.पूनम पंडित व सचिव डॉ.पराग पंडित ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।

# जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग की ट्रॉफी पर नारी वॉरियर का कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मैच नारी वॉरियर की टीम ने शक्ति स्कवॉड को आठ विकेट

**शालिनी शर्मा बनीं मैन ऑफ द मैच व सीरीज**

से हराकर ट्राफी जीत ली। विजेता टीम की शालिनी शर्मा को मैन ऑफ दि मैच, मैन ऑफ दि सिरीज एवं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के खिताब से नवाजा गया। शुक्रवार को जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी में स्थित क्रिकेट मैदान में जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने दोनों टीमों के बीच टॉस कराया। शक्ति स्कवाड की टीम की कप्तान प्रिया प्रताप ने टॉस जीतकर




पहले मैदान में उतरने का फैसला लिया। इस टीम के सभी खिलाड़ियों ने निर्धारित 12 ओवर में 55 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी अंजू राठी के नेतृत्व वाली नारी वॉरियर की टीम आते ही मैदान में छा गई। धुआंधार बैटिंग की बदौलत इस टीम ने 11 ओवर में ही आठ विकेट से मैच जीत लिया। विजेता टीम की शालिनी शर्मा ने सर्वाधिक 23, चंचल ने आठ, रीता परिहार ने सात, नम्रता ने तीन और प्रीति ने एक रन का योगदान दिया। बेस्ट बॉलर स्वाति मरेठिया, बेस्ट कीपर वैष्णवी द्वेदी, बेस्ट फील्डर अंशिका, कैच ऑफ दि मैच अनामिका, हाइएस्ट सिक्सर का अवार्ड रीता परिहार को मिला। मुख्य अतिथि एचआर हेड पुनीत तिवारी एवं रितु तिवारी ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर कपिल जोशी, मैच के स्कोरर आशु वर्मा, महेश कुमार, एंपायर विष्णु राणा, संजय सिंह, सुनील तिवारी, ऊषा वर्मा, अर्चना पांडेय, वंदना सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी बाइक, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** नौगावां थाना क्षेत्र के गांव अव्वलपुर निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र लाल सिंह मुरादाबाद से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे। डिडौली कस्बे के पास आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जितेंद्र गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना मिलते ही डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से उन्हें जोया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिश वर्धन सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार घायल हुआ है। तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी

# खेलकूद में कपसुआ स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भागीरथी देवी महाविद्यालय मैदान पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय कपसुआ के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। एथलेटिक्स में अनमोल ने 50 मीटर व 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, मीनाक्षी ने प्राथमिक वर्ग में 400 मीटर दौड़ जीती। लंबी कूद में अनमोल व पलक प्रथम रहे। जूनियर वर्ग में अंशुल ने ऊँची कूद, गोला फेंक व चक्का फेंक में प्रथम स्थान पाकर व्यक्तिगत चौंपियनशिप जीती। आकांक्षा ने लंबी कूद और निकिता ने 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। टीम खेलों में भी कपसुआ छाया रहा। प्राथमिक व जूनियर वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्राथमिक बालक व बालिका कबड्डी में भी कपसुआ ने जीत दर्ज की। इस उपलब्धि से विद्यालय व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अरविंद गिरि सहित प्रवेंद्र सिंह, भूरे सिंह, अंजली, एकम सिंह आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने सदन में उठाया सड़क सुरक्षा का मुद्दा, सरकार ने दिया जवाब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर पिछले दिनों हुए दर्दनाक हादसे का मुद्दा सदन में जोरदार तरीके से उठा। कांग्रेस की नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा और ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडेय ने कार्य स्थगन प्रस्ताव के तहत सड़क सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

आराधना मिश्रा ने कहा कि जिस गंगा एक्सप्रेसवे पर अभी तक आधिकारिक रूप से यातायात शुरू नहीं हुआ, उसी पर रायबरेली में एक तेज रफ्तार वाहन ने 9 महिलाओं को रौंद दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस वाहन का पांच बार पहले चालान हो चुका था, वह आखिर सड़क पर कैसे दौड़ रहा था? क्या निगरानी और प्रवर्तन तंत्र पूरी तरह विफल हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक हैं, लेकिन उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। एक सड़क दुर्घटना सिर्फ एक व्यक्ति की जान नहीं लेती, बल्कि पूरे परिवार को आर्थिक और सामाजिक संकट में डाल देती है। वहीं, मनोज पांडेय ने बताया कि हादसे की शिकार महिलाएं और युवतियां एक भंडारे से लौट रही थीं। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और घायलों के उपचार की व्यवस्था कराई। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने सदन में यह भी बताया कि दो घायल मीना और रिया की हालत बेहद गंभीर है और उनके इलाज पर लगभग ढाई-ढाई लाख रुपये का खर्च आ रहा है। उन्होंने मांग की कि इनके उपचार की व्यवस्था विधायक के विवे. काधीन कोटे से कराई जाए। मनोज पांडेय ने यह भी सवाल उठाया कि संबंधित सड़क अभी निर्माणाधीन थी और औपचारिक रूप से हैंडओवर नहीं हुई थी। ऐसे में ठेकेदार ने उस पर निजी वाहनों की आवाजाही कैसे होने दी।

## काशी चढ़ाएगी बाबा को शगुन की हल्दी

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक आते ही धार्मिक व आध्यात्मिक नगरी काशी महादेव के रंग में रंगने लगी है। शिव विवाह की रस्मों की औपचारिक शुरुआत शुक्रवार शाम को बाबा विश्वनाथ को सगुन की हल्दी चढ़ाने के साथ होगी। बांसफाटक स्थित श्रीमहंत लिंगिया महाराज के आवास 'श्रीयंत्र पीठम' (श्री धर्म निवास) से हल्दी की पारंपरिक यात्रा टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास के लिए प्रस्थान करेगी, जहां बाबा की पंचबदन चल प्रतिमा पर विधिवत हल्दी अर्पित की जाएगी। शीतला मंदिर के उपमहंत अवशेष पाण्डेय ने बताया कि काशी की प्राचीन लोक परंपरा के अनुसार शिव विवाह से पूर्व बाबा को शगुन की हल्दी चढ़ाई जाती है। इस वर्ष सिद्धपीठ बड़ी शीतला माता मंदिर के महंत परिवार द्वारा विशेष रूप से नासिक से हल्दी मंगाई गई है। गुरुवार को हल्दी एवं अन्य चढ़ावा बांसफाटक स्थित श्रीयंत्र पीठम पहुंचेगा।

# प्रयागराज में युवक की हत्या, मुख्य आरोपी समेत नौ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के नैनी थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक शादी समारोह के दौरान हुए विवाद में युवक की चापड़ और लोहे की सरिया से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने गेस्ट हाउस में तोड़फोड़ की और शव को सड़क पर रखकर हंगामा किया।

पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र स्थित कुशवाहा गेस्ट हाउस में मड़ौका निवासी ननकऊ की बेटी की शादी थी। बारात गुरुवार रात गेस्ट हाउस में ठहरी हुई थी। देर रात करीब 12 बजे कुछ बाराती पास में रहने वाले राजेश निषाद के खाली प्लॉट में पेशाब करने लगे। उसी प्लॉट में राजेश की गाड़ी खड़ी थी और वहां उसके माता-पिता की समाधि भी बनी हुई है। राजेश ने इसका विरोध किया, जिस पर कहासुनी बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान ननकऊ का भतीजा सुनील कनौजिया मौके पर पहुंचा और गेस्ट हाउस में तंदूर पर रखी लोहे की सरिया उठाकर राजेश पर कई वार किए। इसके बाद चापड़ से भी हमला किया गया।

गंभीर रूप से घायल राजेश खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने गेस्ट हाउस में तोड़फोड़ की और शव को सड़क पर रखकर बैठ गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन परिजन आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। बाद में अधिकारियों के आश्वासन पर स्थिति शांत हुई। नैनी थाना पुलिस ने गेस्ट हाउस से 12 बारातियों को हिरासत में लिया। तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी सुनील कनौजिया को जौनपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके साथ अन्य आठ आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में सहायक पुलिस उपायुक्त करछना सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और घटना की विस्तृत जांच के लिए टीम गठित की गई है।

# डीएम ने दुग्धेश्वर नाथ मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रुद्रपुर स्थित छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध दुग्धेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए शुक्रवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। श्रीमती मित्तल ने पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के साथ प्राचीन दुग्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर पहुंचकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारु व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, दर्शन व्यवस्था, बैरिकेडिग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित बैरिकेडिग एवं कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था की जाए। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, चिकित्सा एवं आपातकालीन सहायता, फायर सेफ्टी, प्रकाश व्यवस्था तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने भीड़ नियंत्रण के प्रभावी प्रबंधन, मार्गों को अवरुद्ध न होने देने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा एवं प्रशासनिक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# डायबिटीज, मोटापा व बीपी से बढ़ रहा दिल की बीमारी का खतरा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** खराब खानपान और भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण डायबिटीज, मोटापा और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि ये तीनों बीमारियां मिलकर दिल की बीमारी का खतरा कई गुना बढ़ा देती हैं।

लापरवाही बरतने पर हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्या हो सकती है। यह जानकारी लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठी ने दी। वह शुक्रवार को केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कॉर्डिकॉन 2026 को संबोधित कर रहे थे। कॉर्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से कान्फ्रेंस हो रही है। विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठी ने कहा कि डायबिटीज होने पर खून में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे नसों को नुकसान पहुंचता है। इससे दिल तक खून पहुंचाने वाली धमनियों में रुकावट का खतरा बढ़ जाता है। वहीं मोटापा, खासकर पेट पर चर्बी बढ़ना, दिल के लिए खतरनाक है। इससे शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। दिल पर दबाव पड़ता है। हाई ब्लड प्रेशर को साइलेंट किलर कहा जाता है। लंबे समय तक बीपी बढ़ा रहने से दिल की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं।

अगर किसी व्यक्ति को डायबिटीज के साथ बीपी या मोटापा भी है तो उसे दिल की बीमारी होने की आशंका और ज्यादा रहती है। कॉर्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. धीमान कहाली ने कहा कि दिल की बीमारी से बचने के लिए मोटापा से बचें। नियमित कसरत करें। मीठी व नमक का सेवन कम करें। फास्ट फूड व डिब्बा बंद भोजन भी दिल की सेहत के लिए खतरा है। डॉ. अक्षय प्रधान ने कहा कि 30 साल की उम्र के बाद नियमित रूप से ब्लड शुगर, बीपी और कोलेस्ट्रॉल की जांच करानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवत्व प्राप्ति की पावन रात्रि का पर्व है महाशिवरात्रि

**जालौन।** महाशिवरात्रि भगवान शिव की विराट दिव्यता का महापर्व है। जालौन जिले में विद्वानों के अनुसार यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, साधना और शिवत्व प्राप्ति का दुर्लभ अवसर है। पंडित अंकित शास्त्री ने बताया कि शिवरात्रि को पुरुष और प्रकृति के दिव्य मिलन की रात्रि माना जाता है, जिसे सृष्टि के प्रारंभ का प्रतीक भी कहा गया है। भौतिक बंधनों से मुक्ति पाकर ही मनुष्य शिवत्व को प्राप्त कर सकता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह रात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का पावन अवसर भी है। दार्शनिक दृष्टि से यह शिव और शक्ति का योग है, जो आसुरी शक्तियों पर विजय का संदेश देता है। शिवलिंग की पूजा मन को विकारों और वासनाओं से मुक्त कर निर्मल बनाने का प्रतीक मानी जाती है। वायुपुराण में 'लिंग' को उस तत्व के रूप में वर्णित किया गया है, जिसमें प्रलयकाल में समस्त सृष्टि लीन हो जाती है और सृष्टिकाल में पुनघ प्रकट होती है। शिव पुराण में भी भगवान शिव को प्रलय के पश्चात शेष रहने वाला तत्व बताया गया है। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर श्रवण नक्षत्र का विशेष प्रभाव रहेगा। पंचांग के अनुसार 15 फरवरी को रात्रि 7:48 बजे तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा, इसके बाद श्रवण नक्षत्र प्रारंभ होगा। इस दिन सर्वार्थ सिर्( योग का भी शुभ संयोग बन रहा है। विद्वानों के अनुसार श्रवण नक्षत्र में किया गया शिव पूजन अत्यंत फलदाई होता है। चार पहर की पूजा का विशेष महत्व है। प्रथम पहर शाम 6:11 बजे से रात 9:23 बजे तक, द्वितीय पहर 9:23 बजे से 12:35 बजे तक, तृतीय पहर 12:35 बजे से प्रात: 3:47 बजे तक तथा चतुर्थ पहर 3:47 बजे से 6:59 बजे तक रहेगा। श्रद्धालुओं को स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर पूजा करनी चाहिए। पूजन सामग्री में शिवलिंग, गंगाजल, कच्चा दूध, दही, शहद, घी, शक्कर (पंचामृत), बेलपत्र, धतूरा, अक्षत, चंदन और भस्म शामिल रखें। पूजन क्रम में सर्वप्रथम शिवलिंग पर जल अर्पित कर पंचामृत से अभिषेक करें, पुनघ जल चढ़ाएं। चंदन से त्रिपुंड बनाकर तीन पत्तियों वाला अखंड बेलपत्र चिकना भाग शिवलिंग की ओर रखते हुए अर्पित करें। फल, बेर एवं मिठाई का भोग लगाकर घी का दीप प्रज्वलित कर आरती करें। धार्मिक मान्यता है कि यह रात्रि चंद्रमा के क्षीणतम प्रभाव की होती है, अतघ मन को नियंत्रित करने के लिए श्रेष्ठ मानी गई है। इस दिन की गई शिव साधना ग्रह दोषों, विशेषकर चंद्र, राहु और शनि दोष से राहत प्रदान करती है। शिव आराधना भय और भ्रम को दूर कर आत्मविश्वास बढ़ाती है तथा मोक्ष मार्ग प्रशस्त करती है। गरुड़ पुराण में वर्णित कथा के अनुसार निषादराज सुंदरसेन ने अनजाने में शिवलिंग का अभिषेक कर रात्रि जागरण किया था, जिसके फलस्वरूप उन्हें मोक्ष प्राप्त हुआ। अग्निपुराण, पद्म पुराण और लिंग पुराण में भी श्रद्धापूर्वक रात्रि जागरण और बेलपत्र अर्पण को मोक्षदाई बताया गया है।

### वन्य जीव ने किया मासूम पर हमला मां की सूझबूझ से बची जान

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के बाबागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर गांव में बृहस्पतिवार देर रात एक अज्ञात जंगली जानवर ने फूस की झोपड़ी में घुसकर सात वर्षीय बालक पर हमला कर दिया। मां के साहसिक प्रयास से बच्चे की जान बच गई, हालांकि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार गांव निवासी अजय मिश्रा का पुत्र श्याम मिश्र (7) अपनी मां पूजा देवी के साथ झोपड़ी में सो रहा था। रात करीब दो बजे फूस की टटिया फाड़कर एक अज्ञात जंगली जानवर अंदर घुस आया और बच्चे के सिर को अपने जबड़े में दबोच लिया। बच्चे की चीख सुनकर जागी मां ने जान की परवाह किए बिना जानवर से संघर्ष किया और किसी तरह बालक को उसके चंगुल से छुड़ा लिया। खींचतान के दौरान बालक के सिर का ऊपरी हिस्सा गंभीर रूप से घायल हो गया। शोरगुल सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी जाग गए, जिसके बाद जंगली जानवर मौके से फरार हो गया। परिजन घायल बालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया। वहां से भी हालत नाजुक होने पर बच्चे को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और हमलावर जंगली जानवर को पकड़ने की मांग की है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी रुपईडीहा अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि घटनास्थल के आसपास कड़ी जमीन होने के कारण वन्यजीव के पंजों के स्पष्ट निशान नहीं मिल सके हैं। वन क्षेत्र और आसपास के इलाकों में टीम लगाकर खोजबीन की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमला किस जंगली जानवर ने किया।

### सुलतानपुर में चलती ट्रक में घुसी कार, मां-बेटे की मौत

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर जिले के थाना लघु अंतर्गत मदनपुर पनियार के पास शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे हुए सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिले के लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र में मदनपुर पनियार शुक्ला पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक आगे चल रहा था तभी पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में चालक समेत चार लोग सवार थे। चालक को झपकी आने की वजह से कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी तथा घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बेबी मसीह (45) और उनके पुत्र अर्पित कुमार (20) को जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचकर परिजनों ने मृतकों की शिनाख्त की पुष्टि की। हादसे में पुत्री संजू (27) को सामान्य चोटें आई हैं। मृतक बेबी मसीह, अर्पित कुमार और घायल संजू मूल रूप से अमहर दक्षिण पट्टी माधवपुर, थाना रसड़ा, जनपद बलिया के निवासी बताए गए हैं। कार में सवार एक अन्य घायल अमृता (40) पत्नी निर्मल जैनब जैनिया वाराणसी से ताल्लुक रखती हैं।

# काशी की पुरातन संस्कृति नष्ट कर रही है योगी सरकार: अजय राय




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया है कि योगी सरकार विकास के नाम पर वाराणसी की पुरातन संस्कृति को नष्ट कर रही है और धर्माचार्यों का अपमान कर रही है। श्री राय ने कहा कि धार्मिक नगरी वाराणसी में दालमंडी, मणिकर्णिका घाट समेत कई प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व की जगहों पर बुलडोजर चलवा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाप. ाप कर रहे हैं,

उन्हें आने वाले समय में इसका हिंसाब देना पड़ेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ष भाजपा सरकार बनारस में विकास के नाम पर विनाश का तांडव कर रही है। इस प्राचीन शहर का जो अपना बनारसीपन था, जो रस था, वह सब कुछ खत्म किया जा रहा है। पहले बाबा विश्वनाथ के दरबार के आस-पास कॉरीडोर बनाने के नाम पर भारी तोड़-फोड़ की गई, जिससे वहां की कई प्राचीन धार्मिक मान्यताएं तहस-नहस हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयाग में, मुगल बादशाह अकबर तक ने संगम पर किला बनवाते हुए वटवृक्ष को बचा कर रखा, लेकिन भाजपा अपने गुमान में किसी बात की परवाह नहीं कर रही है। बनारस में लहरतारा, पांडेयपुर जैसी तमाम जगहों पर तोड़फोड़ की गई। सरकार ने जगत प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट तक को भी नहीं छोघ जहां 3000 साल से भी अधिक समय से चिंताओं की अग्नि नहीं बुझी है। श्री राय ने कहा कि मणिकर्णिका घाट पर विवाद बघ तो मुख्यमंत्री योगी ने बयान दिया कि वहां का एआई (नकली) वीडियो बनाकर सरकार को बदनाम किया जा रहा है। लेकिन मैंने तो तब भी कहा और अभी कहता हूं कि (अहिल्याबाई होल्कर की) प्रतिमा नहीं तुघ्वाई गई है, तो उसे सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया जाए, हम अपनी बात पर माफी मांग लेंगे। उन्होंने कहा कि ए लोग अब नकली प्रतिमा तैयार कराने में लगे हुए हैं।

श्री राय ने कहा, ष दालमंडी इलाके में बुलडोजर का तांडव मचा हुआ है। सस्ते सामानों के लिए जानी जाने वाली इस वर्षों पुरानी मंडी (मार्केट) में 40 फीसदी से अधिक हिन्दू और लगभग 50 से 55 फीसदी मुस्लिम हैं। वे गंगा-जमुनी तहजीब के बीच अपना जीवन यापन कर रहे हैं। बनारस के आसपास तमाम जिलों के लोग इस मंडी में आते हैं, लेकिन योगी सरकार को किसी की चिंता नहीं है। विकास के नाम पर लोगों की जगह जबर्दस्ती अधिग्रहीत की जा रही है। अच्छे खासे मकान तोड़े जा रहे हैं। जो लोग अपने मकान-दुकान बेचने को तैयार नहीं हैं उनके साथ जबरदस्ती हो रही है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ छिड़े विवाद पर श्री राय ने कहा कि सरेआम बटुकों की चुटिया खींचकर मारा जा रहा है और सरकार आरोप लगा रही है कि वह कांग्रेस के इशारे पर काम कर रहे हैं। सनातन हितैषी होने का दावा करने वाली यह सरकार एक शंकराचार्य से उसका प्रमाण मांग रही है। उन्होंने सवाल किया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को इस सरकार ने महाकुंभ में किस हैसियत से विशेष स्थान आवंटित किया था। अगर वह ऐसा नहीं करती है, तो यही माना जाएगा कि वह इस समय शंकराचार्य के साथ जो करवा रही है वह सनातन का अपमान है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने अमे. रिका-भारत के बीच व्यापार सौदे में देश के किसानों के हित को सस्ते में दाव पर लगा दिया है। भारती माल पर अमेरिका में 18 प्रतिशत की दर से शुल्क लगोगा पर अमेरिका से आने वाले माल को यहां शून्य प्रतिशत कर पर प्रवेश दिया जाएगा।

# पद की गरिमा व जिम्मेदारी सबसे महत्वपूर्ण: रामगोपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आगरा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख राष्ट्रीय महासचि. चव एवं राज्यसभा सांसद रामगा. ेपाल यादव ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम 'सेवा तीर्थ' किए जाने के मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पीएमओ का नाम कुछ भी रखा जाए, उसमें जो भी बैठे उसे देशहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। प्रो यादव शुक्रवार को यहां कहा कि चाहे पीएमओ का नाम कुछ भी रखा जाए, उसमें जो भी बैठे उसे देशहित को सर्वोपरि रखना चाहिए और पार्टी हित को दूसरे स्थान पर।

उन्होंने कहा कि पद की गरिमा और जिम्मेदारी सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान पर भी पलटवार किया, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा था कि वंदे मातरम न गाने वालों को कान पकड़कर निकाल देना चाहिए। रामगोपाल यादव ने कहा कि कोई भी 'वंदे मातरम' का विरोध नहीं कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के किसी नेता का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान नहीं रहा है। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि कुछ लोग अभी से स्वयं को प्रधानमंत्री मानने लगे हैं। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। रामगोपाल यादव के बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा जारी है।

## बाराबंकी में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव गिरफ्तार

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव को पुलिस ने गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई दो दिन पूर्व दर्ज मुकदमे के आधार पर की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सफदरगंज पुलिस ने मनोज यादव को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे अपने कुछ साथियों के साथ स्फदरगंज क्षेत्र से गुजर रहे थे। गिरफ्तारी के बाद उन्हें बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां नियमानुसार चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि थाना स्फदरगंज में दो दिन पहले छेड़छाड़ तथा एससी-एसटी एक्ट के तहत एक मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी प्रकरण में साक्ष्यों और विवेचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस द्वारा की गई है। उल्लेखनीय है कि बीते दो दिनों से मनोज यादव के संपर्क में न होने को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। इस बीच उनकी पत्नी द्वारा लखनऊ के गोमती नगर विस्तार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। सफदरगंज में हुई इस गिरफ्तारी के बाद पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ मिल गया है।

## मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली 15 किमी पदयात्रा

ठाकुरद्वारा। कांग्रेस पार्टी के "मनरेगा बचाओ संग्राम" अभियान के तहत शुक्रवार को निकाली गई पदयात्रा विभिन्न गांवों से गुजरते हुए नगर में पहुंची और तहसील गेट पर सभा के साथ संपन्न हुई। यात्रा की शुरुआत करनपुर चौराहे से हुई, जो मोहद्दीपुर, रतुपुरा, अब्दुल्लापुर लेदा महिला कांग्रेस कार्यालय पर महिला जिलाध्यक्ष जेहरा बी के नेतृत्व में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया फिर यात्रा रुपपुर टण्डोला होते हुए करीब तीन बजे बाबू रामपाल द्वार पहुंची। यहां कांग्रेस नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी ने वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा का स्वागत किया। लगभग 15 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने के बाद कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सरकारी अस्पताल के सामने से तहसील गेट पहुंचे, जहां सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ग्रामीण मजदूरों और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मनरेगा योजना लागू की थी।

# चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला पुलिस कर्मियों को पुलिस अधिकारियों ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं पुलिस अधीक्षक कुँवर आकाश सिंह के द्वारा उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।महिला हेड कांस्टेबल अमीरन बानो ने 28 जनवरी से 1 फरवरी तक केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित चंद्रशेखरन नायर स्टेडियम में आयोजित 46वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2026 (पुरुष/महिला) में प्रतिभाग किया। उन्होंने 5 किलोमीटर रनिंग तथा 5 किलोमीटर वॉक रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक अर्जित किए। उनके इस शानदार प्रदर्शन से पुलिस विभाग एवं जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।इसी क्रम में 8 फरवरी को गाजियाबाद के साहिबाबाद में आयोजित "डगर इंडियन क्लासिक 2026" बॉडी बिल्डिंग एवं पावरलिफ्टिंग (डेड लिफ्ट एवं बेंच प्रेस) प्रतियोगिता में महिला कांस्टेबल पुष्पा चाहर ने प्रतिभाग करते हुए डेड लिफ्ट एवं बेंच प्रेस स्पर्धा में दो गोल्ड मेडल तथा दो शील्ड जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने दोनों महिला कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

साथ ही अन्य पुलिसकर्मियों को भी खेलों में भाग लेकर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

■ 24 दोपहिया वाहन बरामद, तीन गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-49 थाने की पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 22 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी, एक फर्जी नंबर प्लेट तथा एक अवैध तमंचा . 32 बोर मय एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से कार्रवाई करते हुए बिजलीघर सेक्टर-50, नोएडा क्षेत्र से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विशाल उर्फ सलीम (23 वर्ष), दीपक (22 वर्ष) और दिवाकर सरकार (30 वर्ष) के रूप में हुई है। इनमें से विशाल के कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। बरामद वाहनों में से कुछ मोटरसाइकिलें पहले से दर्ज मुकदमों से संबंधित पाई गई हैं। एक मोटरसाइकिल थाना सेक्टर-20 नोएडा में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 347/2025 से संबंधित है। वहीं, दो अन्य मोटरसाइकिलें दिल्ली के अशोक नगर और पुल प्रहलादपुर थानों में दर्ज मुकदमों से जुड़ी हुई हैं। पुलिस अब अन्य बरामद वाहनों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

पूछताछ में पता चला है कि ये गैंग नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद सहित एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में पहले रैकी करते थे और फिर मौका देखकर दोपहिया वाहनों की चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद वाहनों को किसी सुनसान स्थान पर एकत्र कर लिया जाता था और बाद में राह चलते लोगों को सस्ते दामों में बेच दिया जाता था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मुख्य आरोपी विशाल उर्फ सलीम पर पहले से ही आर्म्स एक्ट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट सहित 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दीपक के खिलाफ भी चोरी, आयुध अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। दिवाकर सरकार का भी आपराधिक इतिहास सामने आया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह लम्बे समय से सक्रिय था और विभिन्न राज्यों में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। बरामदगी के आधार पर अन्य मामलों का भी खुलासा होने की संभावना है।

# बोर्ड एग्जाम के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 24 घंटे रहेगी कैमरा की नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर प्रशासन ने उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं के लिए 60 परीक्षा केंद्रों पर अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेगी। अधिकारियों ने गुरुवार को एक समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। बैठक में केंद्र अधीक्षक और मजिस्ट्रेट और साथ ही पुलिस अधिकारी भी शामिल थे। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि परीक्षा में पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण और बिना किसी नकल के आयोजित हो।

गौतमबुद्धनगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम के मुता. बिक परीक्षा के दौरान किसी तरह की कोई कम न रह जाए इसके लिए पहले से ही सभी परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस साल निगरानी और सुरक्षा उपायों को मजबूत किया जाएगा, और परीक्षा केंद्रों पर बने स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जाएगी। मेधा रूपम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूरी परीक्षा अवधि के दौरान हर केंद्र पर इंस्टॉल किए गए कैमरा पूरी तरह से चालू रहने चाहिए।

**स्टूडेंट्स को मिले बुनियादी सुविधाएं:** गौतम बुद्ध नगर प्रशासन ने अधिकारियों से कहा है कि परीक्षा केंद्रों पर स्टूडेंट्स को साफ-सफाई, लाइटिंग की अच्छी व्यवस्था, पीने का साफ पानी, साफ-सुथरे वॉशरूम और फर्स्ट एड की सुविधा मिलनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने बैठक के दौरान आश्वसत किया कि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रश्न पत्र ट्रांसपोर्ट प्रोटोकॉल के तहत परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल की निगरानी में डिलीवर किए जाएंगे।

**42,917 छात्र परीक्षा में होंगे शामिल:** जिला स्कूल निरीक्षक (डीआईओएस) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिले में क्लास 10 और 12 के 42,917 छात्रों के परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सभी 60 केंद्रों पर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और परीक्षाओं के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने कहा है कि वह पूरी परीक्षा अवधि के दौरान सिविल और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखेगा।

## कैंसर सर्वाइवर्स की देखभाल पर बना रोडमैप

**नोएडा।** पीजीआई चाइल्ड हेल्थ में शुक्रवार को श्अन्वेषण 2026श कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के हेल्थकेयर विशेषज्ञ, नीति निर्माता और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

सेंटर फॉर हेल्थ इनोवेशन एंड पॉलिसी (चिप) फाउंडेशन और पीजीआई चाइल्ड हेल्थ के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस बैठक में कैंसर सर्वाइवर्स की चुनौतियों जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज (एनपी, एनसीडी) के तहत सर्वाइवरशिप सेवाओं को जोड़ने की संभावनाओं पर जोर दिया। बैठक में कैपेसिटी बिल्डिंग, मल्टीडिसिप्लिनरी केयर और लॉन्ग-टर्म फॉलो-अप मॉडल पर सहमति बनी।

# बिल्डर से 60 लाख रुपये ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराध थाना पुलिस ने गुरुवार को एक साइबर अपराधी को जिला रामपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी ने पिछले दिनों नोएडा के एक बिल्डर से 60 लाख रुपये ठगे थे। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-43 में रहने वाले बिल्डर मनोज ने बताया था कि वह 20 अगस्त को फेसबुक से माही नाम की महिला ठग के संपर्क में आए। उसके बाद व्हाट्सऐप पर बातें होने लगीं। ठग ने ऑनलाइन स्टोर से जुड़कर खुद कारोबार करना और 15-20 प्रतिशत तक लाभ होना बताया। मनोज को भी अपनी गारंटी पर कारोबार करने को राजी किया। मनोज ने उसके कहने पर विश शाप नाम के स्टोर पर थोक में सामान खरीदना शुरू कर दिया और 24 घंटे में ही ऑनलाइन सामान बेच दिया।

पहली ही डील पर मनोज को 20 प्रतिशत का लाभ हुआ। रकम बैंक खाते में ट्रांसफर होने पर मनोज का विश्वास बढ़ने लगा। इसके बाद महिला और अन्य जालसाजों के कहने पर मनोज ने 24 नवंबर तक 22 बार में 60 लाख रुपये




निवेश कर दिए। ऐप पर 1.10 करोड़ रुपये दिखने लगे तो उसने मुनाफे समेत रकम निक. ालने का आवेदन किया। ठगों ने कर के रूप में 11 लाख जमा कराने के लिए कहा। मनोज के रकम जमा नहीं करने पर ठगों ने अमेरिकी सरकार द्वारा ऐप खाता बंद करने की बात कहकर डराया। खुद भी 11 लाख में से आठ लाख रुपये जमा करने की बात कही, लेकिन शक होने पर मनोज ने रकम नहीं दी तो ठगों ने संपर्क तोड़ दिया। साइबर अपराध थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने जांच के बाद कार्रवाई करते हुए गुरुवार को जिला रामपुर के नौंगावा निवासी शहनवाज अहमद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन, चार डेबिट कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पेन कार्ड, एक डीएल और 26 कॉपी कालिंग डाटा बरामद हुआ है। कई राज्यों में केस दर्ज पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है, जो निवेश पर अच्छी आय का झांसा देकर धोखाधड़ी करता है। इसके अलावा साइबर अपराधियों को रुपये लेकर बैंक खाता उपलब्ध कराता है। आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र के नासिक सिटी में मुकदमा दर्ज है। आरोपी के बैंक खातों के खिलाफ महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में 15 शिकायतें दर्ज हैं। साइबर ठगी के एक करोड़ 30 लाख रुपये इन खातों में आए।

## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ के आरोपी को मिली जमानत

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** दनकौर के गांव पीपलका सूरतपुर में घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ और हत्या के प्रयास के आरोप में तलब किए गए आरोपी गौरव को जिला अदालत ने जमानत दे दी। 2023 में वादिनी ने आरोप लगाया था कि 9 फरवरी 2021 की शाम गांव में वॉलीबॉल खेलने के दौरान विवाद हो गया। विरोध करने पर गौरव समेत अन्य आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट की।

आरोप है कि मारपीट के दौरान वादिनी के साथ छेड़छाड़ की गई और उसके कपड़े फाड़ने का प्रयास किया गया। साथ ही सिर पर फावड़े से वार कर जान से मारने की कोशिश की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने अंतिम आख्या लगा दी थी, जिस पर वादिनी ने प्रोटेस्ट पिटीशन दायर की गई थी। बचाव पक्ष ने अदालत में दलील दी कि विवाद आपसी कहासुनी का था और आरोप बढ़ा-चढ़ाकर लगाए गए हैं। अभियोजन ने जमानत का विरोध करते हुए आरोपों की गंभीरता पर बल दिया, लेकिन अदालत ने मामले की परिस्थितियों और सह-आरोपी को मिली जमानत को ध्यान में रखते हुए गौरव की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।

### रेलवे स्टेशन के पास से 950 ग्राम गांजे के साथ तस्कर दबोचा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी रेलवे स्टेशन के आसपास यात्रियों और अन्य लोगों को गांजा बेचने का काम करता था। आरोपी की पहचान मंडपा गांव निवासी रऊफ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 950 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी पिछले कई महीनों से गांजे की तस्करी कर रहा था और स्टेशन के आसपास सक्रिय था। पूछताछ में आरोपी ने अवैध धंधे में शामिल होने की बात स्वीकार की है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

### नोएडा और ग्रेनो में एक्यूआई बढ़ा पर प्रदूषण से राहत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा-ग्रेनो को शुक्रवार को एक्यूआई बढ़ गया, लेकिन प्रदूषण से राहत है। दोनों शहर की हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। हालांकि, गुरुवार के मुकाबले ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 14 अंक और नोएडा का 32 अंक तक बढ़ गया है। जिले में सुबह आठ बजे के आसपास धूप तेज हो गई। हवा की गति कम होने के चलते लोगों को सर्दी से भी राहत मिली। हालांकि, सुबह और शाम को ठंड रही। हालांकि मौसम में हो रहे इस बदलाव ने हवा को साफ किया है। नोएडा का एयर क्वालिटी इंडेक्स 162 और ग्रेटर नोएडा का 170 दर्ज किया गया, जोकि मध्यम श्रेणी में आता है। गुरुवार को नोएडा का एक्यूआई 130 व ग्रेटर नोएडा का 156 था। वहीं, तेज धूप के चलते लोगों को सर्दी से राहत मिली है। करीब एक सप्ताह से मौसम गर्म हैं, ऐसे में धूप के चलते लोगों ने दिन में गर्म कपड़े तक पहनने बंद कर दिए हैं। वहीं, सुबह व शाम को सेक्टर व सोसाइटियों के पार्कों व बाजारों में भीड़ तक बढ़ गई है।

### पढ़ाई में खलल डाल रहा डीजे, कार्रवाई की मांग

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** बैंक्वेट हॉल में देररात तक बजने वाले तेज संगीत से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बोर्ड परीक्षाएं नजदीक होने के चलते अभिभावकों और विद्यार्थियों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विवाह स्थलों पर रात 10:30 बजे के बाद भी तेज आवाज में डीजे बजता रहता है, जिससे छात्रों की पढ़ाई में खलल पड़ता है। गौड़ सिटी निवासी रश्मि ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के लिए रात का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में लगातार शोर-शराबा पढ़ाई में बाधा बन रहा है। नियमों के अनुसार, निर्धारित समय सीमा तक ही डीजे बज सकता है, लेकिन विवाह स्थल इसका पालन नहीं करते। वहीं, दिनकर पांडे ने बताया कि अधिकांश बैंक्वेट हॉल में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है। कार्यक्रम के दौरान वाहन सड़कों पर खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे जाम लग जाता है।

# युवक से 38 हजार की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक मजदूर से रिश्तेदार बनकर 38 हजार रुपये की ठगी की गई है। अज्ञात आरोपी ने फोन पर खुद को रिश्तेदार बताकर यह धोखाधड़ी की। पीड़ित ने शुक्रवार को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित लख्मी ने बताया कि उन्हें शुक्रवार को एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को उनका दूर का रिश्तेदार बताया और किसी जरूरी काम के लिए तत्काल पैसों की आवश्यकता होने की बात कही। आरोपी ने मदद के लिए 38 हजार रुपये मांगे। रिश्तेदारी का हवाला और जरूरत की बात सुनकर लख्मी ने उस पर भरोसा कर लिया। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से पांच बार में कुल 38 हजार रुपये आरोपी द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद जब उन्होंने अपने असली रिश्तेदार से संपर्क किया, तो ठगी का खुलासा हुआ। असली रिश्तेदार ने किसी भी प्रकार की रकम मांगने से इनकार कर दिया।

ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने आरोपी को दोबारा फोन किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की। इसके बाद पीड़ित सीधे कोतवाली पहुंचे और पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। संबंधित बैंक खाते और मोबाइल नंबर की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सोसाइटी पार्क में कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी में लावारिस कुत्तों से आतंक से लोग परेशान है। आरोप है कि पार्क में कुत्तों का झुंड रहता है, जो हमला कर देता है। सोसाइटी में रहने वाले प्रणव ने बताया कि परिसर में बने पार्क के अंदर सात से आठ लावारिस कुत्तों का झुंड रहता है। यह लोगों पर आए दिन हमला कर देते हैं।

सुबह जब लोग टहलने के लिए जाते हैं तो कुत्ते उनके पीछे भाग लेते हैं। इससे सुबह के समय लोगों का घूमना भी बंद होता जा रहा है। दिलीप ने बताया कि कुत्तों के आतंक से लोगों ने बच्चों को पार्क में खेलना भेजना बंद कर दिया है। इसकी शिकायत कई बार प्राधिकरण में मेंटेनेंस कार्यालय में की गई, पर सुनवाई नहीं हो रही।

# विजिलेंस ने मांगी विभागीय जांच की फाइल

## अधिकारियों और कर्मचारियों का मांगा नाम, 2021 में तोड़े गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सुपरटेक ट्विन टावर मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। शासन के निर्देश पर चल रही लखनऊ विजिलेंस की जांच अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे प्राधिकरण के अधिकारियों की मुसीबतें बढ़ती नजर आ रही हैं। विजिलेंस ने हाल ही में दो अहम बिंदुओं पर नोएडा प्राधिकरण से जवाब तलब किया है, जिनका सीधा संबंध विभागीय जांच से है।

**विजिलेंस ने प्राधिकरण से स्पष्ट जानकारी मांगी है:** सुपरटेक बिल्डिंग से जुड़े मामलों में किन-किन अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई थी? किन अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच पूरी कर समाप्त की गई? संबंधित दस्तावेजों की प्रमाणित कॉपी भी मांगी गई है। इन सवालों ने प्राधिकरण के भीतर हलचल बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार, दोनों बिंदुओं पर जवाब तैयार किया जा रहा है।

**3 फरवरी को विजिलेंस टीम की दस्तक:** इससे पहले 3 फरवरी को लखनऊ से विजिलेंस टीम नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पहुंची थी। टीम ने नोडल अधिकारी से संपर्क कर ट्विन टावर ध्वस्तीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज तलब किए थे। इनमें प्रकरण में तैयार कार्यवृत योजना का विस्तृत ब्योरा, ध्वस्तीकरण से संबंधित जारी आदेश पत्र जैसे दस्तावेज शामिल थे।

सुप्रीम कोर्ट ने 31 अगस्त 2021 को ट्विन टावर गिराने के साथ-साथ इनके बनने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के आदेश दिए थे। कोर्ट का आदेश आने के बाद प्रदेश सरकार ने इस मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। टावर बनने के मामले में एसआईटी ने जांच रिपोर्ट में 26 अधिकारियों के अलावा सुपरटेक के चार निदेशकों और दो आर्किटेक्ट कंपनियों पर लापरवाही तय की थी। नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक की शिकायत पर लखनऊ विजिलेंस में 24 आरोपित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

**11 अधिकारियों की विभागीय जांच:** जांच रिपोर्ट के आधार पर नोएडा प्राधिकरण ने लखनऊ विजिलेंस संबंधित आरोपियों के खिलाफ 4 अक्टूबर 2021 को मामला दर्ज करा दिया था। एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में 11 अधिकारियों और कर्मचारियों का भी दोषी माना था। इनकी विभागीय जांच कराने को कहा गया था।

## सिलिंडर के साथ दो चोरों को रंगेहाथ दबोचा

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख में गैस सिलिंडर चोरी कर भाग रहे युवकों को मकान मालिक ने रंगेहाथ पकड़ लिया। ओम गार्डन चिपियाना बुजुर्ग निवासी मुकेश शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित ने बताया कि बुधवार को जब वह घर पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति उनके घर से सिलिंडर लेकर बाहर निकल रहा था। शक होने पर उन्होंने उससे पूछताछ की तो वह सिलिंडर छोड़कर भागने लगा। मुकेश शर्मा ने पड़ोसियों की मदद से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शहनबाज निवासी गाजियाबाद बताया। उसने बताया किया कि दूसरा सिलिंडर उसके साथी दिनेश निवासी चिपियाना बुजुर्ग के पास है जो आगे दीवार के पास खड़ा है। मौके पर पहुंचे तो दिनेश दो सिलिंडरों के साथ भागने की को. शिश कर रहा था। लोगों ने पीछा कर उसे भी दबोच लिया।

# नोएडा में बेटियों के लिए सुरक्षित आवास

## बनेंगे दो हजार कमरों के चार छात्रावास, एक साल में बनकर होंगे तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर की बेटियों और कामकाजी महिलाओं को पीजी के महंगे किराए या असुरक्षित ठिकानों की चिंता नहीं करनी होगी। महिला कल्याण विभाग की पहल पर जिले में चार अत्याधुनिक महिला छात्रावासों का निर्माण शुरू हो गया है। सुरक्षा मॉडल, आधुनिक सुविधाओं और किफायती किराए के साथ तैयार हो रहे ये छात्रावास न सिर्फ रहने की जगह देंगे, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत आधार भी प्रदान करेंगे। शहर में महिलाओं और छात्राओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए महिला कल्याण विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। जिले में चार महिला छात्रावासों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रत्येक छात्रावास में करीब 500 कमरे बनाए जाएंगे, यानी कुल मिलाकर 2,000 कमरे तैयार किए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार, इन छात्रावासों को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, ताकि संरचना मजबूत और सुविधाएं आधुनिक हों। एक छात्रावास नोएडा के सेक्टर-85 के पास बनाया जा रहा है। वहीं ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर गोल चक्कर के पास दो छात्रावासों का निर्माण होगा। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में कॉलेज और शिक्षण संस्थान हैं, जहां बाहर से आकर छात्राएं पढ़ाई करती हैं और अधिकतर पीजी में ठहरती हैं। नए छात्रावास बनने से करीब एक हजार छात्राएं सुरक्षित माहौल में रह सकेंगी। इसके अलावा कामकाजी महिलाएं भी यहां ठहर सकेंगी, जिससे उन्हें कम किराए में सुरक्षित आवास मिलेगा। चौथा छात्रावास कासना क्षेत्र में बनाया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में अन्य जिलों और राज्यों से महिलाएं काम के सिलसिले में आती हैं।

**इस सुवाधाओं से लेश होगें छात्रावास:** इन छात्रावासों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। परिसर में पुलिस बूथ की स्थापना, सीसीटीवी निगरानी, 24 घंटे सुरक्षा गार्ड और बायोमेट्रिक एंट्री सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही रहने वाली महिलाओं के लिए जिम, कैंटीन और स्वच्छ भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी। छात्राओं के लिए अलग अध्ययन कक्ष और शांत वातावरण की व्यवस्था की जाएगी, ताकि वे परीक्षा की तैयारी भी कर सकें। गौरतलब है कि सेक्टर-62 में पहले से एक महिला छात्रावास संचालित है, जहां कई छात्राएं और कामकाजी महिलाएं रह रही हैं। उसी मॉडल को और बेहतर बनाते हुए नए छात्रावासों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं इस साल के केंद्रीय बजट में प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास के निर्माण का प्रावधान किया गया है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर कल से वाहनों की रफ्तार बढ़ेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे पर कल यानी 15 फरवरी को रात 12 बजे के बाद हल्के वाहन 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से फर्राटा भर सकेंगे। 15 दिसंबर के बाद एक्सप्रेसवे पर पुरानी गति सीमा निर्धारित कर दी जाएगी। फिलहाल सर्दियों और कोहरे के चलते दिसंबर 2025 में लागू गति सीमा पर वाहन दौड़ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबा यमुना एक्सप्रेसवे गौतमबुद्ध नगर के अलावा अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा जिलों से होकर गुजरता है। यमुना किनारे होने की वजह से सर्दीयों में कोहरे की आशंका अधिक बड़ जाती है। ऐसे में खराब विजिबिलिटी के दौरान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए एक्सप्रेसवे पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगाना पड़ता है।

विगत 15 दिसंबर 2025 को प्रबंधन ने एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों की गति सीमा 75 किलोमीटर किलोमीटर और भारी वाहनों की 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित कर दी थी। 15 फरवरी से दोबारा गति सीमा को बढ़ा दिया जाएगा। 15 फरवरी रात 12 के बाद यमुना एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 100 किलोमीटर और भारी वाहन 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से फर्राटा भर सकेंगे।

एक्सप्रेसवे पर प्रतिदिन 35 हजार वाहन गुजर रहे एक्सप्रेसवे पर प्रतिदिन करीब 35 हजार वाहन गुजरते हैं। वीकेंड, त्योहार और लंबी छुट्टी के समय वाहनों की संख्या बढ़कर करीब 50 हजार तक पहुंच जाती है। एक्सप्रेसवे पर सफर को सुरक्षित बनाने के लिए प्रबंधन गति सीमा के उल्लंघन की खासतौर पर मॉनिटरिंग करता है।

# पत्नी को छत से धक्का देने का आरोप, कमर की हड्डी टूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कसना कोतवाली क्षेत्र में युवक पर पत्नी को छत से धक्का देने, जेवर बेचने और दहेज प्रताड़ना का आरोप लगा है। गिरने से विवा. हता की कमर की हड्डी टूट गई। परि. जनों ने तहरीर में इलाज के लिए खर्च न देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की मां मायरा के तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

गोंडा निवासी पीड़िता की मां मायरा वर्तमान में आरके पब्लिक स्कूल के पास कसना में रहती हैं। उन्होंने बताया कि 20 वर्षीय बेटी सना की शादी करीब दो वर्ष पहले कासना कस्बे में पुरानी मस्जिद के पास रहने वाले आमिर से हुई थी। तहरीर के मुताबिक शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग सना को प्रताड़ित करते थे।

आरोप है कि 5 फरवरी को आमिर ने शराब के नशे में सना को घर की छत से धक्का दे दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गिरने से उसकी कमर की हड्डी टूट गई और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़िता की मां का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने पहले उसके जेवरात बेच दिए और अब इलाज के लिए भी कोई आर्थिक सहायता नहीं दे रहे हैं। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ल का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ग्रेनो वेस्ट में गंगाजल की आपूर्ति जल्द शुरू की जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गंगाजल की आपूर्ति इस माह के अंत तक शुरू कर दी जाएगी। मुख्य पाइप लाइन के सर्वेक्षण का काम तेज कर दिया गया है। तीन जगह पर मिली लीकेज की समस्या को दूर किया जा रहा है। इसके बाद गंगाजल की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। शुरूआत में भूजल के साथ 40-50 फीसदी गंगाजल की आपूर्ति की जाएगी। दरअसल भूजल को बचाने के लिए प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में गंगाजल आपूर्ति की योजना पर शुद्ध पेयजल देने के लिए प्रयासरत है।

ग्रेटर नोएडा ईस्ट क्षेत्र के अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, सिग्मा, स्वर्णनगरी सहित ज्यादातार सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। अभी भूजल के साथ मिलाकर घरों में आपूर्ति की जा रही है। वहीं बचे हुए सेक्टरों में एक सप्ताह के अंदर गंगाजल पहुंचा जाएगा। अधिकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों में गंगाजल आपूर्ति की योजना पर काम तेज कर दिया गया है। वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा ने बताया कि चार मूर्ति/ गौड़ चौक तक गंगाजल पहुंच गया है। मुख्य पाइप लाइन के सर्वेक्षण का काम चल रहा है। मुख्य लाइन में तीन जगह पर लीकेज की समस्या आई है,जिसे दूर किया जा रहा है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। बता दें कि इस समय ग्रेटर नोएडा ईस्ट व वेस्ट में मिलाकर करीब 270 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसमें आंशिक रूप से 60-70 एमएलडी गंगाजल शामिल है। भविष्य में गंगाजल की मात्रा बढ़ाई जाएगी।

# डूब क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण की तरफ से शुक्रवार को बिसरख के डूब एरिया में खसरा संख्या-135 की जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया और लगभग 30 हजार वर्ग मीटर जमीन अवैध कब्जे से मुक्त करा ली गई।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के इस अभियान से अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है। ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने परियोजना विभाग को अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे ग्रेनो



प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा कि अधिसूचित एरिया में कहीं भी अनुमति के बिना निर्माण करना गलत है। प्राधिकरण की तरफ से अवैध निर्माण पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि कॉलोनाइजरों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

**दो जेसीबी, तीन डंपर मौके पर रहे:** परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ग्राम बिसरख के खसरा संख्या-135 की लगभग 30000 वर्ग मीटर जमीन पर कॉलोनाइजर कॉलोनी बसाने के फिराक में थे। बाउंड्री बनाकर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-3 के प्रबंधक रोहित गुप्ता के नेतृत्व में सहायक प्रबंधक राजीव कुमार व अन्य की टीम ने दो जेसीबी, तीन डंपर, प्राधिकरण का पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है। दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# मतदाता सूची में न जुड़े गलत व्यक्ति का नाम: अग्रवाल

- विशेष रोल प्रेक्षक/संयुक्त सचिव, भारत सरकार ने की समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिध्यिों के साथ बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विशेष रोल प्रेक्षक/संयुक्त सचिव, भारत सरकार नई दिल्ली संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद बरेली के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में विशेष रोल प्रेक्षक ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि मतदाता सूची में सही व्यक्ति का नाम छूटे नहीं और कोई गलत व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी जनता के प्रतिनिधि के रुप में हैं जनता आपके पास अपनी समस्याओं को लेकर आती रहती है। यदि किसी प्रकार की कोई शंका या समस्या है तो अवगत करा सकते हैं।

बैठक में बीजेपी जिलाध्यक्ष आंवला क्षेत्र ने सुझाव दिया कि नोटिस सुनवाई केन्द्र पर आने वाले लोगों की संख्या अधिक हो जाती है, लोग कतार में खड़े-खडेे वापिस चले जाते हैं अत: अगर हो सके तो एईआरओ को क्षेत्रों में भी भेजा जाए।

बैठक में बीएसपी के प्रतिनिधि ने कहा कि ऐसे लोग जो काम और रोजगार के लिए बाहर चले जाते हैं उनके वोट बनने में समस्या आती है इस पर भी ध्यान दिया जाए। सपा पार्टी के प्रतिनिधि ने बताया कि बूथ बढ़ाये गये और एसआईआर के कारण वोट कम हो रहे हैं तो यदि सम्भव हो तो मतदाताओ की संख्या के अनुसार वापस बूथ कम किये जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नोटिस सुनवाई केन्द्र काफी दूर होने पर भी लोगों को असुविधा हो रही है। एक ही परिवार के लोगों के वोट अलग-अलग बूथों पर हो गये हैं जिससे मतदाताओं को असुविधा हो रही है, जिस पर बताया गया कि फार्म 8 के माध्यम से बूथ बदलवाया जा सकता है इसके साथ ही नये नाम जोड़े जा रहे हैं फाइनल पब्लिकेशन के बाद ही मतदाताओं की संख्या पता चलेगी तदोपरान्त बूथों पर निर्णय लिया जा सकेगा।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा फार्मेट 9, 10,11 के विषय में भी जानकारी ली गयी जिस पर बताया गया कि फार्मेट 9 में फार्म 6 की समरी, फार्मेट 10 में फार्म 7 की समरी और फार्मेट 11 में फार्म 8 की समरी होती है। फार्म 7 को देने वाला व्यक्ति मतदाता होना चाहिये और अपने हस्ताक्षर आदि से ही फार्म 7 को जमा कर सकता है।

बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह सहित समस्त ईआरओ उपस्थित रहे।

# ग्रामीण के घर में घुसा मगरमच्छ लोगों में मची अफरा-तफरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव लाईखेड़ा में शुक्रवार को तड़के उस समय सनसनी मच गई, जब एक मजदूर के घर के परिसर में अचानक मगरमच्छ घुस आया। घर वालों की नजर पड़ते ही चीख-पुकार शुरू हो गई, जिससे आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

लाईखेड़ा गांव के रहने वाले मेवाराम मौर्य मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सुबह जब परिजन जागे तो आंगन में मगरमच्छ देखकर उनके होश उड़ गए। शोर सुनकर गांव में दहशत फैल गई, और कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर प्रधान पुत्र इमरान खान ने लोगों को वहां से हटवाया और वन विभाग को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे वनकर्मी अकबर अली, मानसिंह और नेतराम की टीम ग्राम पहुंची, और कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया।

वनकर्मी अकबर अली ने बताया कि पकड़े गए मगरमच्छ की उम्र लगभग एक साल है, उसका वजन करीब 40 किलो और लंबाई लगभग चार फीट आंकी गई। टीम ने रेस्क्यू के बाद उसे नदी में छोड़ दिया गया है। मगरमछ के नदी में छोड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, वहीं वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि नदी या जलभराव वाले इलाकों के आसपास सतर्क रहें और ऐसी किसी भी घटना की तुरंत सूचना दें।

## एक नजर

# गृह क्लेश के चलते ग्रामीण फांसी पर झूला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव चुनुआ के किसान कुंवर सेन ने गृह क्लेश के चलते आत्म हत्या कर ली। घर में कुंडे से लटककर उसने अपनी जिन्दगी खत्म कर ली। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने ग्राम जाकर घटना के सुबूत जुटाए और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम के किसान मोहन लाल के 40 वर्षीय पुत्र कुंवर सेन का आए दिन अपनी पत्नी से विवाद होता रहता था, जिसके चलते वह खासा परेशान रहता था। शनिवार को उसने अपने कमरे पर जाकर कुंडे से लटककर फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने ग्राम में जाकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक कुंवर सेन की पत्नी अमरवती, पुत्री माल्या, पुत्र त्रिवेन्द्र का रो रो कर बुरा हाल है।

# भाजपा नेता वेदप्रकाश गंगवार के निधन से शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख नबाबगंज एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वेदप्रकाश गंगवार का शुक्रवार सुबह 8 बजे निधन हो गया। वे भाजपा नेता रविंद्र गंगवार (सरजू) के पिता थे।

निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, विधायक डॉ. एम.पी. आर्य सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्हें सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के लिए सदैव याद किया जाएगा।

# सास, ससुर, देवर की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने की थी आत्म हत्या, पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव रत्नानंदपुर में 11 फरवरी को महेश कुमार द्वारा आत्म हत्या किए जाने के मामले में शुक्रवार को नया मोड़ आ गया। मृतक की पत्नी ने घटना के लिए अपने सास-ससुर और देवर पर पति को प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

रुद्रपुर की प्राइवेट फैक्टरी में काम करने वाले क्षेत्र के गांव रत्नानंदपुर के युवक महेश कुमार ने 11 फरवरी को आत्म हत्या कर ली थी। महेश कुमार का शव ग्राम के एक पेड़ से लटका मिला था। घटना स्थल पर मृतक का हेलमेट कपड़ों का बैग और बाइक खड़ी मिली थी। पुलिस ने मृतक महेश कुमार के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था। शुक्रवार को इस मामले में नया मोड़ तब आ गया जब मृतक की पत्नी कुसुम ने पति द्वारा आत्म हत्या किए जाने के लिए अपने ससुर- सास और देवर को जिम्मेदार मानते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मृतक महेश कुमार की पत्नी कुसुम द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में तीनों पर पति को बेइज्जत करने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कपूरपुर ग्राम चौपाल में सीडीओ देवयानी ने सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मीरगंज विकास खंड क्षेत्र के गांव कपूरपुर में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री देवयानी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ प्रतिभाग किया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर पेंशन, राशन कार्ड, शौचालय और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी आनंद विजय यादव को विशेष रूप से लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।ग्राम चौपाल के उपरांत सीडीओ ने कपूरपुर स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया, जहां 70 गौवंश पंजीकृत पाए गए। हरे चारे और भूसे की व्यवस्था संतोषजनक मिली, लेकिन रामगंगा के समीप स्थित गौशाला में वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या सामने आई। इस पर उन्होंने क्षेत्र पंचायत स्तर से खाली भूमि में मिट्टी का पटान कर स्थायी समाधान कराने के निर्देश दिए।इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने मीरगंज विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई, कार्यप्रणाली और अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा की। कुछ स्थानों पर अभिलेख संतोषजनक न मिलने पर नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह में व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। उन्होंने एनआरएलएम, मनरेगा और आईजीआरएस की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की तथा प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक अनिवार्य जनसुनवाई के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सीडीओ ने ग्राम चौपाल में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन की सक्रियता से ग्रामीणों में समस्याओं के शीघ्र समाधान की उम्मीद जगी है।

# रामगंगा के गोरा बसंतपुर घाट पुल पर कटान रोकने को लगाए जा रहे जियो बैग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** रामगंगा के गोरा बसंतपुर घाट पर बना पुल मीरगंज और आंवला तहसीलों को आपस में जोड़ता है। यह मार्ग 24 घंटे संचालित रहता है और क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। हर वर्ष रामगंगा में बाढ़ आने पर पुल की एप्रोच रोड कटान की चपेट में आ जाती है।

पुल निर्माण के समय एप्रोच रोड की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे, जिसके कारण लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को हर साल क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत करानी पड़ती है।जल स्तर बढ़ने पर नदी का पानी पुल के पास से एप्रोच रोड से सटकर गोरा गांव की ओर बहने लगता है, जिससे सड़क को खतरा बना रहता है। इस समस्या के समाधान के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा पुल के समीप नदी किनारे जियो बैग लगाए जा रहे हैं, ताकि पानी का बहाव एप्रोच रोड से दूर रखा जा सके।गोरा गांव के प्रमोद शर्मा ने बताया कि सड़क की सुरक्षा के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता कुलदीप कुमार ने जानकारी दी कि लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से गोरा लोकनाथपुर क्षेत्र में पुल की एप्रोच रोड पर सुरक्षात्मक कार्य कराए जा रहे हैं और जियो बैग लगाए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में कटान की समस्या से राहत मिल सके।

# कस्बे में विद्युत चोरी के खिलाफ चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता ज्ञानेन्द्र सिंह के दिशा निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित किया गया।

इस दौरान उन उपभोक्ताओं की विशेष जांच की गई जिनके विद्युत संयोजन पूर्व में काटे जा चुके थे, लेकिन फिर से अवैध रूप से उपयोग की आशंका थी। टीम ने कई स्थानों पर औचक निरीक्षण कर विद्युत चोरी से संबंधित प्रकरण दर्ज किए। साथ ही बकाया विद्युत बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन भी विच्छेदित किए गए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ओटीएस एकमुश्त समाधान योजना 2026 तक संचालित की जा रही है। इसके तहत बकायेदार उपभोक्ताओं को किस्तों में बिल जमा करने और सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया का निस्तारण करें। इस दौरान अवर अभियंता रमेश चन्द्र, टीजी द्वितीय प्रवीण शर्मा तथा सोनू, मोहम्मद शब्बीर, सुनील, काशीराम, राकेश, परविंदर, मोहित आदि मौजूद रहे।

# बहेड़ी बार एसोसिएशन का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

- जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील परिसर स्थित बहेड़ी बार एसोसिएशन सभागार में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार सिंह (जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बरेली) ने नवचयनित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामेंद्र सिंह राठी एडवोकेट, महासचिव दीपचंद पांडे एडवोकेट, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार एडवोकेट एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने बार की एकता, अनुशासन और न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

न्यायालय और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय से आमजन को शीघ्र और प्रभावी न्याय मिल सकता है।

उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी से अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान, युवा वकीलों के मार्गदर्शन और बार की गरिमा बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मनोज हरित (अध्यक्ष, बरेली बार), महासचिव दीपक पांडे एडवोकेट, सिविल जज जूनियर डिवीजन अरुण कुमार पांडे, सब रजिस्ट्रार अनामिका सिंह, निवर्तमान सचिव मनोज कुमार जौहरी एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष ठाकुर सिंह एडवोकेट, पूर्व कोषाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# भूमि संकट से बरेली की स्वास्थ्य परियोजना लखनऊ शिफ्ट, लोकसभा में उठा मामला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली के लिए प्रस्तावित क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक और एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला की बड़ी परियोजना अब शहर में नहीं लगेगी। यह खुलासा तब हुआ जब सांसद नीरज मौर्य ने लोकसभा में स्वास्थ्य मंत्री से सवाल पूछा। जवाब में बताया गया कि 2021 से 2026 तक भूमि उपलब्ध न हो पाने के कारण परियोजना को लखनऊ स्थानांतरित कर दिया गया। यह परियोजना प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत बरेली में स्थापित होनी थी। उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित 75 एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और 74 गहन चिकित्सा ब्लॉकों में बरेली भी शामिल था, लेकिन जमीन की अनुपलब्धता आड़े आ गई। स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने मलेरिया, डेंगू, जापानी एन्सेफलाइटिस, स्क्रब टाइफस और अन्य संक्रमणों की निगरानी के लिए पोर्टल के उपयोग की जानकारी दी, पर तराई क्षेत्र में बढ़ते संक्रमण जोखिम के बीच स्थानीय त्वरित स्वास्थ्य ढांचे पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। सांसद नीरज मौर्य ने इसे स्थानीय प्रशासन की बड़ी विफलता बताया। उनका कहना है कि बजट स्वीकृत होने के बावजूद जमीन न दिला पाना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार से वार्ता कर परियोजना को दोबारा बरेली लाने का प्रयास किया जाएगा। अब सवाल यह है कि क्या स्वीकृत योजनाएं कागजों तक ही सीमित रहेंगी या समयबद्ध कार्रवाई से जनता को वास्तविक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

# डीएम ने की फार्मर रजिस्ट्री योजना की समीक्षा

- सभी उपजिलाधिकारी और उपनिदेशक कृषि को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के दिए निर्देश
- फॉर्मर रजिस्ट्री में लक्ष्य सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने तहसीलवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान तहसील बहेड़ी और तहसील आंवला में फॉर्मर रजिस्ट्री की ज्यादा पेंडेंसीज होने पर जिलाधिकारी ने विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फॉर्मर रजिस्ट्री लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करें। सभी तहसीलें स्टेट औसत से जिले के औसत को ऊपर लाने भरसक प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सी एस सी केन्द्रों का भी फॉर्मर रजिस्ट्री करने में सहयोग प्राप्त करें। उपजिलाधिकारियों को जन सुविधा केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित कर कार्य में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रत्येक तहसील में सी एस सी केन्द्रों का एक नोडल अधिकारी बनाया जाए, जिसकी मदद से फार्मर रजिस्ट्री को बढ़ाया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्री में लेखपाल,आमीन,पंचायत सहायक ,रोजगार सेवक, एडीओ पंचायत, एडीओ कृषि सहित अन्य सम्बन्धित कर्मचारियों को लगा के शेष कार्य को पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी उपजिलाधिकारी , उपनिदेशक कृषि और जिला कृषि अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में उपनिदेशक कृषि द्वारा जिलाधिकारी से बिना अनुमति लिए कुल 16 टेक्निकल सहायक और एग्री टेक्निकल मैनेजरों को रहमान खेड़ा में ट्रेनिंग हेतु भेज जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, सभी उप जिलाधिकारी , उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रामगंगा बाढ़ से प्रभावित मंदिर बचाने की कवायद तेज, नई डीपीआर होगी तैयार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज ।** तहसील क्षेत्र के कपूरपुर एवं मदनापुर के ग्रामीण रामगंगा के कटान को रोक लगाने के इंतजाम करने की मांग गत वर्ष से कर रहे हैं। बाढ़ खंड के अवर अभियंता पंकज कुमार टीम के साथ मंदिर पर पहुंचे।

टीम ने मंदिर एवं मंदिर के नजदीक रामगंगा के कटान क्षेत्र का सर्वे किया। बाढ़ खंड मंदिर को नदी में कटने से बचाने को कम लागत की परियोजना बनाकर मंजूरी को शीघ्र शासन को भेजेगा। सर्वे के समय कपूरपुर के प्रधान हरीश कुमार राजपूत, पूर्व प्रधान संजू वाल्मीकी आदि मौजूद रहे।सर्वे होने से दोनों गांवों के ग्रामीणों में उंमीद की किरण जागी है। उल्लेखनीय है गत वर्ष बाढ़ में रामगंगा ने कपूरपुर व मदनापुर में सैकड़ों बीघा जमीन काटी थी। नदी कटान करती हुई मंदिर तक पहुंच गई। मंदिर की धर्मशाला का कुछ हिस्सा भी नदी में बह गया था। बाढ़ खंड ने सर्वे कर कटान रोकने को सुरक्षात्मक कार्यो को 6.52 करोड़ की परियोजना तैयार कर शासन को भेजी थी, लेकिन शासन ने परियोजना को मंजूरी नहीं दी। इसलिए बाढ़ खंड अब कम लागत की परियोजना तैयार करने की कार्रवाई कर रहा है। अवर अभियंता पंकज कुमार ने कटान रोकने को अगली बरसात से पूर्व मंदिर के नजदीक सुरक्षात्मक कार्यों करने को लगभग 500 मीटर की परियोजना बनाने को सर्वे किया है।

# मामूली सी बात पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, पति सहित चार पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** गांव मलसाखेड़ा निवासी पीड़िता सीमा ने पुलिस को बताया कि 4 वर्ष पहले उसकी शादी थाना शाही के गांव दोंद आलमपुर निवासी सोमपाल से साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी।आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके पति व ससुर, जेठ, जेठानी आए दिन उसे घरेलू बात पर प्रताड़ित कर मारते पीटते थे। साथ ही खर्च पानी से भी परेशान रखते थे। यह भी आरोप है कि 10 फरवरी को पति व जेठ गन्दी गालियां देने लगे, विरोध करने पर उसे लाठी डंडो से पीटा तथा जेठ ने उसके साथ छेड़छाड़ भी की। पति यह सब देखता रहा तथा जान से मारने की धमकी भी दे डाली। उक्त लोगों की मारपीट से उसके गुम चोटें आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति व ससुर जेठ जेठानी सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल को भेजा है।

# तीसरी शादी कर रहे पति को रोकने पहुंची विवाहिता से छेड़छाड़ व मारपीट

- कार न लाने पर पति व ससुराली विवाहिता को कर रहे थे प्रताड़ित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक विवाहिता ने अपने पति व ससुराल वालों पर उसे दहेज के लिये प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि अब उसका पति तीसरी शादी करने की तैयारी में है। जानकारी लगने पर जब वह ससुराल पहुंची तो उसके साथ गाली गलौज की गई और ससुर ने उसको पकड़कर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। घटना के बाद विवाहिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोहल्ला जिंदपुरा एसबीआई बैंक के पास कस्बा रिछा निवासी एक महिला का कहना है कि उसकी शादी दिनांक 05.09.2022 को अशद कमाल पुत्र मो0 असलम निवासी जिन्दपुरा वार्ड नं. 1 एसबीआई बैंक के पास कस्बा रिछा थाना देवरनियां जिला बरेली के साथ हुई थी। शादी में दिये गए दहेज से उसका पति व ससुर मो0 असलम पुत्र अकवर हुसैन, सास सीमा, नन्द निशा व जोहरा, नन्दोई मो0 इमरान पुत्र मो० फुरकान खुश नहीं थे। उक्त लोग दहेज में कार लाने के लिये उसे प्रताड़ित करने लगे। कार न लाने पर उसे तलाक देकर दूसरी शादी करने की धमकी दी जाने लगी।इसी बीच उसके पति ने दूसरी शादी कर ली, तथा कुछ समय बाद दूसरी पत्नी को तलाक दे दिया। अगस्त सितंबर में वह प्रेग्नेंट हो गई। जब वह तीन माह के गर्भ से थी तब उसके पति असद कमाल ने उसको बुरी तरह लातों घूसों से मारा पीटा, तथा पेट में लाते लगने से उसका गर्भपात हो गया।

इसके बाबजूद वह अपना घर बनाये रखने के लिये पति व ससुराल वालों की प्रताड़ना सहती रही। घटना के कुछ दिनों बाद उससे फिर कार लाने की मांग की जाने लगी। धमकी दी गई कि कार न लाने पर उसका पति तीसरी शादी कर लेगा।

जब वह मायके आई हुई थी तब उसे पता चला कि उसका पति तीसरी शादी कर रहा है। इस पर वह अपनी ससुराल पहुँची तो उसका पति व ससुराल जन, होने वाली तीसरी पत्नी के पिता दिलशाद उसका भाई सैफ पुत्र दिलशाद व 5-6 अज्ञात व्यक्ति उसको व उसके माता पिता को गाली गलौज करते हुये मारने पीटने लगे। बीच बचाओ करने पर उसके ससुर ने उसका हाथ पकड़ कर घर के अन्दर खींच लिया। इसके बाद ससुर ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए उसकी छाती को दबा दी, और बोला कि आज इसको मुंह दिखाने के लायक नहीं छोड़ेगे। विरोध करने पर पति व ससुरालजनों ने जान से मारने की नियत से उसका गला दबा दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गये जिन्होंने उसको उक्त लोगों से छुड़ाया। इस मामले में महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कलयुगी बाप को अपने पाप पर नहीं पछतावा

- बेटे को मार हत्यारोपी बोला- मेरा नहीं, पत्नी के प्रेमी का बेटा था वरुण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** हत्यारोपी सोमपाल ने पुलिस पूछताछ में सनसनीखेज खुलासा किया है। उसने कहा कि वरुण उसका बेटा नहीं, बल्कि पत्नी के प्रेमी का था। पत्नी के चरित्र पर शक होने के कारण उसने बेटे को मार डाला।

बेटे के हत्यारोपी सोमपाल का नशा उतरा तो भी उसके चेहरे पर अफसोस के भाव नहीं दिखे। उसे मासूम की हत्या का कोई मलाल नहीं था। पुलिस और मीडिया ने उससे पूछताछ की तो पता लगा कि उसके दिल में पत्नी के लिए बहुत नफरत भरी है। उसने साफ कहा कि वरुण मेरा नहीं, बल्कि पत्नी के प्रेमी का बेटा था। हत्यारोपी सोमपाल ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी अधिकतर मायके में रहती थी। वहीं किसी युवक से उसके संबंध थे। केवल बड़ा बेटा अरुण (5 वर्ष) ही उससे पैदा हुआ है। उसे यकीन है कि वरुण उसका बेटा नहीं था। उसकी शक्ल तक उससे नहीं मिलती थी। उसका गुस्सा पत्नी के चरित्र को लेकर था। उसका कुछ नहीं बिगाड़ सका तो उसके प्रेमी से पैदा हुए बेटे को ही मार दिया।

इधर, रामबेटी ने अधिकारियों को बताया कि उसका पति शराब पीने के साथ ही उससे झगड़ा करता है। शक्की मिजाज का है। उसकी हरकतों से परेशान होकर वह मायके में रहती थी। तब वह उस पर लांछन लगाता था। रोते हुए कहा कि वह बहुत अभागी है। बेटे की हत्या हो गई और वह उसे बचा न सकी। अब अपनी हरकतों की वजह से पति जेल जा रहा है।

दरअसल, भुता में बीते बुधवार को एक कलयुगी पिता ने साल भर के मासूम बेटे से अपनी शक्ल न मिलने और पत्नी पर शक करने की वजह से मासूम को मार डाला। उसने बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी और उसका शव तालाब में फेंक दिया।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश करने पर आरोपी को जेल भेज दिया गया। भुता थाना प्रभारी रविंद्र कुमार से गुरुवार सुबह शिकायत करने पहुंची रामबेटी ने बताया कि वह दो महीने से अपने मायके पीलीभीत के थाना बीसलपुर के गांव बोनी में रह रही थी। पति सोमपाल शराब पीने का आदी है। वह उन पर शक करते हुए अकसर पिटाई कर देता था।

बुधवार को पति सोमपाल उनके मायके पहुंचा। वहां से बड़े बेटे अरुण व एक साल के बेटे वरुण को जबरन साथ में लेकर गांव अठाना चला गया। बुधवार देर रात किसी समय वरुण की गला दबाकर हत्या की और शव तालाब किनारे छुपा दिया। इसकी जानकारी मिलने पर वह मायके से लौट आई।रामबेटी के साथ पहुंची पुलिस ने तालाब से शव बरामद किया। रामबेटी ने शव की पहचान की और पति सोमपाल पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी को पुलिस ने गांव के खेत से गिरफ्तार कर लिया।

## अज्ञात वाहन से टकरा कर बाइक सवार दो की मौके पर मौत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर जा रहे हैं दो की मौके पर मौत हो गई पुलिस ने शब पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटना गुरुवार रात करीब 10:00 बजे की है मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन के क्षेत्र प्रेम नगर निवासी सतपाल पुत्र राम सिंह अपने साढ़ू जयप्रकाश पुत्र घास. ीराम के साथ थाना कांठ के गांव लाडलाबाद में दावत में आए थे रात को वह वापस जा रहे थे जैसे ही मधपुरी गांव के पास पहुंचे वहां अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें जयप्रकाश और सतपाल बुरी तरह घायल हो गए घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा गया लेकिन वहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों शबो को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक सतपाल के पिता राम सिंह पुत्र प्रसादी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# 50 करोड़ से संवर रहा गुरु जंभेश्वर विवि: पीतल उद्योग को मिलेगी 'नई चमक', लाखों युवाओं को शिक्षा और रोजगार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पीतल नगरी मुरादाबाद के शैक्षिक क्षितिज पर एक नया सूरज उग रहा है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बजट 2026 में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय को 50 करोड़ रुपये की संजीवनी देकर मंडल के लाखों छात्रों के सपनों को नई उड़ान दी है। सरकार की मंशा साफ हैख्रशिक्षा को रोजगार से जोड़ना। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है और मई 2026 तक यह पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो जाएगा। यह विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा का मंदिर होगा, बल्कि मुरादाबाद के विश्व प्रसिद्ध पीतल उद्योग के लिए श्स्किल फैक्ट्रीश भी साबित होगा।




**पीतल उद्योग की जरूरतों के हिसाब से तैयार हुआ पाठ्यक्रम**

विश्वविद्यालय के कुल सचिव गिरीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि सत्र 2025-26 का आगाज हो चुका है और कैंपस में सात पीजी पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें साइंस संकाय के एमएससी फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, कंप्यूटर साइंस, एनवायर्नमेंटल साइंस के साथ एमकॉम और एम. ए. जियोग्राफी शामिल हैं।

खास बात यह है कि इन पाठ्यक्रमों को मुरादाबाद के पीतल उद्योग को केंद्र में रखकर डिजाइन किया गया है। एमकॉम: छात्र सीखेंगे कि पीतल उद्योग में एक्सपोर्ट-इंपोर्ट का काम कैसे होता है। एनवायर्नमेंटल साइंस: उद्योग से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को कैसे सुधारा जाए, इसकी तकनीक सिखाई जाएगी।

केमिस्ट्री: रसायनों का उपयोग और धातुओं का निष्कर्षण (Eætraction) कैसे हो, इस पर फोकस रहेगा। कुल सचिव ने बताया कि सभी कोर्सेज को एईडीपी (AEDP) (Apprenticeship Embedded Degree Program) से जोड़ा जा रहा है। यह एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे छात्रों को क्लासरूम की पढ़ाई के साथ-साथ इंडस्ट्री में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिलेगा। 333 कॉलेजों का महा. संगम: 5 लाख छात्रों का बनेगा भविष्य विश्व. विद्यालय का दायरा बेहद विशाल है। मुरादाबाद मंडल के पांचों जिलों के 333 कॉलेज अब गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से जुड़ चुके हैं। जो छात्र अभी रोहिलखंड विश्वविद्यालय से सेकेंड या थर्ड ईयर कर रहे हैं, उन्हें भी अब डिग्री इसी विश्वविद्यालय की मिलेगी। आंकड़ों की बात करें तो वर्तमान में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम वर्ष में लगभग 1 लाख 29 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। जब कैंपस और व्यवस्थाएं पूरी तरह संचालित हो जाएंगी, तो मंडल के करीब 5 लाख विद्यार्थी यहाँ से शिक्षित होकर देश-प्रदेश में अपनी सेवाएं देंगे। फिलहाल कैंपस में 7 कोर्सेज में 94 विद्यार्थी शिक्षा ले रहे हैं, जिन्हें एडेड कॉलेजों के अनुभवी प्रोफेसर और ऑनलाइन-ऑफलाइन मोड में ड✱व ब्ठ✱के सहयोग से पढ़ाया जा रहा है। मई तक तैयार होगा कैंपस, आईआईटी रुड़की कर रही निगरानी पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता राजेंद्र बहादुर ने बताया कि बजट 2026 में मिले 50 करोड़ रुपये से निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। ईपीसी (EPC) मोड पर हो रहे इस निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा रहा, जिसकी निगरानी आईआईटी रुड़की जैसी संस्थाएं कर रही हैं।

मई तक विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से शुरू कर दिया जाएगा। मुख्य बिल्डिंग के अलावा एडमिन ब्लॉक, वीसी रेजीडेंसी, पुलिस आवास और गैराज का काम पूरा हो चुका है। कैंपस को अत्याधुनिक बनाते हुए सभी कक्षाओं को स्मार्ट क्लास में तब्दील किया गया है, ताकि छात्रों को देश के टॉप क्लास विश्वविद्यालयों जैसी सुविधाएं मिल सकें। अगले सत्र से एआई की पढ़ाई विश्वविद्यालय प्रशासन भविष्य की तैयारियों में भी पीछे नहीं है।

अगले सत्र (2026-27) से कंप्यूटर साइंस के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का कोर्स भी शुरू किया जाएगा। साथ ही, बचे हुए अन्य पाठ्यक्रमों को भी पूरी क्षमता के साथ शुरू करने की योजना है। योगी सरकार का यह प्रयास मुरादाबाद को शिक्षा और उद्योग का एक सशक्त केंद्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## एसडीएम ने मंदिरों की व्यवस्था देखकर किया गोशाला का निरीक्षण

कांठ(शाह टाइम्स) महाशिवरात्रि पर्व सुरक्षित संपन्न कराने की दिशा में आज एसडीएम संतदास पवार ने लाडलाबाद और ढाकी मंदिरों का भ्रमण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए उन्होंने कांवरियों के लिए सुरक्षा बैठने और जलाभिषेक करने की व्यवस्था के बारे में जानकारी की मंदिर के महंतो से पर्व सुरक्षित तरीके से मनाए जाने को लेकर वार्ता की ओर कहा कि किसी भी परेशानी के लिए उन्हें तुरंत अवगत कराया जाए इसके बाद उन्होंने लाडला बाद गौशाला जाकर गोवंश के पानी चारा और अन्य चीजों के बारे में जाना उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी



## सेंट स्टीफन इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों को दी विदाई



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** ऊमरी कलां स्थित सेंट स्टीफन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 8 के छात्र- छात्राओं द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य, और नाटक, प्रस्तुत किए गए अच्छा प्रदर्शन करने पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव और यादें साझा की। प्रधानाचार्या कविता रस्तोगी एवं स्कूल चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई ने सभी छात्र - छात्राओं की सराहना की और उन्हें उनके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में स्कूल के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## शिवरात्रि पर्व पर सुरजन नगर -भूतपुरी मार्ग पर सुरक्षा सख्त भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित

**सुरजन नगर।** सुरजन नगर के निकट भारती बिजनौर सीमा पर बनी चौकी पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शांति व्यवस्था और कांवड़ियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए अफजलगढ़ पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरजनगर-भूतपुरी मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुरक्षा कारणों को देखते हुए पुलिस ने इस मार्ग पर भारी वाहनों और ई-रिक्शा के संचालन को पूरी तरह रोक दिया है। पुलिसकर्मियों द्वारा जगह-जगह बैरिकेडिंग कर वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है, ताकि शिवभक्तों को पैदल यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल निरंतर गश्त कर रहा है और संदिग्ध गति. विधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस चौकी इंचार्ज लोकेंद्र सिंह का कहना है कि पर्व की समाप्ति तक यातायात व्यवस्था में यह बदलाव लागू रहेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## सदन में गूंजी बिलारी की आवाज: कोविड कालीन मुकदमों की वापसी से लेकर विकास कार्यों तक सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने उठाए मुद्दे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** विधानसभा में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान (विधानसभा क्षेत्र 30 बिलारी) ने एक साथ जनहित और क्षेत्रीय विकास से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान जनप्रतिनिधियों पर दर्ज मुक. दमों की वापसी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक ने कहा कि महामारी के कठिन समय में जब पूरा प्रदेश संकट से गुजर रहा था, तब जनप्रति. निधियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना जनता की सेवा कीख्रराशन वितरण कराया, दवाइयाँ पहुंचाई, ऑक्सीजन और अस्पतालों में बेड की व्यवस्था कराई, प्रवासी मजदूरों को उनके घर तक पहुंचाने में सहयोग किया। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर प्रशासनिक परिस्थितियों के चलते सेवा कार्यों के दौरान मुकदमे दर्ज कर दिए गए। बाद में सरकार ने आम नागरिकों के खिलाफ दर्ज कई कोविड-कालीन मुकदमे वापस लिए,



लेकिन उन्हीं मामलों में नामजद विधायकों के मुकदमे आज भी लंबित हैं। इसे न्याय और समानता के सिद्धांत के विपरीत बताते हुए विधायक ने मांग की कि जिन मामलों में कोई गंभीर आपराधिक तत्व नहीं है, उनकी निष्पक्ष समीक्षा कर मुकदमे वापस लिए जाएं। इसी के साथ उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र बिलारी से जुड़े कई महत्वपूर्ण विकासात्मक मुद्दे भी सदन में रखे। बुनकर बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण राजकीय सूत डिपो की स्थापना की मांग की, ताकि स्थानीय बुनकरों को सस्ती दरों पर सूत उपलब्ध हो सके। बिलारी तहसील में अधिवक्ताओं के लिए समुचित चौंबर निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।

नगर पालिका परिषद बिलारी क्षेत्र में स्थित 75 वर्ष पुराने सहकारी प्रबंध प्रशिक्षण केंद्र की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए उसकी भूमि सुरक्षा सुनिश्चित करने और उसे "सहकारिता हब" के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा। विधायक ने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को चयन वेतनमान और सेवा संबंधी कार्यों में आ रही दिक्कतों का उल्लेख करते हुए मानव संपदा पोर्टल को दुरुस्त कर तकनीकी समस्याएं शीघ्र दूर करने की मांग की।

साथ ही विधानसभा क्षेत्र 30 बिलारी में छात्राओं की उच्च शिक्षा के लिए राजकीय गर्ल्स डिग्री कॉलेज की स्थापना, शाहबाद-बिलारी मार्ग से खाबरी अब्बल तक सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण, तथा किसानों की सुविधा के लिए मंडी समिति की स्थापना की मांग भी जोरदार ढंग से उठाई। विधायक हाजी फहीम इरफान ने कहा कि ये सभी विषय सीधे तौर पर जनता के जीवन, शिक्षा, रोजगार और क्षेत्रीय विकास से जुड़े हैं। उन्होंने सरकार से अपेक्षा की कि कोविड कालीन मुक. दमों पर न्याय संगत निर्णय लेते हुए और बिलारी क्षेत्र की लंबित विकास योजनाओं को प्राथमिकता देकर जनता को राहत दी जाए।

## आईफटीएम में 'एक्सटेम्पोर स्पीच कम्पटीशन' का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईफटीएम विश्व. विद्यालय में स्कूल ऑफ लॉ के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से एक ''एक्सटेम्पोर स्पीच कम्पटीशन'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि 'एक्सटेम्पोर स्पीच कम्पटीशन' का उद्देश्य विद्यार्थियों में सहजता के साथ संवाद कौशल और अपनी भाषा में आत्मविश्वास को बढ़ाना है। इसका लक्ष्य रचनात्मक सोच, स्पष्ट अभिव्यक्ति और विविध विषयों पर जागरूकता को प्रोत्साहित करना व भागीदारी की भावना एवं भाषाई गौरव को बढ़ावा देना है। वहीं प्रतियोगिता के सह संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि एक्सटेम्पोर स्पीच केवल प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि यह भविष्य के कुशल अधिवक्ता तैयार करने में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक्सटेम्पोर स्पीच का अभ्यास विद्यार्थियों को अपनी बात को सही समय व सही मंच पर प्रस्तुत करने की दिशा में प्रोत्साहित भी करेगा। इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ लॉ के 35 छात्र-छात्राओं ने



प्रतिभाग किया, जिनमें बीए-एलएलबी, तृतीय वर्ष के छात्र राहुल कुमार ने प्रथम, बीए-एलएलबी, चतुर्थ वर्ष के छात्र अखिलेश यादव द्वितीय एवं बीबीए-एलएल.बी, द्वितीय वर्ष की छात्रा वैष्णवी वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्कूल के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. मनीषा माटोलिया, डॉ. शिखा गुप्ता, एवं डॉ. इला अरोरा निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। इस मौके पर प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. श्याम बिहारी मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थियों के विचारों एवं अभिव्यक्ति की क्षमता में विकास करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिससे भविष्य में विद्यार्थियों को अदालत में अपने वादों की जिरह के दौरान अपने पक्ष को मजबूती से रखने का कौशल प्राप्त होगा।

साथ ही उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एक कुशल अधिवक्ता को समस्त आवश्यक तथ्यों सहित सुव्यवस्थित ढंग से अपना वक्तव्य रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के फैकल्टी मैम्बर सुश्री ऊर्जा अरिवान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता की आयोजन सचिव सुश्री कल्पना शर्मा द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान विधि विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं समेत कुल 80 से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के बापू सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की गई, जिसमें विद्यालयों द्वारा फार्म जमा न करने एवं छात्रों के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यालयों में जाकर जांच करें और छात्रों के फार्म जमा कराकर योजना से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। जनपद में फैमिली आईडी बनाने के लिए विभागवार निर्धारित लक्ष्य की समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और कहा कि फैमिली आईडी कार्य में तेजी लाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करा दिए जाएं साथ ही उन्होंने गौशालाओं में हरे चारे की उपलब्धता, गौवंश में टीकाकरण तथा




जल भराव की समस्याओं के समाधान को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का भ्रमण करते रहें और डाक्टर की भी उपलब्धता बनी रहें।

श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि श्रम विभाग के अधिकारी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराएं तथा पात्रता के आधार पर अधिकतम लोगों को योजना से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत पात्रों को चिन्हित करके लाभान्वित किया जायें। बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम, आईसीडीएस, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पारिवारिक लाभ योजना, गन्ना मूल्य भुगतान, भवन निर्माण, सड़क निर्माण आदि के बारे में भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती संगीता गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह के साथ साथ जिला विकास अधिकारी, डीएफओ, एलडीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

### एक नजर

## टिमिट में एलुमनाई गेस्ट लेक्चर का हुआ भव्य आयोजन

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा छात्रों के शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से एक एलुमनाई गेस्ट लेक्चर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विकास सचदेवा, सेल्स मैनेजर, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, मुरादाबाद रहे। श्री विकास सचदेवा वर्ष 2010 से 2013 के बीच टिमिट के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान अपने छात्र जीवन से लेकर कॉरपोरेट क्षेत्र में कार्य करने तक की प्रेरक यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार निरंतर सीखने की भावना, अनुशासन, संचार कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण से कोई भी छात्र अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। साथ ही उन्होंने सेल्स एवं मैनेजमेंट क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों, उद्योग की वर्तमान मांगों, कार्यस्थल की चुनौतियों तथा उनसे निपटने के व्यावहारिक तरीकों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अतिथि वक्ता से करियर योजना, इंटरव्यू की तैयारी, कॉरपोरेट कल्चर और प्रोफेशनल ग्रोथ से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका श्री सचदेवा ने अपने अनुभवों के आधार पर सरल और प्रेरणादायक उत्तर दिए। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने एलुमनाई को सम्मानित करते हुए कहा कि टिमिट के पूर्व छात्रों की उपलब्धियां वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के एलुमनाई गेस्ट लेक्चर छात्रों को उद्योग से जोड़ने, व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने और अपने करियर के प्रति स्पष्ट दृष्टि विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया गया तथा छात्रों ने ऐसे और भी प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की इच्छा व्यक्त की।




## सुल्तानपुर में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ पकवाड़ा के क्रम में आज दिनांक 13 2 2026 को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुंदरकी ब्लाक के गांव सुल्तानपुर में किया गया। इस अवसर पर श्री जोगेंद्र सिंह चौहान जिला मंत्री बीजेपी मुरादाबाद ( पूर्व प्रधान ग्राम सुल्तानपुर) ने ग्राम वासियों के सम्मुख अपने विचार रखते हुए कहा कि कुष्ठ रोग का इलाज सरकारी अस्पतालों में बहुत अच्छे प्रकार से किया जा रहा है। डॉ0 भास्कर अग्रवाल ने बताया कि कुष्ठ रोग संक्रमित व्यक्ति के श्वास कण के माध्यम से दूसरे व्यक्ति के शरीर में जा सकता है अत: कुष्ठ रोगी और उसके परिवार से कोई भेदभाव ना करें बल्कि उसका सहयोग करें जिससे वह सही समय पर इलाज लेकर विकलांगता की स्थिति को प्राप्त ना हो। इस अवसर पर पैरामेडिकल वर्कर राजकुमार, गांव की आशा महेंद्री का कार्यक्रम के आयोजन में विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सुल्तानपुर गांव के जगी सिंह, वीरपाल सिंह, राजू सिंह, विनोद पाल, हरिओम सिंह, मोनू सिंह, टिल्लनसिंह एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## हिफ्ज करने वाले 9 छात्रों की दस्तार वन्दी की गई



**कुंदरकी।** मदरसा जिया तैयबा कुन्दरकी में जिया तैयबा कॉन्फ्रेंस और दस्तारबंदी हुई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्वानों, शेखों और सादातों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर हिफ्ज करने वाले 9 छात्रों की दस्तार वन्दी की गई। सरपरस्ती औलादें गौस-ए-आजम डॉ. सैयद नासिर मियां और अध्यक्षता मौलाना अखघ्लाक ने की हुसैन साहिब ने की। मदरसा जिया तैयबा के छात्रों ने कलाम पेश किये।

उन्होंने कुछ जगहों से कुरान पढ़कर लोगों को सुनाया। उसके बाद मुफ्ती मुहम्मद इमरान हनफी ने कुरान कुरान की तालीम के बारे में लोगों को विस्तार से बताया ।उसके बाद सलाम और मुल्क व कोम की तरक्की की दुआ की गई। उसके बाद सैयद मुहम्मद नासिर मियां ने दुआ की। इस मदरसे के प्रधानाचार्य कारी इंतिजार हुसैन रिजवी ने आए हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा करते हुए तोहफा दिया।इस मौके पर सैयद वसीम मियां, हाफिज अहमद, मौलाना सोहेल अहमद, मौलाना मुहम्मद जिया कादरी, कारी महफूज-उर-रहमान, मुफ्ती नईमुद्दीन मौलाना शब्बीर हुसैन आदि मौजूद थे।



# हर-हर महादेव के उद्घोष से भक्तिमय हुआ वातावरण

## कांवड़ियों के आगमन से धनौरा मार्ग पर हाइवे हुआ शिवमय, गूंजे 'बम-बम भोले' के जयकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**गजरौला।** भगवान शिव की भक्ति में चूर होकर कांवड़िए धीरे धीरे अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को मण्डी धनौरा मार्ग और हाइवे पर दूर दूर तक कांवड़ियों के जत्थे दिखाई दे रहे थे। कांवड़ियों के आवागमन से नगर का वातावरण भी शिवमयी हो गया। जगह जगह लगे सेवा शिविरों पर कांवड़ियों का सेवा सत्कार किया गया। पुलिस दिन के साथ साथ रात में भी कांवड़ियों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रही।

कल रविवार 15 फरवरी को देश भर में महाशिवरात्रि पर्व का मनाया जाएगा। हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़िए हाइवे पर बुलंदशहर को जाने के लिए कुमराला चौकी से शहबाजपुर डोर बाईपास होकर निकल रहे हैं। वहीं अमरोहा दिशा, हसनपुर रोड पर भी कांवड़ियों की धूम मची है। भगवान शिव के भक्तों का स्वागत और सेवा करने के लिए नगर के हसनपुर रोड, हाइवे के साथ साथ धनौरा रोड पर कई स्थानों पर का सेवा विश्राम स्थल की व्यवस्था की गई। शुक्रवार को शहर

**महाशिवरात्रि से पहले उमड़ा आस्था का सैलाब**

से खुर्जा, बरेली, मुरादाबाद, सम्भल आदि दूर दूर के रहने वाले जत्थे पास हुए। स्थानीय एवं क्षेत्रीय शिवभक्तों की भीड़ शनिवार को ज्यादा रहेगी। मण्डी धनौरा मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या ज्यादा होने के कारण चार पहिया वाहनों को भी डायवर्ट करके निकाला जा रहा है। वहीं हाइवे पर भी भारी वाहनों को डायवर्ट करके परिवर्तित मार्गों से निकाला जा रहा है। वहीं शिवभक्तों के हरिद्वार से आवागमन के चलते गजरौला से नजीबाबाद को जाने वाली पैसेंजर ट्रैन, दिल्ली से गजरौला होकर हरिद्वार जाने वाली मंसूरी एक्सप्रेस, लक्सर तक जाने वाली लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस और दिल्ली से चलकर कोटद्वार तक जाने वाली सिद्धबली एक्सप्रेस में भी और दिनों की अपेक्षा इस समय भारी भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। दिन के साथ साथ रात में भी पुलिस पिकेट तैनात रही। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने दिन के साथ ही रात में भी कांवड़ मार्ग का भ्रमण करके कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## विधायक ने कांवरियों का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुक्रवार को हसनपुर क्षेत्र के शाहपुर कला स्थित भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के कैंप कार्यालय पर भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। हर वर्ष की परंपरा को जीवंत रखते हुए इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के साथ किया गया। इसके पश्चात क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए प्रसाद वितरण शुरू हुआ।

भंडारे के साथ-साथ शिव भक्तों की सेवा के लिए विशेष इंतजाम किए गये थे। रहरा-हसनपुर मार्ग से गुजर रहे शिवभक्त कांवड़ियों का विधायक और उनके समर्थकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूरा मार्ग 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान रहा। भोले के भक्त डीजे की धुनों पर थिरकते नजर आए, जिससे माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। इस सेवा कार्य और धार्मिक आयोजन में विधायक के साथ मुख्य रूप से देवेंद्र खड़गवंशी, अजय पॉल,संजय राणा, नंदन राणा रहे। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करना ही सच्ची पूजा है और यह परंपरा आगामी वर्षों में भी इसी श्रद्धा के साथ जारी रहेगी

## कांवड़ यात्रा के बीच फर्जी कॉल से हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** कांवड़ यात्रा के दौरान शुक्रवार सुबह एक नशे में धुत युवक ने शेरपुर गांव में आग लगने की झूठी सूचना देकर फायर ब्रिगेड को दौड़ा दिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम गजरौला से धनौरा की ओर रवाना हुई, लेकिन शेरपुर पहुंचने पर कोई आग नहीं मिली। जांच में सामने आया कि कॉल पूरी तरह फर्जी थी। इस घटना से विभाग का समय और संसाधन व्यर्थ हुए। अधिकारियों ने नाराजगी जताई और कहा कि आपात सेवाओं से मजाक करना अपराध है। मोबाइल नंबर के आधार पर युवक की तलाश जारी है।

## एएसपी ने कांवरियों पर की पुष्पवर्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** कांवड़ यात्रा के दौरान गांव पत्थरकुटी में भक्ति और सुरक्षा का अनोखा संगम देखने को मिला। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार तथा थाना पुलिस बल के साथ शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। पुष्प वर्षा के बीच हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं के चेहरों पर उल्लास और उत्साह साफ नजर आया। शिवभक्तों ने अमरोहा पुलिस प्रशासन की ओर से की गई यातायात, सुरक्षा और व्यवस्था प्रबंधन की मुक्तकंठ से सराहना की। अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस बल को सतर्कता व संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने भी पुलिस प्रशासन के इस स्वागत भाव की प्रशंसा करते हुए इसे आस्था और सेवा का सुंदर उदाहरण बताया

## शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

### चेयरमैन व ईओ ने दिये कर्मियों को निर्देश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** महाशिवरात्रि पर नगर वासियो को बेहतर नगरीय व्यवस्था दिये जाने के लिए पालिका प्रशासन ने पूरी तैयारी कर लीं है। महाशिवरात्रि पर्व इस वर्ष आगामी दिनांक 15 फरवरी को देशभर मे मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ के भक्तो द्वारा कांवर ( जल ) लाकर भगवान महादेव का नगर के शिवालयो विशेषकर वासुदेव तीर्थ व बाबा गंगानाथ मंदिर मे जाकर जलाभिषेक किया जाता है। महाशिव. रात्रि पर्व पर नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा प्रत्येक वर्ष कांवड़ यात्रियों, श्रद्धांलुओं की सुविधा एवं इस पर्व के दृष्टिगत सम्पूर्ण नगर क्षेत्र मे विशेष व्यवस्थाएं की जाती हैं। इस वर्ष नगरवासियो को गत वर्षो से बेहतर व्यवस्था दिये जाने के उद्देश्य से पालिका प्रशासन ने तैयारी की है। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन व पालिका उपनगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार द्वारा इस महाशिवरात्रि पर्व पर गत वर्षो से बेहतर नगरीय सुविधाएँ दिये जाने के लिए पालिका उप नगर आयुक्त द्वारा अधीनस्थ पालिका अधिकारियो व कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गये हैं। नगर के वासुदेव तीर्थ व बाबा गंगानाथ मंदिर सहित नगर के प्रमुख मंदिरो, शिवालयो के आस पास बेहतर सफाई, जल छिड़काव व चूना आदि की व्यवस्था के लिए पालिका के समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों की ड्यूटी लगायी गयी है।

**मुनाफ का लालच देकर 98 लोगों को बनाया शिकार, पुलिस अधीक्षक से की शिकायत**

## सचिवालय में गाड़ी लगवाने का झांसा देकर 5.61 करोड़ ठगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** स्वास्थ्य विभाग व लखनऊ सचिवालय में किराए पर लगवाने का झांसा देकर 98 लोगों से पांच करोड़ 61 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि शहर के एक नामचीन कार कारोबारी ने पहले मुनाफा देकर भरोसा जीता और बाद में भुगतान बंद कर दिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मामले की जांच सीओ सदर को सौंप दी है।

नगर के मुहल्ला जामा मस्जिद निवासी मोहम्मद अजहर कारोबारी हैं। उनका कहना है कि 2022 में उनकी मुलाकात नगर के बिजनौर रोड निवासी शहर के नामचीन कार कारोबारी से हुई थी। कार कारोबारी ने अजहर को झांसे में लेकर लखनऊ सचिवालय के साथ ही स्वास्थ्य विभाग में किराए पर कार लगवाने का झांसा दिया था। कहा था कि कार खरीद कर वहां लगवा देगा तथा हर महीना किराए के पैसे मिलेंगे। अजहर ने पहले 20 लाख रुपये दे दिए। उसके साथ तीन लोग और शामिल हैं। आरोपितों ने अजहर को भरोसे में लेने के लिए पहले मुनाफे के तौर पर पैसे भी दिए। उसके बाद अजहर से और लोगों के पैसे कारोबार में लगाने का झांसा दिया। आरोपितों ने अजहर, मोहम्मद आसिफ, सुब्हान समेत लगभग 98 लोगों के पांच करोड़ 61 लाख रुपये लेकर कारोबार में लगाने की बात कही थी। 18 महीना तक पैसों का लेनदेन चलता रहा तथा आरोपित पीड़ितों को मुनाफे के तौर पर पैसे देते रहे। इस दौरान उन्होंने एक करोड़ रुपये वापस कर दिए। परंतु उसके बाद पैसे लौटाना बंद कर दिया। कारोबार में घाटा दिखाने के साथ ही बात करना बंद कर दिया। खरीदी गई कारें कहां गई इसकी भी जानकारी नहीं दी है। कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन आरोपितों ने पैसे लौटाने से साफ इन्कार कर दिया। जिसके बाद पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र दिया था। एसपी ने मामले की जांच सीओ सदर अभिषेक यादव को सौंपी है।

## नीलगाय का वध करने में चार को तीन साल की सजा

### कोर्ट ने एक लाख चार हजार का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** शिकार के दौरान नीलगाय का वध करने के मामले में कोर्ट ने चार दोषियों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सभी दोषी जमानत पर थे।

8 मई 2014 का मामला आदमपुर थाने से जुड़ा था। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने कुछ लोगों को नीलगाय का शिकार करने के आरा. ेप में गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान क्षेत्र के गांव मदारीपुर निवासी शकील, गांव मच्छरिया के रहने वाले नजाकत, बंदू और जाहिद के रूप में हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध शस्त्र भी बरामद किए थे। मामले में थाने में तैनात तत्कालीन दरोगा संजीव कुमार ने शकील, नजाकत, बंदू और जाहिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने कोर्ट पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल चारों इस मुकदमे में जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई एडीजे तृतीय की कोर्ट में चल रही थी। कोर्ट ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई करते हुए पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर शकील, नजाकत, बंदू और जाहिद को वन्य जीव जंतु संरक्षण अधिनियम तथा अवैध शस्त्र अधिनियम में दोषी करार दिया। चारों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई तथा 1 लाख चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## अज्ञात लोगों ने बुलेरों में लगाई आग



### पुलिस मामले की जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया।** कस्बा डिडौली में गुरुवार तड़के में अज्ञात लोगों ने एक बोलेरो में आग लगा दी। घटना में कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

डिडौली निवासी देवराज सिंह पुत्र स्वर्गीय होराम सिंह पेशे से किसान हैं। उन्होंने अपनी बोलेरो घेर में खड़ी कर रखी थी। देर रात अज्ञात लोगों ने कार में आग लगा दी। आग की लपटें उठने पर देवराज सिंह की आंख खुल गई। उन्होंने तुरंत घर में लगे सबमर्सिबल को चालू कर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक कार पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। पीड़ित देवराज सिंह ने बताया कि घटना में उनका करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। तहरीर मिली है। अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पुराने से पुराने रेडियो, कैमरे, घड़ियां आदि देखकर छात्र-छात्राएं हुए हतप्रभ**

## रेडियो दिवस पर 'रेडियो मैन' राम सिंह बौद्ध सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** 'विश्व रेडियो दिवस' के अवसर पर दुनिया भर में सर्वाधिक रेडियो संग्रहीत करने का रिकार्ड कायम कर गिनीज

**गिनीज बुक में भी दर्ज है राम सिंह बौद्ध का नाम**

बुक ऑफ द वर्ल्ड में नाम दर्ज कराने वाले 'रेडियो मैन' के नाम से विभूषित राम सिंह बौद्ध का अंगवत्र एवं बुके भेंट करके स्वागत किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने संग्रहालय का भ्रमण करके देश विदेश के पुराने से पुराने रेडियो, कैमरे, फोन, पाण्डुलिपि, घड़ियां आदि देखीं, जिन्हें देखकर वह अवाक रह गए।



बता दें कि नगर के मुहल्ला नाईपुरा में सेवानिवृत्त भंडार अधीक्षक राम सिंह बौद्ध ने रेडियो सग्रहालय बनाकर पूरे विश्व का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्हें रेडियोमैन की संज्ञा से विभूषित किया। जिसके बाद से राम सिंह बौद्ध को रेडियोमैन के रूप में जाना व पहचाना जाने लगा है। शुक्रवार को 'विश्व रेडियो दिवस' के अवसर पर नगर के सिद्धार्थ इण्टर कॉलेज के ऊपरी तल पर स्थित रेडियो संग्रहालय में राम सिंह बौद्ध को अंगवस्त्र पहनाकर व बुके भेंट करके स्वागत किया गया। इस दौरान श्री बौद्ध ने रेडियो के इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पुराने से पुराने रेडियो व अन्य चीजें दिखाईं, जिन्हें देखकर वे हतप्रभ हो गए। कई रेडियो, घड़ियां और फोन तो ऐसे थे, जिन्हें बच्चों ने केवल फिल्मों में देखा था। राम सिंह बौद्ध ने कहा कि उनकी मांग है कि शासन-प्रशासन इस संग्रहालय की महत्ता समझते हुए इसके उत्थान का काम करे, ताकि इसका लाभ देश दुनिया के लोगों को पहुंच सके और वे रेडियो सहित संग्रहालय में मौजूद अन्य दुर्लभ वस्तुओं के बारे को देख व समझ सकें। बताया कि आज रायपुर छत्तीसगढ़ में भी रेडियो दिवस के उपलक्ष्य में, 'रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता: एआई एक उपकरण है, आवाज नहीं' थीम पर एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम हुआ जिसमें उन्हें भी बुलाया गया था मगर वे किन्हीं कारणों से नहीं जा सके। इस मौके पर स्टेट बैंक ऑफ इडिया अल्लीपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक अनुज श्रीवास्तव, प्रबंधक रविराज सिंह, प्रधानाचार्य रोहताश कुमार राणा, यतीश कुमार, विनोद कुमार, नीतू गौतम, राजकुमारी, राहुल गौतम आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ पदयात्रा

### बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है मोदी सरकार: कटारिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा को बचाने के लिए संविधान एवं मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाली। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में करीब 20 किलोमीटर पदयात्रा निकाली गई।

पदयात्रा का शुभारंभ सुबह 11 बजे अमरोहा कैलसा रोड पर स्थित ग्राम पंचायत तेलीपुरा से डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को नमन करके वंदे मातरम गीत गाकर किया गया। पदयात्रा का समाप. नशहर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्या अर्पण करके गांधी जी को नमन करके किया गया। पदयात्रा तेलीपुरा से कैलसा बॉर्डर, मानकजुड़ी, जलाल. पुर घना, नगला मझोला मझौली, रघुनाथपुर, दरियापुर, नगला सिरसा खुमार, अंबरपुर चौराहा, मालीपुर धनौरी, कंकरसराय, मीरा सराय होती हुई अमरोहा शहर में पहुंची। नुक्कड़ सभाओं में बोलते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बाबा साहब के



संविधान को बदलना चाहती है, संविधान भारत की आत्मा है और संविधान से छेड़छाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दूसरा केन्द्र की सरकार ने जन कल्याणकारी योजना मनरेगा को समाप्त कर दिया है। मनरेगा से राष्ट्रपिता गांधी जी का नाम हटा दिया है। भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी की सरकार गांधी जी के नाम से नफरत करती और उनके विचारों को मिटाना चाहती है। महात्मा गांधी एक विचार है उसे कभी मिटाया नहीं जा सकता भारत के रोम रोम में गांधी जी बसते हैं। मनरेगा ग्रामीण अंचल में रहने वाले बेरोजगार लोगों के लिए रोजगार का अवसर था, उसको मोदी सरकार ने समाप्त कर दिया और गरीबों के रोजगार पर मोदी सरकार ने बुलडोजर चला दिया मनरेगा को बहाल करने के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ रही है और लड़ती रहेगी। पदयात्रा में चौधरी सुखराज सिंह, शाहिद सिद्दीकी, राज. कुमार अरुण, फैज आलम रायनी, मयंक कुमार गुर्जर, डॉक्टर मेराज हुसैन, मनोज कटारिया, महिपाल सिंह जाटव, हरिओम पुष्कर, शमशाद अली सैफी, शहाबुद्दीन सैफी, नफीस अहमद, रोहतास कुमार, इकबाल अंसारी, रिजवान अहमद, मोहसिन अली आदि मौजूद रहे।

### टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को हराया

# जिम्बाब्वे ने किया बड़ा उलटफेर



● **दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर किया**

**कोलम्बो, वार्ता।** ब्लेसिग मुजारबानी (17 रन पर चार विकेट) और ब्रेड इवांस (23 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को शुक्रवार को 23 रन से हराकर टी 20 विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। जिम्बाब्वे ने दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। उन्होंने 2007 टी-20 विश्व कप में ताकतवर ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया था और अब 2026 में उन्हें एक बार फिर हराया है। ब्लेसिग मुजारबानी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम जिम्बाब्वे के खुश चेहरों से भरा हुआ था, जबकि ऑस्ट्रेलियाई सपोर्टर्स समझ नहीं पा रहे हैं कि उनकी टीम यह गेम कैसे हार गई। उन्हें बैटिंग करने के लिए कहा गया, उन्होंने 2 विकेट पर 169 रन बनाए और यह स्कोर उन्हें 23 रन से जीतने के लिए काफी था। ब्लेसिग मुजारबानी और ब्रैड इवांस ने नई बॉल से शानदार प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलिया के टॉप-ऑर्डर को चकनाचूर कर दिया। इंगलिस डीप में कैच आउट हुए, ग्रीन और टिम डेविस डक आउट हुए और ट्रैविस हेड बोल्ड हुए, जिससे टीम का स्कोर 29 रन पर 4 विकेट रह गया। ग्लेन मैक्सवेल (31) और मैट रेनशॉ (65) ने 5वें विकेट के लिए 77 रन जोड़कर अपनी टीम को गेम में वापस ला दिया। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा क्रैम्प्स के कारण आउट हो गए और ऐसा लगा कि यह पल हाथ से निकल गया। लेकिन रयान बर्ल एक ओवर करने आए और उन्होंने मैक्सवेल को आउट किया, स्टोइनिस - जो दिन में पहले चोटिल हो गए थे - सस्ते में आउट हो गए और लोअर-ऑर्डर बिखर गया, जबकि जरूरी रन रेट बढ़ गया था। रेनशॉ लड़ते रहे, लेकिन इवांस और मुजारबानी ने वापसी करके मैच को फिनिशिंग टच दिया। जिम्बाब्वे क्रिकेट के इतिहास में यह एक मशहूर दिन था, उन्होंने हालात को बेहतर ढंग से समझा, उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और दो पॉइंट्स लेकर चले गए। इससे पहले जिम्बाब्वे की पारी में ब्रायन बेनेट ने सर्वाधिक नाबाद 64 रन बनाए।

# आईसीसी ने आयरलैंड, जिम्बाब्वे टी-20 विश्व कप टीम में रिप्लेसमेंट को मंजूरी दी



● **आयरलैंड ने पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम ऑपिंग को शामिल किया जबकि जिम्बाब्वे टीम में ब्रेंडन टेलर की जगह बेन करन को शामिल किया**

**चेन्नई, वार्ता।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने शुक्रवार को आयरलैंड और जिम्बाब्वे टीम में रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी। आयरलैंड टीम में पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिंग को शामिल किया गया, जबकि जिम्बाब्वे टीम में ब्रेंडन टेलर की जगह बेन करन को शामिल किया गया। 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच के दौरान दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद टेलर के बाहर होने पर करन को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए इवेंट टेक्निकल कमिटी की मंजूरी जरूरी है, तभी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल किया जा सकता है। विश्व कप की इवेंट टेक्निकल कमिटी में वसीम खान (चेयर, आईसीसी जनरल मैनेजर - क्रिकेट), गौरव सक्सेना (आईसीसी जनरल मैनेजर - इवेंट्स और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, आईबीसी रिप्रेजेंटेटिव), हेमांग अमीन (टूर्नामेंट डायरेक्टर, होस्ट रिप्रेजेंटेटिव) और शॉन पोलक (इंडिपेंडेंट नॉमिनी) शामिल हैं।

### टॉपिंग टी-20 वर्ल्ड कप के लिए आयरलैंड टीम में स्टर्लिंग की जगह लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने शुक्रवार को आयरलैंड टीम में पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिग को शामिल करने की मंजूरी दे दी। 11 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आयरलैंड के मैच के दौरान फील्डिंग करते समय घुटने के लिगामेंट में चोट लगने के कारण स्टर्लिंग के बाहर होने के बाद टॉपिग को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए इवेंट टेक्निकल कमिटी की मंजूरी जरूरी है, तभी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल किया जा सकता है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### आई-लीग का नाम बदलकर इंडियन फुटबॉल लीग किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने गुरुवार को घोषणा की कि 2025-26 सीजन से आई-लीग को इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) के तौर पर रीब्रांड किया गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक घोषणा में कहा कि एआईएफएफ एग्जीक्यूटिव कमेटी ने 12 फरवरी, 2026 को हुई अपनी मीटिंग में, 2025-26 सीजन से आई-लीग को इंडियन फुटबॉल लीग के तौर पर रीब्रांड करने को मंजूरी दे दी है। बयान में आगे कहा गया कि कमेटी ने इंडियन सुपर लीग और इंडियन फुटबॉल लीग की गवर्निंग काउंसिल के चार्टर को और मंजूरी दी। यह कदम जनवरी में हुई चर्चा के बाद उठाया गया है।

#### मेरी व धालीवाल की योजना 10वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी: हर्ष ठाकर


**नई दिल्ली, वार्ता।** कनाडा के मध्यम क्रम के बल्लेबाज हर्ष ठाकर ने शुक्रवार को कहा कि मेरी और नवनीत धालीवाल की योजना 10 ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी और कोच का भी यहीं मैसेज था। कनाडा के बल्लेबाज ठाकर ने पहली पारी के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हमारा स्कोर बराबर है, यहां 150 बुरा नहीं है। जब आप बैक ऑफ लेंथ गेंदबाजी करते हैं, तो गेंद थोड़ी रुकती है और थोड़ी टू-पेस खेलती है। मेरी और धालीवाल की योजना 10वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी और कोच का यही मैसेज था। जाहिर है, एक टी-20 मैच में, आपको पॉजिटिव रहना होता है। मैंने अपनी पहली कुछ गेंदों पर थोड़ा समय लिया, लेकिन एक बार जब मैं जम गया, तो मैं और अधिक आक्रामक तरीके से खेल पाया। उन्होंने कहा कि जब आप पर दबाव में होते है तो आपको शांत बनाए रखना होता हैं।

# हनी बैसोया ने जीता डीपी विश्व प्लेयर्स चैंपियनशिप का खिताब



**नई दिल्ली, वार्ता।** हनी बैसोया ने नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले गए 1.5 करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में आखिरी दिन शुक्रवार को पांच-अंडर 65 के स्कोर के साथ तीन शॉट की जीत दर्ज करते हुए हफ्ता शानदार तरीके से खत्म किया। हनी बैसोया (63-65-64-65), जो रात भर पांच शॉट से आगे चल रहे थे, ने चौथे राउंड में एक बोगी के मुक. ाबले छह बर्डी बनाकर बढ़त हासिल की और हफ्ते का कुल स्कोर 23-अंडर 257 कर लिया और इस तरह टाइटल के लिए उनका पांच साल का इंतजार खत्म हो गया। यह 29 साल के हनी की आठवीं प्रोफेशनल जीत थी। बैसोया ने 22,50,000 रुपये का विनिग चेक जीता, और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान से पहले स्थान पर पहुंच गए। क्षितिज नवीद कौल (62-71-65-62), जो रात भर तीसरे स्थान पर थे और लीड से छह शॉट पीछे थे, ने इस हफ्ते दूसरी बार 62 का स्कोर किया, जो पिछले दिन का सबसे कम स्कोर था, जिससे वे एक स्थान ऊपर उठे और टूर्नामेंट का अंत 20-अंडर 260 के साथ रनर-अप के तौर पर किया। वीर अहलावत (65-67-66-65) ने अपने चौथे राउंड में 65 के स्कोर के बाद 17-अंडर 263 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हनी ने जीत के बाद कहा, ष्इतने लंबे समय के बाद विनर सर्कल में वापस आकर मैं बहुत खुश हूं। आज कोर्स पर मेरा दिन बहुत अच्छा रहा। भले ही, मैंने ओवरनाइट पांच शॉट की लीड ली थी, मुझे पता था कि मुझे फाइनल राउंड में बहुत अच्छा खेलना होगा, क्योंकि वीर और क्षितिज, जो मेरा पीछा कर रहे थे, अपने दिन बहुत कम स्कोर करने में सक्षम हैं और उन्हें कभी भी कम नहीं आंका जा सकता।

# पाक के खिलाफ खेल सकते हैं अभिषेक: वरुण



**पेट में संक्रमण के कारण अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच में हिस्सा नहीं ले पाए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का मानना है कि रविवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले भारत के महत्वपूर्ण मैच में अभिषेक शर्मा वापसी कर सकते हैं। पेट में संक्रमण के कारण अभिषेक नामीबिया के खलिाफ मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। इससे पहले दिल्ली पहुंचने पर जांच के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ा था। हालांकि बाद में वह डिस्चार्ज भी हो गए और नामीबिया के खलिाफ मैच से पहले मैदान में भी थे। वहीं विश्व कप में उनका डेब्यू कुछ खास नहीं था था और वह अमेरिका के खलिाफ पहले मैच में शून्य पर आउट हो गए थे। वरुण ने कहा कि मुझे लगता है वह अगला मैच खेलेंगे।

मैं पक्का नहीं कह सकता, लेकिन जितनी मेरी उनसे बात हुई है, वह ठीक लग रहे हैं। उन्होंने आज थोड़ा अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि वह वापसी की राह पर हैं। यह भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव के टॉस के समय दिए गए बयान से ज्यादा सकारात्मक संकेत था। उन्होंने कहा था। उन्हें एक-दो मैच लग सकते हैं, मुझे नहीं पता। मैच के बाद अर्शदीप सिंह के एक सोशल मीडिया वीडियो में भी अभिषेक दिखे, जिसमें उन्हें कहते सुना गया कि वह ठीक हैं, लेकिन उनका वजन थोड़ा कम हो गया है।

अभिषेक की गैरमौजूदगी में संजू सैमसन ने पारी की शुरुआत की और आठ गेंदों पर 22 रन बनाते हुए तीन छक्के जड़े। हालांकि, दूसरे ओपनर इशान किशन ने विकेटकीपिग की जिम्मेदारी संभाली, जिससे संकेत मिलता है कि फिलहाल सैमसन बैक-अप ओपनर ही हैं। किशन ने शानदार अर्धशतक जड़ते हुए अपनी जगह मजबूती से पक्की कर ली है।

# नामीबिया के खिलाफ भारत के ऑलराउंड प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए सूर्यकुमार यादव



● **कहा: शिवम-हार्दिक पांड्या के बीच पार्टनरशिप काबिल-ए-तारीफ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को टी-20 वर्ल्ड कप ग्रुप ए मुकाबले में नामीबिया पर 93 रन की जीत के बाद अपनी टीम के लचीलेपन और गेंदबाजी की गहराई की तारीफ की। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि सभी के लिए काफी अच्छा खेल था। मुझे लगता है कि यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था, लेकिन जिस तरह से ईशान और संजू ने शुरुआत की, ऐसा लग रहा था कि यह एक आसान विकेट है।

उन्होंने आगे कहा कि फिर शिवम और हार्दिक के बीच पार्टनरशिप, जिस तरह से उन्होंने दो या तीन जल्दी विकेट खोने के बाद बल्लेबाजी की, मुझे लगता है कि यह बहुत तारीफ के काबिल था। गेंद थोड़ी रुक रही थी, लेकिन मैं नामीबिया के गेंदबाजों से कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता। उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, जोश के साथ मैदान में उतरे और अपने प्लान को पूरा किया। भारत ने इशान के 24 गेंदों में 61 रन और हार्दिक पांड्या के 28 गेंदों में 52 रन की मदद से नौ विकेट पर 209 रन बनाए, जबकि नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने चार विकेट लिए। नामीबिया ने पावरप्ले में अच्छा जवाब दिया और एक विकेट पर 57 रन बना लिए। हालांकि, भारत के स्पिनरों और सीमरों ने मिलकर कंट्रोल वापस पा लिया।

वरुण चक्रवर्ती (दो ओवर में 3/7), अक्षर पटेल (तीन ओवर में 2/20) और हार्दिक (चार ओवर में 2/21) ने नामीबिया को 18-2 ओवर में 116 रन पर आउट कर दिया। सूर्यकुमार ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को अपने पूरे चार ओवर फेंकते देखना एक बड़ा प्लस पॉइंट था। उनका टीम में वापस आना अच्छा है। वह अगले मैच के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने स्पिन कॉम्बिनेशन की भी तारीफ की। जिस तरह से वरुण अक्षर के साथ पार्टनरशिप में बॉलिंग करते हैं, मुझे लगता है कि यह कॉम्बिनेशन खेलना मुश्किल है। टीम के अब तक के कैंपेन पर बात करते हुए, कप्तान ने कहा कि ठीक वही जो आप आगे बढ़ने के लिए देख रहे हैं। हर गेम जरूरी है। हमने थोड़ी खराब शुरुआत की, लेकिन मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं। दो मैचों में दो जीत के साथ, भारत ग्रुप ए में टॉप पर है, नेट रन रेट पर पाकिस्तान से आगे।

# डी मिनौर ने फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की



**रोटर्डम, वार्ता।** टॉप-सीडेड ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर ने गुरुवार को इनडोर हार्ड-कोर्ट इवेंट में 2015 के चैंपियन स्टेन वावरिका को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार पांचवें साल क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई और तीन बार के चैंपियन रोजर फेडरर के उस स्टेज पर लगातार पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी 500 के पिछले दो एडिशन के फाइनलिस्ट, डी मिनौर ने इस साल के फील्ड में किसी से भी ज्यादा जीत (15) हासिल की हैं। स्विस वाइल्ड कार्ड वावरिका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए, एटीपी रैंकिग में नंबर 8 खिलाड़ी ने अपनी लगातार बॉलस्ट्राइकिग से 40 साल के खिलाड़ी को गलतियां करने पर मजबूर किया, जिससे दोनों की हेड2हेड सीरीज में स्कोर 2-0 हो गया। डी मिनौर ने 2023 की शुरुआत से अब तक एटीपी 500 इवेंट्स में 50 जीत दर्ज की हैं, जिसमें अकापुल्को (2023, 2024) और वाशिगटन (2025) में उस लेवल पर ट्रॉफी जीती हैं। रोटर्डम में अपना टाइटल जीतने का मौका खत्म करने के मकसद से, वह अगला मैच बोटिक वैन डे जैंडशुल्प से खेलेंगे। डचमैन वैन डे जैंड्सचुल्प ने 2022 के फाइनलिस्ट सितसिपास को 6-4, 7-6(4) से हराकर पहली बार रोटर्डम में क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। वह एटीपी 500 में आखिरी आठ में पहुंचने वाले चौथे एक्टिव डचमैन हैं।

दूसरे सीड और वर्ल्ड नंबर 6 फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे अपने साथी टॉप 10 स्टार डी मिनौर के साथ रोटर्डम में आखिरी आठ में शामिल हुए, उन्होंने हमाद मेडजेडोविच के खिलाफ एक मुश्किल दूसरे राउंड को पार किया। ऑगर-अलियासिमे, जिन्होंने रविवार को मोंटपेलियर में एक इनडोर एटीपी 250 ट्रॉफी जीती थी, ने 6-4, 6-4 से जीत हासिल की व अपनी जीत का सिलसिला छह मैचों तक बढ़ाया।

## शेल्टन क्वार्टरफाइनल में, डिफेंडिग चैंपियन शापोवालोव भी आगे बढ़े

**डलास, वार्ता।** बेन शेल्टन ने गुरुवार को नेक्सो डलास ओपन में फ्रेंच लेफ्टी एड्रियन मानेरिनो के कड़े मुकाबले का सामना किया और जीत हासिल कर अपने 25वें टूर-लेवल क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए। एटीपी रैंकिंग में नंबर 9 के खिलाड़ी शेल्टन ने शानदार शॉटमेकिग से भरे एक उतार-चढ़ाव वाले मुकाबले में मानेरिनो को 7-6(2), 6-7(4), 6-3 से हराया। पिछले हफ्ते मोंटपेलियर में फाइनलिस्ट मानेरिनो ने शेल्टन की फायरपावर को अच्छे से झेला, जिसका सबसे अच्छा प्रदर्शन पहले सेट के टाई-ब्रेक के शुरुआती पॉइंट पर 29-शॉट की रैली के दौरान हुआ, लेकिन दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने दो घंटे और 40 मिनट के बाद आगे बढ़ने के लिए जरूरी मौकों पर अपना लेवल बढ़ाया। शेल्टन का अगला मुकाबला सर्बिया के मिओमिर केकमानोविच से होगा, जिन्होंने दिन के आखिरी मैच में पांचवीं सीड टॉमी पॉल को हराया था। केकमनोविच ने पॉल के खिलाफ 5-7, 6-4, 6-4 से जीत के साथ सीरीज में 4-2 की बढ़त बना ली।

# न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका मैच में होगी दिग्गजों की टक्कर

### ग्रुप डी के इस मुकाबले में दोनों टीमें बिना हारे पहुंची है, दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं



**अहमदाबाद, वार्ता।** रिकॉर्ड दांव पर लगे हैं, लेकिन न हारने वाली बड़ी टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर होगी, और बैटिंग के स्वर्ग में ओस के नीचे लक्ष्य का पीछा करने का ड्रामा होगा।

शनिवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फैंस को यही इंतजार रहेगा, जब न्यूजीलैंड विश्व कप के ग्रुप डी के एक बड़े मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। दोनों टीमें बिना हारे पहुंची हैं, दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं, जिससे टॉप स्पॉट की रेस में यह एक अहम मुकाबला बन गया है। न्यूजीलैंड इस मैच में जबरदस्त फॉर्म में है, फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच ऐतिहासिक ओपनिग पार्टनरशिप की बदौलत। यूएई के खिलाफ, दोनों ने नाबाद 175 रन की पार्टनरशिप की, जो टी-20 क्रिकेट इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है, और टीम ने सिर्फ 15-2 ओवर में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। एलन, जो बिग बैश लीग 2025-26 के रन चार्ट में 11 मैचों में 466 रन बनाकर टॉप पर थे, ने 168 के स्ट्राइक रेट से 50 गेंदों में 84 रन बनाकर अपनी खतरनाक फॉर्म जारी रखी है, जबकि सीफर्ट ने 211-9 की स्ट्राइक रेट से 42 गेंदों में 89 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिशेल की लीडरशिप में मिडिल ऑर्डर में गहराई और अग्रेसन है, जो मोमेंटम बनाए रखने और गेम को अधिकार के साथ खत्म करने में सक्षम है।

न्यूजीलैंड का बॉलिंग अटैक एक बैलेंस्ड यूनिट है, जिसमें मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन और जैकब डफी पेस की अगुआई करते हैं, जबकि स्पिनर मिशेल सेंटनर, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र बीच के ओवरों में ब्रेकथ्रू दिलाते हैं। कीवी टीम टॉप पर विस्फोटक बैटिंग के साथ भरोसेमंद बॉलिंग को जोड़ती है, जो उन्हें इस टूर्नामेंट में एक मजबूत दावेदार बनाती है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका ड्रामे से अनजान नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ एक रोमांचक मुक. ाबले में, प्रोटियाज ने दबाव में जबरदस्त धैर्य दिखाते हुए डबल सुपर ओवर में भी जीत हासिल की। क्विटन डी कॉक ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन मैचों में 149 रन बनाकर टॉप पर लीड किया है, जबकि रयान रिकेल्टन अफगानिस्तान के खलिाफ 28 गें. दों पर 61 रन बनाकर अग्रेसिव और फॉर्म में रहे हैं। एडेन मार्करम और डेविड मिलर बीच में स्टेबिलिटी देते हैं, लेकिन प्रोटियाज का मिडिल ऑर्डर अभी भी कमजोर नजर आता है।

बॉलिंग की कमान लुंगी एनगिडी के हाथ में है, जिन्होंने दो मैचों में सात विकेट लिए हैं, उनका साथ मार्को यानसन और कगिसो रबाडा दे रहे हैं। स्पिन ऑप्शन केशव महाराज और जॉर्ज लिडे का पिच पर कम असर पड़ा है, जिससे टर्न बहुत कम मिलता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बैटिंग के लिए स्वर्ग है, जो फ्लैट है, जिसमें सही बाउंस और तेज आउटफील्ड है। 200 से ज्यादा के हाई स्कोर आम हैं, खासकर लाइट्स में, जबकि शाम को ओस चेज करने वाली टीम के लिए फायदेमंद होती है, जिससे टॉस एक जरूरी फैक्टर बन जाता है। साफ आसमान, 22 सेल्सियस और 33 सेल्सियस के बीच टेम्परेचर और हल्की हवाओं के साथ, हाई-ऑक्टेन मुकाबले के लिए कंडीशन आइडियल हैं। इस मैच में धमाकेदार ओपनर, मजबूत मिडिल ऑर्डर और स्ट्राइक बॉलर लाइट्स में भिड़ेंगे। रिकॉर्ड टूट सकते हैं, टेंशन बढ़ सकती है, और एक टीम टूर्नामेंट में शुरू में ही साइकोलॉजिकल बढ़त हासिल कर लेगी। स्ट्रोक बनाने के लिए बनी पिच पर और ओस के साथ जो टीम बाद में बैटिंग करती है, न्यूजीलैंड की फायरपावर उन्हें दो अजेय हैवीवेट टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले में थोड़ी बढ़त दिलाती है।

### 72 द लीग के लिए 170 प्रोफेशनल गोल्फर नीलाम होंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के टॉप 170 प्रोफेशनल गोल्फर भारत में प्रोफेशनल गोल्फ में अपनी तरह के पहले ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, पीजीटीआई की 72 द लीग ने आज यह घोषणा की। 11 अलग-अलग देशों के जाने-माने प्रोफेशनल सोमवार, 16 फरवरी को राजधानी में नीलाम होंगे, जिसमें 72 द लीग के पहले एडिशन के लिए जबरदस्त एक्शन होने की उम्मीद है। लीग में गोल्फर्स के लिए कुल 60 जगहें होंगी, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी अपनी-अपनी टीमों के लिए 10-10 गोल्फर्स चुनेंगी, जिससे कुल 6 करोड़ रुपये की नीलामी होगी। भारत की पहली एक्सक्लूसिव नेशनल प्रोफेशनल गोल्फ लीग - 72 द लीग - 21 फरवरी 2026 को शुरू होगी। इस लीग को पीजीटीआई ने गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्सके साथ पार्टनरशिप में लॉन्च किया है, जिसका फाइनल 6 मार्च 2026 को होगा।

# रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के कप्तान बने



**जयपुर, वार्ता।** रियान पराग को आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स का कप्तान बनाया गया है, जो संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स में जाने के बाद फ्रेंचाइजी के लिए एक नए युग की शुरुआत है। पराग, जिन्होंने 2019 में आईपीएल में डेब्यू किया था, ने अपने सभी सात सीजन रॉयल्स के साथ बिताए हैं। पिछले साल जब सैमसन चोट के कारण बाहर थे, तो उन्होंने आठ मैचों में टीम की कप्तानी की थी, जिसमें दो जीत और छह हार मिली थीं, जिससे टीम नौवें स्थान पर रही थी। हालांकि यह समय मुश्किल साबित हुआ, पराग ने बल्ले से प्रभावित किया, उन मैचों में 38-57 का औसत बनाया, जिसमें ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करियर की सबसे अच्छी 95 रन की पारी भी शामिल है। कुल मिलाकर, पराग ने 84 आईपीएल मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें उन्होंने 141-84 के स्ट्राइक रेट से 1566 रन बनाए हैं। उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2024 में आया, जब उन्होंने 149-21 के स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए। हालांकि पिछले सीजन में उन्होंने और भी तेज 166-52 की औसत से रन बनाए थे, लेकिन उनका कुल स्कोर घटकर 393 रह गया, जिसमें सिर्फ एक हाफ-सेंचुरी शामिल थी। 2025 सीजन के बाद राहुल द्रविड़ के भी हेड कोच के तौर पर जाने के साथ, रॉयल्स आईपीएल 2026 में एक नई लीडरशिप जोड़ी के साथ उतरेगी, क्योंकि कुमार संगकारा पराग के साथ कमान संभालेंगे, जो फ्रेंचाइजी के लिए एक नया अध्याय होने का वादा करता है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 14 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# चर्चाओं में ट्रेड डील

शुक्रवार को संसद सत्र की कार्रवाई 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 13 दिनों तक चली लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई अधिक समय तक बाधित ही रही और बजट सत्र का 13वां दिन भी अन्य दिनों से इतर नहीं रहा और लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्रवाई जहां करीब दस मिनट तक चल पाई तो वहीं राज्यसभा की कार्रवाई दो घंटे तक चल पाई। वैसे भी अब लोग यह देखने के लिए आदि हो चले हैं। अब संसद में चर्चाएं कम, शोर-शराबा अधिक होता है और इस प्रवृत्ति में कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। यह भी समझना मुश्किल है कि आखिर हमारे माननीय चर्चाओं से क्यों बचते हैं। सरकार अपने कार्यों का बखान करती नहीं थकती और विपक्षी दलों को चूका हुआ बताती है। वहीं विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर जनहित कार्यों से मुंह मोड़ने का आरोप लगाते रहते हैं। जब ये दोनों बातें अगर सही हैं तो फिर चर्चाओं से क्या भागना। माना कि चर्चा संसद में कार्रवाई सुचारू रूप से चले, इसकी जिम्मेदारी दोनों पक्षों की होती है, लेकिन सरकार को यह मानना ही पड़ेगा कि यह जिम्मेदारी उसके हिस्से में ज्यादा आती है। अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील हुई है, निश्चित रूप से वह बेहद महत्वपूर्ण समझौता है और सरकार उसकी तारीफ भी कर रही है और बता रही है कि इस समझौते से देश में रोजगार के द्वार खुलेंगे, विशेषकर किसानों को बहुत फायदा होगा, जबकि विपक्ष ऐसा नहीं मानता। सबसे बड़ी बात यह है कि किसान भी ऐसा नहीं मानते। इस ट्रेड डील को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच संसद व संसद से बाहर भी तकरार जारी है। शुक्रवार को भी दो बयान सामने आए हैं। इसमें एक बयान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का है, जो अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते को किसानों के हित में बता रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर किसानों को गुमराह करने का आरोप भी लगाया। गोयल के अनुसार अमेरिका से समझौता देश के किसानों को फायदा देगा। खेती के सामान का ज्यादा निर्यात होगा और उत्पादों की मांग बढ़ेगी, जिससे किसानों में ज्यादा खुशहाली आएगी। तो वहीं लोकसभा के परिसर में किसान संगठनों के अनेक नेताओं ने राहुल गांधी से बात की। बताया जा रहा है कि बातचीत में भारत अमेरिका अंतिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने पर चर्चा हुई। किसान नेताओं का कहना था कि मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी रोटी पर इससे प्रभाव पड़ेगा। बड़ी बात यह है कि अभी तक सरकार की तरफ से भी यह स्पष्ट रूप से सामने नहीं आया कि वास्तव में यह डील किस तरह हुई है। केवल प्रशंसा ही सामने आ रही है। जाहिर है इससे भ्रम की स्थिति बनेगी, जोकि बन भी रही है और लगता है कि यह ट्रेड डील भारतीय राजनीति में काफी उथल पुथल मचाएगी।

## चंद हाथों की जागीर बन चुका था कानून



आज नई परिभाषा के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है, 2017 से पहले सत्ता के संरक्षण में गुंडे और माफिया पनप रहे थे, अपराधी, अपराधी होता है, हमारी सरकार ने पहले दिन जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई थी और आज भी उसी पर कायम है, पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था, कर्फ्यू और दंगे आम बात थे तथा पर्व-त्योहार आशंका के पर्याय बन गए थे, पहले पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी, आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है, 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और आज भय नहीं, आस्था का वातावरण है, महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है, 2 लाख से अधिक पुलिस भर्तियों में 20 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# नई प्रजातियों की खोज समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक नई उपलब्धि



एम. इमरान

हाल के वर्षों में समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक अद्भुत उपलब्धि सामने आई है, जब प्रशांत महासागर की गहराइयों का अन्वेषण कर रहे शोधकर्ताओं ने लगभग 800 नई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया। यह खोज केवल वैज्ञानिक उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की विविधता और उसकी जटिलता को समझने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है और इसका अधिकांश हिस्सा महासागरों से बना है। इनमें भी प्रशांत महासागर, जो विश्व का सबसे बड़ा और सबसे गहरा महासागर है, अपनी रहस्यमई गहराइयों के कारण लंबे समय से वैज्ञानिकों को आकर्षित करता रहा है। अब जब आधुनिक तकनीक, गहरे समुद्र में उतरने वाले स्वचालित यंत्र और उन्नत कैमरों की सहायता से इन गहराइयों तक पहुंचना संभव हुआ है, तब समुद्री जीवन के अनदेखे संसार की परतें खुलनी शुरू हुई हैं।

प्रशांत महासागर की गहराइयों में स्थित समुद्री तल, जिसे सीबेड कहा जाता है, अत्यंत कठोर और चुनौतीपूर्ण वातावरण प्रस्तुत करता है। यहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचता, तापमान अत्यंत कम होता है और जल का दबाव इतना अधिक होता है कि सामान्य जीवों का वहां जीवित रह पाना लगभग असंभव प्रतीत होता है। फिर भी जीवन ने इन विषम परिस्थितियों में भी अपने लिए स्थान बना लिया है। शोधकर्ताओं ने जिन 800 नई प्रजातियों को दर्ज किया है, उनमें विभिन्न प्रकार के स्पंज, कोरल, केंचुए जैसे जीव, अजीब आकार की मछलियां, सूक्ष्म जीव, समुद्री तारे, झींगा और कई प्रकार के अकशेरुकी जीव शामिल हैं। इन जीवों की बनावट, रंग और व्यवहार इतने अनोखे हैं कि वे मानो किसी दूसरे ग्रह से आए हुए प्रतीत होते हैं।

यह खोज मुख्य रूप से गहरे समुद्र में खनिज संसाधनों की संभावित खोज के दौरान किए गए सर्वेक्षणों के माध्यम से सामने आई। जब वैज्ञानिकों ने समुद्री तल का मानचित्रण करना प्रारंभ किया, तब उन्हें वहां जीवन की अप्रत्याशित विविधता देखने को मिली। इन अभियानों में स्वचालित पनडुब्बियों, रोबोटिक आर्म से युक्त रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स और उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरों का उपयोग किया गया। इन उपकरणों ने हजारों मीटर की गहराई में जाकर तस्वीरें और नमूने एकत्र किए। बाद में प्रयोगशालाओं में इन नमूनों का विश्लेषण कर यह पाया गया कि इनमें से सैकड़ों जीव विज्ञान के लिए पूर्णतः नए हैं।




नई प्रजातियों की खोज का महत्व केवल इस बात में नहीं है कि हमने पृथ्वी पर जीवन के नए रूप देखे हैं, बल्कि इस तथ्य में भी है कि ए प्रजातियां समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गहरे समुद्र के जीव कार्बन चक्र, पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण और समुद्री खाद्य श्रंखला में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यदि इन क्षेत्रों में बिना पर्याप्त अध्ययन के खनन या अन्य औद्योगिक गतिविधियां आरंभ की जाती हैं, तो इससे इन नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। इसीलिए वैज्ञानिक समुदाय अब यह आग्रह कर रहा है कि गहरे समुद्र में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि से पहले व्यापक पर्यावरणीय आकलन किया जाए।

इन खोजों ने यह भी सिद्ध किया है कि पृथ्वी पर जैव विविधता का एक विशाल हिस्सा अभी भी हमारे ज्ञान से परे है। वैज्ञानिक अनुमान लगाते हैं कि समुद्र की गहराइयों में लाखों प्रजातियां ऐसी हो सकती हैं, जिनका अभी तक कोई रिकॉर्ड नहीं है। प्रशांत महासागर के समुद्री तल पर पाए गए जीवों की अनुकूलन क्षमता अद्भुत है। कुछ जीवों के शरीर पारदर्शी हैं, ताकि वे अंधेरे में छिपे रह सकें। कुछ के शरीर पर ऐसे रासायनिक यौगिक होते हैं, जो उन्हें अत्यधिक दबाव और कम तापमान में जीवित रहने में सहायता करते हैं। कई जीव जैव-दीप्ति का उपयोग करते हैं, जिससे वे स्वयं प्रकाश उत्पन्न कर सकते हैं। यह प्रकाश उन्हें शिकार आकर्षित करने, साथी को पहचानने या शत्रुओं से बचने में मदद करता है।

समुद्री तल पर पाए गए नए कोरल और स्पंज की प्रजातियां विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। कोरल संरचनाएं समुद्री जीवन के लिए आश्रय स्थल का कार्य करती हैं। हालांकि अधिकांश लोग कोरल को उथले जल में पनपते हुए देखते हैं, परंतु गहरे समुद्र में भी ठंडे पानी के कोरल पाए जाते हैं, जो हजारों वर्षों तक जीवित रह सकते हैं। ए कोरल संरचनाएं अत्यंत धीमी गति से बढ़ती हैं, इसलिए यदि इन्हें कोई क्षति पहुंचती है तो उनका पुनर्निर्माण बहुत लंबा समय लेता है। नई प्रजातियों की खोज ने यह स्पष्ट किया है कि गहरे समुद्र का पारिस्थितिकी तंत्र उतना ही समृद्ध और जटिल है जितना कि स्थल पर स्थित वर्षावन। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू औषधीय अनुसंधान से भी जुड़ा है। समुद्री जीवों में पाए जाने वाले रासायनिक यौगिक कई बार औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। पहले भी समुद्री स्पंज और अन्य जीवों से कैंसर रोधी तथा संक्रमण-रोधी दवाओं के लिए प्रेरणा मिली है। अब जब सैकड़ों नई प्रजातियां सामने आई हैं, तो संभावना है कि इनमें से कुछ भविष्य की दवाओं के विकास में सहायक सिद्ध हों। इस प्रकार समुद्री जैव विविधता का संरक्षण मानव स्वास्थ्य के लिए भी अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण है।

वैज्ञानिकों ने यह भी रेखांकित किया है कि समुद्र की गहराइयों का अध्ययन जलवायु परिवर्तन को समझने में सहायक हो सकता है। समुद्री तल पर जमा अवसाद और वहां रहने वाले सूक्ष्म जीव पृथ्वी के जलवायु इतिहास का रिकॉर्ड संजोए रखते हैं। इनके अध्ययन से यह जाना जा सकता है कि अतीत में पृथ्वी का तापमान कैसे बदलता रहा और समुद्री जीवन ने उन परिवर्तनों के साथ कैसे अनुकूलन किया। यह ज्ञान भविष्य में संभावित जलवायु परिवर्तनों की भविष्यवाणी करने में सहायक हो सकता है। प्रशांत महासागर के समुद्री तल की यह खोज हमें यह भी याद दिलाती है कि मानव ज्ञान अभी भी सीमित है। अंतरिक्ष की खोज जितनी रोमांचक है, उतनी ही रहस्यमई हमारे अपने ग्रह की गहराइयां भी हैं।

समुद्र की अंधेरी, ठंडी और उच्च-दबाव वाली दुनिया में जीवन की इतनी विविधता का मिलना इस बात का प्रमाण है कि प्रकृति कितनी सृजनशील और अनुकूलनशील है। यह खोज वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और आम जनता सभी के लिए एक संदेश है कि हमें महासागरों के संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। आज जब विश्वभर में समुद्री संसाधनों के दोहन की होड़ लगी हुई है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करें। यदि गहरे समुद्र में खनन की अनुमति दी जाती है, तो उससे पहले वहां के जैव विविधता का विस्तृत अध्ययन और संरक्षण रणनीतियों का निर्माण अनिवार्य होना चाहिए। लगभग 800 नई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण इस दिशा में पहला कदम है, परंतु यह यात्रा अभी लंबी है। आने वाले वर्षों में और भी अनगिनत खोजें सामने आ सकती हैं, जो हमें जीवन के मूलभूत प्रश्नों के उत्तर खोजने में सहायता करेंगी। अंततः प्रशांत महासागर की गहराइयों में हुई यह खोज मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक समर्पण का परिणाम है। यह हमें सिखाती है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, जीवन अपना रास्ता खोज लेता है। यह खोज न केवल विज्ञान की जीत है, बल्कि प्रकृति की अदम्य शक्ति और विविधता का उत्सव भी है। महासागरों के संरक्षण और सतत उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में यह उपलब्धि एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है, और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी बनेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इनसेक्ट्स के लिए घातक हर वक्त रोशनी

**कीटों का प्रकाश की ओर आकर्षण अब तक एक रहस्य है किंतु हमें समझना होगा कि कीट-पतंगे मिट्टी को उपजाऊ बनाने में, परागण में व खाद्य उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मल एवं लाशों का सफाया करने में भी कीटों का बड़ा योगदान है। हम कई मामलों में इनकी 9 लाख प्रजातियों पर निर्भर हैं। इसलिए इन्हें बचाने के लिए हमें कृत्रिम प्रकाश का उपयोग कम करके अन्य विकल्प खोजने होंगे।**

जंतु जगत के संघ आर्थोपोडा के वर्ग इंसेक्टा में विचित्र प्रकार के कीट शामिल हैं और उनके क्रियाकलाप भी विचित्र होते हैं। इसलिए इन कीटों का अध्ययन, शोध और इनके रहस्यमय जीवन की जानकारियां पाना अत्यधिक रूचिकर व मजेदार होता है। सामान्यतः जंतु और पौधे प्रकाश के प्रति प्रतिक्रिया देते हैं। पौधों में प्रकाशानुवर्तन और गुरुत्वानुवर्तन के गुण विद्यमान हैं। कीटों में भी प्रकाशानुवर्तन होता है। प्रकाशानुवर्तन में कीट प्रकाश स्रोत की ओर गमन करते हैं। यह प्रवृत्ति धनात्मक प्रकाशानुवर्तन कहलाती है। कीटों का प्रकाश के प्रति आकर्षण भिन्न-भिन्न होता है। कॉकरोच Periplaneta americana रोशनी से दूर अंधेरे की तरफ भागते हैं। इस प्रवृत्ति को ऋणात्मक प्रकाशानुवर्तन कहते हैं। कई कीट-पतंगे प्रकाश स्रोत से आकर्षित होकर इनके करीब आते हैं। उदाहरण के लिए, बारिश के मौसम में जलते हुए बल्ब के चारों तरफ हमें ढेरों कीट-पतंगों के झुंड देखने को मिलते हैं। कीट-पतंगे रोशनी के स्रोत के इर्द-गिर्द भिनभिनाते रहते हैं और अंत में प्रकाश स्रोत से टकराकर उसकी गर्मी से मर जाते हैं।

वैज्ञानिकों ने इनकी इस प्रवृत्ति पर कई शोध किए हैं और तर्क, अवधारणाएं व सिद्धांत दिए हैं किंतु पूरी तरह से सटीक रूप से आज भी इसका जवाब विवादास्पद है। बायोलोजिकल कंजर्वेशन में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 30 में से 10 कीट बल्ब को चांद समझकर रात भर बल्ब के चक्कर लगाते हैं व सुबह तक मर जाते हैं। एक प्रसिद्ध परिकल्पना के अनुसार जब पूर्व में कृत्रिम प्रकाश स्रोत नहीं थे, तब कीट पतंगे



चांद का अनुगमन किया करते होंगे ताकि वे अपनी दिशा का निर्धारण कर सकें। चूंकि चांद से इनकी दूरी बहुत अधिक है इसलिए इनके द्वारा गति करने पर बनाया गया कोण हमेशा ही एक समान बना रहेगा, लेकिन अब कृत्रिम प्रकाश स्रोत के होने से उन्हें यह आभास होने लगा कि चांद धरती पर आ गया है। इस परिकल्पना के मुताबिक वे अपने और कृत्रिम प्रकाश स्रोत (जिसे वे चांद समझ रहे हैं) के बीच समान कोण बनाए रखना चाहते हैं, किंतु प्रकाश स्रोत करीब होने से ऐसा संभव नहीं हो पाता और वे उसी से टकराकर मर जाते हैं। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि केवल नर कीट ही प्रकाश की ओर आकर्षित होते हैं जबकि मादा नहीं। ज्ञात हुआ है कि नर कीट-पतंगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मादा कीट-पतंगे विशेष प्रकार की गंध छोड़ते हैं। यह गंध वैसी ही होती है जैसी गंध जलते हुए प्रकाश स्रोत से निकलती है। इस कारण से नर कीट को आभास होता है कि वहां कोई मादा है और वह उसकी खोज में प्रकाश के करीब पहुंच जाते हैं एवं प्रकाश स्रोत से टकराकर मर जाते हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार 60 प्रतिशत कीटों को कृत्रिम प्रकाश में दिखना भी बंद हो जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि कीट-पतंगे रोशनी के संपर्क में आने के बाद जब उससे दूर होते हैं तब इन्हें करीब आधे घंटे तक कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस वजह से अंधेपन से बचने के लिए वे प्रकाश स्रोत के चारों ओर मंडराते रहते हैं। जब अचानक से ये स्रोत के बहुत करीब पहुंचकर उससे टकराते हैं तब उसकी गर्मी से इनकी मौत हो जाती है। परीक्षणों द्वारा यह भी पता चला है कि कुछ मादा पतंगे अपने शरीर से अवरक्त प्रकाश (इंफ्रारेड) उत्पन्न करती हैं जिससे नर पतंगे आकर्षित होते हैं। ठीक उसी तरह का अवरक्त प्रकाश आग या जलती हुई चीजों से उत्पन्न होता है जिससे नर पतंगे आकर्षित होते हैं। यही कारण है की कीट-पतंगे प्रकाश स्रोत के आसपास मंडराते रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक जर्मनी में गाड़ियों की हेडलाइट से सालाना करीब 120 करोड़ से ज्यादा कीट मारे जाते हैं। रात में कीट सफेद व पीले रंग के कपड़ों में चिपकने लगते हैं क्योंकि इन्हें पराबैंगनी प्रकाश और कम तरंग दैर्घ्य के रंग अत्यधिक आकर्षित करते हैं। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यह प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदी होते हैं। स्पष्ट है कि अब तक कीटों के प्रकाश के प्रति आकर्षण के बारे में वैज्ञानिकों द्वारा कोई ठोस व एकमेव सिद्धांत नहीं दिया गया है। **...साभार**

# वर्ल्ड रेडियो डे : एक दौर था जब रेडियो का हर कोई दीवाना था



राधा नामदेव

राधा नामदेव के नाम से मुझे रेडियो से पहचान मिली है और मैं एक व्यवसाई महिला हूं और रेडियो मेरा जीवन साथी 1985 से मैं 8 साल की उम्र से रेडियो सुनती आ रही हूं या यूं कहें मेरी जिंदगी में एक अहम भूमिका रेडियो ने निभाई है। विश्व रेडियो दिवस के विषय में बहुत लिखने का मन है, रेडियो दिवस की अधिकारिक घोषणा 2011 में की गई थी और 2012में 13 फरवरी को पहली बार विश्व रेडियो दिवस मनाया गया, तब से हम रेडियो प्रेमी हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाते आ रहे हैं, रेडियो दिवस हमारे लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है।

रेडियो का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है हम सभी रेडियो प्रेमी एक परिवार की तरह रहते हैं। रेडियो 90के दशकों में जितना दुर्लभ था। आज के टाइम में उतना ही आसान है। वो वक्त था जब हम रेडियो सिर्फ घर में ही सुन सकते थे आज के टाइम में हम रेडियो हर वक्त अपनी जेब में रखते हैं और कोई प्रोग्राम नहीं छूटता। बड़ा ही सरल है आज के टाइम में



रेडियो सुनना महत्वपूर्ण जानकारियां, समाचार गीत संगीत का एक ऐसा भंडार जो आज भी लोगों के दिलों पर राज करता है। एक बार फिर से विश्व रेडियो दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## सितारों ने रूपहले पर्दे पर दी रेडियो को आवाज



**मुंबई।** बॉलीवुड के कई सितारों ने रूपहले पर्दे पर रेडियो को आवाज़ दी है। हर साल 13 फरवरी को वर्ल्ड रेडियो डे मनाया जाता है। रेडियो आज भी ऐसा माध्यम है जो दूरियों को मिटाता है, लोगों को जोड़ता है और भावनाओं को आवाज़ देता है। पॉडकास्ट और डिजिटल प्लेटफॉर्म से बहुत पहले, रेडियो ही बातचीत, संगीत और खबरों का सबसे भरोसेमंद ज़रिया था। बॉलीवुड ने रेडियो को हमेशा सिर्फ़ एक पेशे के रूप में नही, बल्कि लोगों को जोड़ने वाले एक भावनात्मक सहारे के रूप में दिखाया है। सिर्फ यही नही, हिदी फिल्मों ने रेडियो के इस असर को कई यादगार किरदारों के ज़रिए भी दिखाया है। सलाम नमस्ते 2005 में प्रीति जिंटा ने रेडियो जॉकी अम्बर एम्बी मल्होत्रा का किरदार निभाया था। यह किरदार आत्मनिर्भर, बेबाक और मॉडर्न था। उस समय जब एफएम रेडियो युवाओं में लोकप्रिय हो रहा था, एम्बी ने दिखाया कि आरजे सिर्फ़ गाने नहीं बजाते, बल्कि श्रोताओं के दोस्त भी होते हैं। लगे रहो मुन्नाभाई 2006 में विद्या बालन यानी जान्हवी एक रेडियो शो होस्ट थी, जो अपने शो के ज़रिए गांधीजी के विचार आम लोगों तक पहुंचाती हैं। इस फिल्म ने दिखाया था कि रेडियो कैसे समाज में सकारात्मक सोच और बदलाव ला सकता है। लगे रहो मुन्नाभाई में संजय दत्त का किरदार रेडियो जॉकी नहीं था, लेकिन रेडियो की भूमिका कहानी में बहुत अहम थी। रेडियो के ज़रिए गांधीगिरी लोगों तक पहुंची और यह साबित हुआ कि यह माध्यम किसी की भी सोच को प्रभावित करने की जबरदस्त ताक़त रखता है। गुजारिश 2010 ऋतिक रोशन ने ईथन मैस्करेनहास का किरदार निभाया था, जो हादसे के बाद रेडियो जॉकी बन जाता है। उनका लेट-नाइट शो भावनाओं और शायरी से भरा होता है। यह किरदार दिखाता है कि रेडियो आवाज़ के ज़रिए दिलों से कैसे जुड़ता है। तुम्हारी सुलु 2017 में विद्या बालन एक साधारण गृहिणी सुलु के रूप में नज़र आती हैं, जो लेट-नाइट रेडियो जॉकी बन जाती है। उनका किरदार रेडियो की सादगी और अपनापन दिखाता है, जहां श्रोता खुलकर अपनी बातें साझा करते हैं।



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दौरान प्रदर्शन करते कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा व अन्य विपक्षी सांसद।

## दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय में गोलीबारी, दो की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय के परिसर में हुई गोलीबारी की एक घटना में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। 'फॉक्स न्यूज' ने शुक्रवार को यह जानकारी साझा की। यह घटना गुरुवार शाम 'ह्यूजाइन सूट्स' छात्र आवासीय परिसर में हुई। घटना के बाद विश्वविद्यालय ने परिसर में 'लॉकडाउन' लागू कर दिया है। दक्षिण कैरोलिना कानून अनुपालन विभाग इस मामले की जांच कर रहा है।

## भारतीय वायुसेना ने थाईलैंड वायु सेना के साथ अभ्यास में साझा किए रणकौशल के गुर

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में थाईलैंड की वायु सेना रॉयल थाई वायुसेना के साथ तीन दिन तक एक अभ्यास में हिस्सा लिया जिससे दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग सुदृढ़ हुआ और पारस्परिक समझ में वृद्धि हुई। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 9 से 12 फरवरी तक हुए इस युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास में द्विपक्षीय सहभागिता पर जोर दिया गया। अभ्यास में भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 बहुउद्देश्ईय लड़ाकू विमान और रॉयल थाई वायुसेना के साब ग्रिपेन जेट ने अपने रण कौशल का प्रदर्शन किया। समुद्री क्षेत्र के उपर वायु सेना के विमानों की विस्तारित दूरी की उड़ानों के लिए आईएल-78 आकाश में ईंधन भरने वाले टैंकरों द्वारा सहायता प्रदान की गई।

# इमरान की एक आंख की 85 प्रतिशत रोशनी खत्म

## कोर्ट के ऑर्डर पर हुई जांच, पूर्व पाक पीएम इमरान बोले: प्राइवेट इलाज की इजाजत नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की एक आंख की करीब 85 प्रतिशत रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे।

अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई। जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया। डाक्टरों ने पाया कि उनकी आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ। इलाज और इंजेक्शन देने के बाद भी उनकी दाईं आंख में अब सिर्फ लगभग 15 प्रतिशत रोशनी बची है। वहीं इमरान का कहना है उन्हें निजी डाक्टर से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई है। इमरान खान को अगस्त 2023 में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वे तब

■ अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई



से जेल में बंद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर 2023 से इमरान खान को अडियाला जेल में लगातार अलग-थलग रखा गया है। उनके वकील ने मुलाकात के बाद बताया कि वो काफी परेशान और मानसिक रूप से दबाव में नजर आए। 73 साल के इमरान खान ने यह भी कहा कि उन्हें अपने निजी डाक्टरों से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई। उनका रेगुलर ब्लड टेस्ट भी नहीं हुआ। यहां तक कि दो साल में उन्हें दांतों के डाक्टर के पास भी नहीं ले जाया गया, जबकि उन्होंने कई बार इसकी मांग की थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उनके परिवार और वकीलों से मिलने पर भी पाबंदियां लगाई गईं। अदालत के आदेश के बावजूद उनकी बहनों को नियमित रूप से मिलने नहीं दिया गया। हालांकि हाल ही में जेल प्रशासन बदलने के बाद अब उन्हें अपनी पत्नी से हफ्ते में एक बार 30 मिनट मिलने की इजाजत मिली है। उनके बेटों कासिम और सुलेमान से 2025 में सिर्फ दो बार फोन पर बात करने दी गई। पिछले पांच महीनों से उन्हें अपने मुख्य वकील और कानूनी टीम से भी मिलने नहीं दिया गया। रिपोर्ट के अंत में चेतावनी दी गई है कि अगर तुरंत बेहतर मेडिकल जांच, साथ ही परिवार और वकीलों से मिलने की सुविधा बहाल नहीं की गई, तो उनकी सेहत को और गंभीर खतरा हो सकता है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने पिछले महीने बताया था कि इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्लूजन (सीआरवीओ) नाम की बीमारी पाई गई है। पार्टी ने कहा था कि मेडिकल एक्सपर्ट्स की राय में सही इलाज नहीं मिलने पर इमरान की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है।

# बांग्लादेश में दो दशक बाद बीएनपी की बड़ी जीत

## बीएनपी + गठबंधन ने 299 में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए 150 के आंकड़े को पार किया

■ जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक की गणना में 77 सीटें मिली हैं

■ हिंदू वोट बीएनपी को मिले बीएनपी ने मोदी को धन्यवाद कहा रिश्ते मजबूत करने की उम्मीद जताई

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं। बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार



गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के वोट खासकर हिंदू वोटर बीएनपी में शिफ्ट हो गए। बीएनपी को अवामी लीग के गढ़ रहे गोपालगंज के अलावा खुलना, सिलहट, चटगांव, ठाकुरगंज में जीत मिली है।

जमात का अतीत आड़े आ गया, लोगों को याद रहा कि उसने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का विरोध किया था। जमात इस दाग को नहीं धो पाई। स्टूडेंट्स की नेशनल सिटीजन पार्टी को आपसी फूट और जमात से गठबंधन करना भारी पड़ा। उन्हें लोगों ने पूरी तरह खारिज कर दिया। बांग्लादेश में वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए। गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। बीएनपी ने पीएम मोदी के बधाई पोस्ट का जवाब दिया। बीएनपी के चुनाव प्रबंधन कमिटी के चेयरमैन नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि हम भी मोदी जी का धन्यवाद देते हैं। हमारा मानना है कि तारिक रहमान के नेतृत्व में दोनों देशों के रिश्ते और लोगों के बीच का बंधन और मजबूत होगा। चीन ने बांग्लादेश में हुए सफल और शांतिपूर्ण आम चुनाव की तारीफ की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव ठीक तरह से हुए और बीएनपी को बहुमत मिला है। उन्होंने कहा कि चीन, बांग्लादेश के घरेलू राजनीतिक फैसलों का समर्थन करता है और ढाका के साथ मिलकर चीन-बांग्लादेश रणनीतिक सहयोग साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तैयार है। इससे पहले मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने चीन के साथ रिश्ते मजबूत करने और ज्यादा निवेश लाने की कोशिश की थी। अब बीएनपी की सरकार से भी उम्मीद है कि वह चीन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखेगी, क्योंकि चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। देश के इतिहास में चौथे जनमत संग्रह में 60.26 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 48074429 वोट हां के पक्ष में पड़े, जबकि 22565627 वोट नहीं के पक्ष में पड़े। गुरुवार को 13वें संसदीय चुनाव के साथ आयोजित जनमत संग्रह में कुल 70640056 लोगों ने मतदान किया। यह परिणाम जुलाई के राष्ट्रीय चार्टर में शामिल संवैधानिक सुधार के 48 बिंदुओं को लागू करने के लिए जनता की सहमति को दर्शाता है।

### बांग्लादेश के साथ मिलकर काम करने का उत्सुक: शहबाज

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को प्रचंड बहुमत मिला है। 300 सीटों में 200 से ज्यादा सीटें जीतकर बीएनपी सत्ता में आ रही है। ऐसे में तारिक रहमान प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। इस बीच भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी बीएनपी की जीत पर बधाई दी है। पाकिस्तान के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने शुक्रवार को बीएनपी और पार्टी नेता तारिक रहमान को संसदीय चुनावों में भारी बहुमत हासिल करने पर बधाई दी। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपने एक बयान में बांग्लादेश की संप्रभुता और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के लिए इस्लामाबाद के समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान व्यापार, रक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने के लिए नई सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ढाका में नया राजनीतिक वातावरण पूरे क्षेत्र में अधिक संतुलित, स्वतंत्र और पारस्परिक रूप से सम्मानजनक जुड़ाव में योगदान देगा। इसी के साथ बांग्लादेश की निरंतर स्थिरता, प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी बीएनपी को 'शानदार जीत' दिलाने पर तारिक रहमान को बधाई भी दी।

## ढाका-3 से अल्पसंख्यक हिंदू नेता गायेश्वर राय जीते

**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से आने वाले गायेश्वर चंद्र राय ने ढाका-3 संसदीय सीट पर प्रभावशाली जीत दर्ज की है।

■ राय ने 99163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को पराजित किया

राय ने 99163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को पराजित किया। शाहिनुर इस्लाम जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार थे। यह जीत 1971 में स्वतंत्रता के बाद ढाका से चुने गए पहले हिंदू सांसद के रूप में दर्ज की गई है। राय की जीत ऐसे समय में आई है जब देश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित हमलों और उत्पीड़न की खबरें सामने आती रही हैं। दिसंबर में कट्टरपंथी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद कई स्थानों पर तनाव की स्थिति बनी थी। भारत ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। ऐसे माहौल में एक हिंदू नेता का राजधानी क्षेत्र से जीतना राजनीतिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बदलाव की संभावना का प्रतिनिधित्व करते तारिक रहमान

**नई दिल्ली।** लंदन में 17 साल के स्व-निर्वासन से लौटने के लगभग दो महीने बाद सभी उम्मीदों को धता बताते हुए तारिक रहमान ने बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को एक निर्णायक जीत दिलाई है। इस शानदार जीत में बीएनपी ने दो-तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा किया और अवामी लीग पर लगे विवादास्पद प्रतिबंध के बाद बने शून्य को भर दिया। इस जीत ने शासन का कोई पिछला अनुभव न रखने वाले व्यक्ति को 17 करोड़ लोगों के राष्ट्र के प्रमुख के पद पर पहुंचा दिया है। विरासत की राजनीति के अभ्यस्त इस देश में, रहमान का उत्थान अपरिहार्य और असंभव दोनों ही महसूस हुआ। वह जियाउर रहमान के सबसे बड़े बेटे हैं, वही पूर्व सैन्य अधिकारी जिन्होंने 1971 में बंगलादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की थी।

## भारत जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पिछड़ने वाला देश नहीं: डा. जितेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिह ने जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र को नई गति देने के उद्देश्य से एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार पहल के तहत दो हजार करोड़ रुपये के बीआईआरएसी-आरडीआई फंड की पहली राष्ट्रीय घोषणा की। डॉ. जितेंद्र सिह ने आज यहां इसकी घोषणा करते हुए कहा कि भारत अब जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पिछड़ने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ चुका है। यह पहल विज्ञान-आधारित विकास की दिशा में भारत के दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला से उद्योग तक के अंतर को पाटने के लिए यह फंड एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

## सोवियत युग के आलोचक राय मेदवेदेव का निधन

**मास्को।** सोवियत युग के प्रमुख आलोचक और लेखक राय मेदवेदेव का शुक्रवार को 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया, इसकी जानकारी रूस के राज्य मीडिया ने दी। मेदवेदेव स्टालिन और बाद के सोवियत नेताओं की नीतियों के आलोचक के रूप में जाने जाते थे।

मेदवेदेव ने सोवियत युनियन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएसयू) द्वारा अपनाई गई मार्क्सवादी नीतियों की आलोचना की। उनकी किताब 'लेट हिस्ट्री जज' के पश्चिम में प्रकाशित होने के बाद उन्हें 1969 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। उनके पिता अलेक्जेंडर, जो रेड आर्मी में कमिसर थे, स्टालिन की शुद्धिकरण नीतियों के दौरान गिरफ्तार हुए और जीयूएलएजी श्रम शिविर में मृत्यु हो गई। मेडवेदेव का नाम उनके पिता ने भारतीय कम्युनिस्ट नेता एम एन राय के नाम पर रखा था। 1960 के दशक में सोवियत बुद्धिजीवियों में उदित हुए सुधारवादी समाजवाद के विचारों को उनके कार्यों में देखा जा सकता है। 1970 में, उन्होंने एंड्रेई सखारोव और अन्य के साथ मिलकर सोवियत नेतृत्व को खुला पत्र लिखा। मेदवेदेव ने अपने जुड़वां भाई झोरेस के साथ मिलकर लिखी किताब 'ए क्वेश्चन आफ मैडनेस' में झोरेस के कालुगा मनोवैज्ञानिक अस्पताल में अनैच्छिक बंदीकरण का वर्णन किया। 1989 में, मिखाइल गोर्बाचेव की पेरिस्ट्रोइका और ग्लासनास्ट सुधारों के दौरान मेदवेदेव ने कम्युनिस्ट पार्टी में फिर से प्रवेश किया।

## मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित चार प्रांतों को आपदा क्षेत्र किया घोषित

**काहिरा।** मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम (32.79 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निकाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार बारिश और बाढ़ से 110000 हेक्टेयर से अधिक का क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

# चीनी प्रभुत्व को रोकने को मजबूत भारत जरूरी: कपूर

## दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान टिप्पणी की

**वाशिंगटन।** दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है।

मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। संसदीय सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर व्यापक सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव और राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद गहराई से विभाजित नजर आए। कपूर ने स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन और संप्रभुता बनाए रखना है। सुनवाई के दौरान व्यापार, कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे। सांसदों ने इस पर बहस की कि अमेरिका को चीन के प्रभाव का मुकाबला



■ सुनवाई के दौरान व्यापार कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे

कैसे करना चाहिए और दक्षिण एवं मध्य एशिया में तेजी से बदलते राजनीतिक बदलावों पर क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए। सत्र की शुरुआत करते हुए अध्यक्ष और प्रतिनिधि बिल हुइजेंगा ने कहा कि दक्षिण और मध्य एशिया उपसमिति की कार्यवाही शुरू की जाती है। इस सुनवाई का उद्देश्य दक्षिण मध्य एशिया में अमेरिका की विदेश नीति की जांच करना है। उन्होंने इस क्षेत्र को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक बताया और कहा कि वहां अमेरिकी रणनीति अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और हमारी वैश्विक उपस्थिति की कुंजी है। हुइजेंगा ने कहा कि दक्षिण और मध्य एशिया लगभग दो अरब लोगों, गतिशील अर्थव्यवस्थाओं और रणनीतिक जलमार्गों का घर है जो भारत-प्रशांत में शक्ति संतुलन को आकार देते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि हमारा जुड़ाव आने वाले दशकों के लिए एशिया में अमेरिका की भूमिका को परिभाषित करेगा। अध्यक्ष ने आगाह किया कि चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड' पहल के माध्यम से अपने सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने के लिए 'दमनकारी ऋण' देता है और छोटे देशों को कर्ज के जाल में फंसाता है।' उन्होंने यह भी कहा कि चीन ने अपनी सैन्य आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करते हुए भारत, नेपाल और भूटान के साथ अपनी सीमाओं को मजबूत किया है।

# ट्रम्प ने दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा

## ईरान से तनाव के बीच अमेरिका की बड़ी तैयारी, नए फैसले ने दोनों देशों के बीच कड़वाहट बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक नए फैसले ने दोनों देशों के बीच इस कड़वाहट को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

दरअसल ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े विमानवाहक पोत 'यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड' को कैरेबियन सागर से हटाकर मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) भेजने का आदेश दिया है। यह मिडिल ईस्ट में तैनात होने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा विमानवाहक पोत होगा। इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। इस खबर को सबसे पहले द



■ इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है

न्यूयार्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया था। ट्रम्प के इस फैसले के बाद अब मध्य पूर्व के इलाके में अमेरिका के दो बड़े विमानवाहक पोत और उनके साथ चलने वाले वारशिप इस इलाके में पहुंच जाएंगे। ट्रम्प प्रशासन इस कदम के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाना चाहता है। सैन्य गतिविधियों की जानकारी देने वाले व्यक्ति ने अपनी पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह बातें साझा की हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन और तीन मिसाइल वाले विध्वंसक जहाज (डिस्ट्रायर) दो हफ्ते पहले ही मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं। यूएसएस फोर्ड के लिए यह एक अचानक बदलाव है। पिछले साल अक्टूबर में ट्रम्प ने इसे भूमध्य सागर से कैरेबियन भेजा था। उस समय वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए वहां बड़ी सैन्य मौजूदगी तैयार की गई थी। यह कदम ट्रम्प की उस सुरक्षा रणनीति से अलग नजर आता है, जिसमें उन्होंने दुनिया के दूसरे हिस्सों के बजाय पश्चिमी गोलार्ध पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही थी। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रम्प ने एक्सियोस को बताया था कि वह मध्य पूर्व में एक और युद्धपोत भेजने के बारे में सोच रहे हैं। फिलहाल व्हाइट हाउस ने इस मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा, स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के कारण 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार में उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बदलाव है।



